www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 29 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक -23 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर चुनाव न... 02
■ दिल्ली में प्रत्याशी नहीं बदलेगी कांग्रेस
■ दुनिया में वही लोग सफल हैं जो जनसेवा में लगे ... 03
■ रूस-यूक्रेन ने एक-दूसरे पर ड्रोनों से हमले करने के ...
■ आज से सऊदी दौरे पर ब्लिंकन 07
इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए प्रचार को उतरे ... 10

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ओडिशा में किया चुनाव प्रचार

# बीजद, भाजपा की सांठगांठ में लूट की छूट

**केंद्रपाड़ा,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को ओडिशा में चुनाव प्रचार करते हुए नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजद सरकार और विपक्षी भाजपा पर निजी लाभ व जनता को बेवकूफ बनाने के लिए एक-दूसरे से मिलीभगत का आरोप लगाया। दोनों की शादी हो रही है। दोनों ने मिलकर जतना को सिर्फ चूना लगाया है। राहुल ने दावा किया कि सत्तारूढ़ बीजद ने मुख्य विपक्षी दल भाजपा के साथ गुप्त समझौता किया है, दोनों का लक्ष्य कुछ चुनिंदा कॉर्पोरेट्स को फायदा पहुंचाना है।

कटक के सालेपुर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए, राहुल ने आरोप लगाया कि नवीन पटनायक सरकार भाजपा के साथ सांठगांठ कर विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के संसाधनों की लूट की सुविधा दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई तो लूटा गया धन राज्यवासियों को वापस कर दिया जाएगा। लोगों की तालियों के बीच राहुल ने कहा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक 'कुछ चुनिंदा लोगों' के लिए सरकार चला रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अरबपतियों के लिए सरकार चला रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि नवीन पटनायक मुख्यमंत्री हैं, लेकिन राज्य सरकार उनके सहयोगी वीके पांडियन चला रहे हैं। गांधी ने ओडिशा के सीएम पर तंज करते हुए कहा, दिल्ली के अंकलजी (पीएम मोदी का जिक्र करते हुए) और नवीन पटनायक ने ओडिशा के लोगों को पान (पांडियन, अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नवीन पटनायक) की पेशकश की।

### कहा, दोनों कुछ कॉर्पोरेट्स को पहुंचा रहे फायदा

### बीजद, भाजपा मिलकर जनता को लगा रही चूना



यदि कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई तो लूटा गया धन राज्यवासियों को वापस कर दिया जाएगा : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### 500 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे

राहुल ने भीड़ से यह भी वादा किया कि अगर कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई तो महिलाओं के बैंक खाते में प्रति माह 2000 रुपए जमा किए जाएंगे, बेरोजगार युवाओं के खाते में 3000 रुपए जमा किए जाएंगे और 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी। जनता को 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की कई न्याय योजनाओं के बारे में भी बताया और कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो इससे आम नागरिकों को फायदा होगा।

पीएम मोदी का राहुल गांधी पर हमला

## शहजादे ने राजा-महाराजाओं का अपमान किया



***बेलगावी (कर्नाटक)।*** *राहुल गांधी की हालिया टिप्पणी कि राजा-महाराजा जमीन हड़पने वाले हुआ करते थे, को लेकर उन पर कड़ा प्रहार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां रविवार को कांग्रेस नेता पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और अत्याचारों को भूलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब जैसे लोगों ने सैकड़ों मंदिरों को नष्ट कर दिया। पीएम मोदी ने कर्नाटक के बेलगावी में एक विशाल सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस के शहजादा कहते हैं कि भारत के राजा-महाराजा अत्याचारी थे, उन्होंने गरीबों की जमीन छीन ली। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जैसी हस्तियों का अपमान किया। उनका शासन, उनकी देशभक्ति आज भी हम सभी को प्रेरित करती है।*

आरक्षण पर सियासत गरमाई

# बचाव में उतरे भागवत आरक्षण का विरोध नहीं किया



**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव में पहले दो चरणों की वोटिंग हो चुकी है। पांच चरण अभी बाकी हैं। इस बीच आरक्षण के मुद्दे पर सियासत गरमा गई है। विपक्षी दल जहां आरोप लगा रहे हैं कि एनडीए की सरकार बनने पर आरक्षण खत्म हो जाएगा। इसके बाद देश बाबा साहेब के संविधान से नहीं बल्कि आरएसएस के संविधान से चलेगा। वहीं सत्ता पक्ष का कहना है कि विपक्ष का मकसद एससी, एसटी और ओबीसी से उनके अधिकार छीनना है। विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच आरक्षण को लेकर चल रही बयानबाजी पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघ ने कभी भी कुछ खास वर्गों को मिलने वाले आरक्षण पर विरोध नहीं जताया। हैदराबाद के एक शैक्षणिक संस्थान के प्रोग्राम में भागवत ने कहा कि संघ का यह मानना है कि जब तक जरूरत है आरक्षण जारी रहना चाहिए। संघ प्रमुख ने कहा कि मेरे यहां आने पर एक वीडियो वायरल किया जा रहा था कि आरएसएस आरक्षण के खिलाफ है। यह पूरी तरह से झूठ है। संघ शुरुआत से ही संविधान के मुताबिक सभी आरक्षणों का समर्थन करता है।

### प्रमोद कृष्णम का वीडियो वायरल हुआ

सोशल मीडिया पर पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम का एक वीडियो शेयर किया जा रहा है। जिसमें वे आरक्षण हटाने की बात करते दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद प्रमोद कृष्णम ने कहा, वह वीडियो एक साल पुराना 24 सितंबर 2023 का है। भाषण भी आधा है, अब कांग्रेस के मैनेजर इस पर ट्वीट कर रहे हैं, बयान दे रहे हैं।

## सार संक्षेप

### 'पद से इस्तीफा दिया पार्टी से नहीं, किसी पार्टी में शामिल नहीं हूंगा'



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंद सिंह लवली ने घर के बाहर प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि मैंने सिर्फ अध्यक्ष पद छोड़ा है। अभी पार्टी नहीं छोड़ी है। किसी पार्टी में शामिल नहीं हूंगा। साथ ही कहा कि पीड़ा के चलते अध्यक्ष पद छोड़ा है। अभी कार्यकर्ताओं से बात करूंगा। टिकट को लेकर इस्तीफे की बात गलत है। उनके साथ कांग्रेस नेता राजकुमार चौहान एवं नसीब सिंह भी मौजूद रहे।

### गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर आज सुनवाई




**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ़्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित विवरण के अनुसार, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ 29 अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगी।

### 80 मार्गों पर रोज चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे अगले तीन साल के भीतर राजधानी दिल्ली से बिहार समेत पूर्वी भारत के करीब 80 मार्गों पर प्रतिदिन कम से कम एक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन करने लगेगी जिससे अल्प आय वर्ग के यात्रियों को तेजगति से आरामदेह यात्रा की सुविधा मिलेगी और अन्य गाड़ियों पर उनकी निर्भरता भी घटेगी।

### मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी की घटना एक की मौत



**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले के कांगचुप हिल रेंज में दो गुटों के बीच शनिवार रात से शुरू हुई गोलीबारी रविवार सुबह भी जारी है। इसमें 1 विलेज वॉलंटियर की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि एक गुट के 12 लोगों ने पहाड़ी इलाके से एक साथ गांव पर ओपन फायरिंग की। उन्होंने मोर्टार भी दागे। जवाब में गांववालों ने भी फायरिंग की। पुलिस अधिकारी ने कहा- कॉर्तुक गांव में गोलीबारी के बाद आसपास के गांव में भी फायरिंग हुई।

### अकादमी वृत्तचित्र को मणिपुरी राज्य फिल्म पुरस्कार

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र 'खुमन प्रकाश सिंह' को वर्ष 2023 के लिए 'सर्वश्रेष्ठ जीवनी, कला और संस्कृति फिल्म' श्रेणी के अंतर्गत 15वें मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया है। 15 वें मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कार का वितरण मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने इंफाल में किया।

# गुजरात के पोरबंदर में 86 किलो ड्रग्स जब्त



■ भारतीय तटरक्षक बल ने 14 लोगों का पकड़ा
■ बाजार में 600 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत

**अहमदाबाद,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय कोस्ट गार्ड ने खुफिया जानकारी के आधार पर समुद्र में एक पाकिस्तानी नाव से 14 चालक दल के लोगों को हिरासत में लिया है।

बोट की तलाशी के दौरान 600 करोड़ रुपए का लगभग 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया गया है। यह ऑपरेशन अंतर-एजेंसी समन्वय के जरिए हुआ है, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी), आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक-दूसरे का सहयोग किया है। ऑपरेशन को प्रभावित करने के लिए भारतीय तटरक्षक बल के जहाजों और विमानों को मिशन पर तैनात किया गया था। आईसीजी जहाज राजरतन, जिस पर एनसीबी और एटीएस अधिकारी सवार थे, उन्होंने संदिग्ध नाव की पहचान होते ही कोस्ट गार्ड को अलर्ट किया।

जिसके बाद नशीली ड्रग्स से लदी बोट को कोस्ट गार्ड ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। पाक नाव को उसके चालक दल सहित पकड़ लिया गया है और आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया जा रहा है। आईसीजी और एटीएस ने संयुक्त प्रयास से पिछले तीन सालों में 11 ऐसे सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया है।

## गोलीबारी के बाद किया आत्मसमर्पण

गुजरात के पुलिस महानिदेशक विकास सहाय ने बताया कि जब हमारा दल मौके पर पहुंचा तो आईसीजी के एक अधिकारी को गोली चलानी पड़ी। इसके बाद नाव के चालक दल के सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया। गोलीबारी में चालक दल के मुखिया के दाहिना हाथ में गोली लग गई। उसका इलाज चल रहा है। चालक दल के सभी सदस्य पाकिस्तान के बलूचिस्तान से हैं।

# चुनाव आयोग ने 'आप' के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाई

## पार्टी ने ईसी पर लगाए आरोप, नेता सांस भी ले तो नोटिस मिल जाता है

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी (आप) के कैंपेन सॉन्ग 'जेल का जवाब, वोट से देंगे' पर रोक लगा दी है। इस पर आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगा दिए हैं। आतिशी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा का राजनीतिक हथियार बन चुकी चुनाव आयोग आप के कैंपेन पर रोक लगाई है। देश के इतिहास में ये पहली बार हुआ है जब इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने प्रचार रोकने के लिए किसी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाई है। उन्होंने कहा कि, ऐसा सिर्फ भाजपा सरकारों में ही विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोका जाता है, कैंपेन सॉन्ग पर रोक के साथ भाजपा का एक और सबूत देश के सामने आ गया है। आतिशी ने कहा कि भाजपा ने अपनी तानाशाही का सबूत देश के सामने रख दिया है। भाजपा को अरविंद केजरीवाल और आप से डर लगता है इसका सबूत उन्होंने देश के सामने रख दिया है। सबसे पहले भाजपा शासित केंद्र सरकार ने एक फर्जी मुकदमे में लोकसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। इसलिए गिरफ्तार कर



देश के इतिहास में ये पहली बार हुआ है जब इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने प्रचार रोकने के लिए किसी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाई है : **आतिशी, आप नेता**

### भाजपा रोज उड़ाती है आचार संहिता की धज्जियां

आतिशी ने कहा कि चुनाव आयोग ने एक पत्र के माध्यम से आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि, वो इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया जिसे भाजपा द्वारा रोज आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जाती है, नहीं देख पाती लेकिन आप नेता सांस भी ले तो नोटिस आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब भाजपा ईडी-सीबीआई का प्रयोग कर आचार संहिता के दौरान विपक्ष के नेताओं को जेल में डालती है तो चुनाव आयोग को कोई आपत्ति नहीं होती है।

# दुनिया में तेजी से बढ़ रही भुखमरी



■ महिलाएं-बच्चे है सबसे ज्यादा प्रभावित
■ पिछले साल कुपोषण की स्थिति बदतर हुई

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोगों ने 2023 में भीषण भूख का सामना किया। यह संख्या 2022 के मुकाबले 2.4 करोड़ अधिक है। ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस के अनुसार, भूखे रहने वालों में बच्चे और महिलाएं सबसे अधिक हैं। 32 देशों में पांच साल से कम उम्र के 3.6 करोड़ से अधिक बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा। इसके चलते गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। 2023 में कुपोषण की स्थिति बदतर हुई। इसके दो कारण थे, पहला-देशों के बीच युद्ध व दूसरा-प्राकृतिक आपदाओं के कारण बढ़ा विस्थापन। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 7,05,000 लोग पांचवे चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है।

### हिंसक संघर्ष है मुख्य वजह

रिपोर्ट के अनुसार, 20 देशों में भूख की मुख्य वजह हिंसक संघर्ष था। इन देशों में लगभग 13 करोड़ 50 लाख लोगों ने गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना किया।

# उन्नाव में सड़क हादसा, 7 की मौत



■ ट्रक ने बस में मारी टक्कर 20 घायल
■ बस का आधा हिस्सा हुआ क्षतिग्रस्त

**उन्नाव,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक हरदोई की ओर जा रही मिनी बस में दाहिनी तरफ से टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में चालक की तरफ का बस का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में चालक सहित सात लोगों की मौत हो गई है। इनमें दो महिलाएं और पांच पुरुष हैं। कई की हालत नाजुक है। हादसे में 20 लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। गंभीर रूप से घायल छह लोगों को कानपुर हैलट और 13 घायलों को उन्नाव जिला अस्पताल रेफर किया गया है। ट्रक हरदोई से उन्नाव की तरफ जा रहा था और मिनी बस उन्नाव से हरदोई जा रही थी। बस के बगल से निकलते समय हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन चालकों ने पहले निकले की होड़ और एक दूसरे को साइड न देने की वजह से हादसा हुआ है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ट्रक को माखी थाना पुलिस ने चालक सहित पकड़ लिया है।

# देवगौड़ा के बेटे-पोते के खिलाफ यौन शोषण का मामला दर्ज

**बेंगुलरु,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना और पोते प्रज्वल रेवन्ना पर रविवार को सेक्शुअल हैरेसमेंट का केस दर्ज हुआ है। ये केस उनकी महिला बावर्ची की शिकायत पर होलेनरसीपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह एचडी रेवन्ना की पत्नी भवानी की रिश्तेदार है। जब उसने रेवन्ना परिवार में खाना बनाने का काम शुरू किया, तो उसके चार महीने बाद रेवन्ना ने उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया था। वहीं, प्रज्वल उसकी बेटी को कॉल करके गंदी बातें करता था। महिला ने अपनी शिकायत में ये भी कहा है कि उसके और उसके परिवार की जिंदगी को खतरा है।

### घर में खाना बनाने वाली महिला ने शिकायत दर्ज कराई

मौसम | *फिर बदलने जा रहा है मौसम का मिजाज*

# उत्तर भारत में जमकर बरसेंगे बादल

**नई दिल्ली, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। बढ़ती गर्मी पर कुछ विराम लगने वाला है। दरअसल उत्तर भारत के कई राज्यों में अगले 12 घंटों के भीतर बारिश होने वाली है। यह बारिश पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू कश्मीर के हिस्सों समेत दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर के कुछ हिस्सों में होगी। दरअसल बदली हुई साइक्लोनिक सर्कुलेशन की परिस्थितियों से कुछ इलाकों में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है।**

मौसम विभाग के मुताबिक इस वजह से इन इलाकों में बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि कुछ राज्यों में तेज बारिश का अनुमान है। इसलिए मौसम विभाग ने किसी भी तरीके के परिस्थितियों से निपटने के लिए के उन राज्यों को आगाह किया है, जहां मौसम बदलने वाला है।

मौसम विभाग के मुताबिक लगातार गर्म हवाओं और बढ़े हुए तापमान के बीच कुछ इलाकों में बारिश की संभावनाएं बन रही हैं। मौसम वैज्ञानिक चक्रेश द्विवेदी कहते हैं कि उत्तर पश्चिम के हिमालयन रीजन में कम दबाव के क्षेत्र बन रहे हैं। इन कम दबाव के क्षेत्र के बनने से कुछ इलाकों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन की परिस्थितियां भी पैदा हो रही हैं। इसमें हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ समेत हिमाचल प्रदेश समेत जम्मू कश्मीर और लद्दाख के कुछ हिस्से शामिल हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 12 घंटों के भीतर कम दबाव के क्षेत्र से बनी हुई साइक्लोनिक सर्कुलेशन की परिस्थितियों से बारिश होगी। इस तरीके का मौसम अगले तीन दिनों तक बने रहने का अनुमान लगाया जा रहा है।



अगले तीन दिनों तक मिल सकती है गर्मी से राहत

### पहाड़ी इलाकों में होगी तेज बारिश

मौसम विभाग के अनुमान मुताबिक जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊपरी हिस्सों में न सिर्फ तेज बारिश होगी, बल्कि ऊपरी इलाकों पर बर्फबारी का भी अनुमान है। जबकि जम्मू कश्मीर और लद्दाख के कुछ हिस्सों में तेज गरज के साथ आंधी तूफान आने का भी अनुमान है। मैदानी और हिमालय इलाकों में तेज हवाओं के चलने का अनुमान है।

# देश

**उवाच**



ज्ञानी मुख्यमंत्री योगी को यह पता नहीं कि भगवान सत्यनारायण की कथा के पश्चात चूरन नहीं प्रसाद वितरित होता है। पवित्र प्रसाद को चूरन कहना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान है।

-शिवपाल सिंह यादव, सपा राष्ट्रीय महासचिव

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 24.0 |
| मुंबई | 349.0 | 30.0 |
| कोलकाता | 40.0 | 30.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 30.0 |

# आरक्षण के नाम पर प्रधानमंत्री कर रहे झूठ का प्रचार : दीपांकर

## संविधान के साथ-साथ लोकतंत्र व साझी विरासत को बचाने पर दिया जोर

**रांची,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भाकपा माले के राष्ट्रिय महासचीव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी आरक्षण के नाम पर झूठ का प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान अभी तक के सबसे कठिनतम चुनावी दौर में है और बाबा साहब अंबेडकर ने जिस जद्दोजेहद और मेहनत से देश का संविधान बनाया आज उसी संविधान को बचाने के लिए जद्दोजेदाद करने की जरूरत है। भट्टाचार्य ने कोडरमा संसदीय क्षेत्र के तिलैया के शिव वाटिका सभागार में अयोजित जिला स्तरीय बूथ कार्यकर्ता कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक हाथ में जीत का सर्टिफिकेट नहीं मिल जाएगा तब तक लड़ना होगा नहीं तो सूरत और चंडीगढ़ के उदाहरण हमारे सामने है।

### झारखंड व बिहार की जनता के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी

भट्टाचार्य ने कहा कि अभी तक देश के भीतर तमिलनाडु ऐसा राज्य है जहां आज तक मोदी लहर में भी भाजपा खाता नहीं खुला है और इस बार भी नहीं खुलेगा। झारखंड और बिहार की जनता के कंधों पर बड़ी ज़िम्मेदाी है। इस बार देश के संविधान के साथ साथ लोकतंत्र और साझी विरासत को बचाना है। विल्किस बनो के बलात्कारियों को संस्कारिक कहकर छोड़ा गया है। संविधान को बदलने की बात कुछ नेताओ के निजी वक्तव्य नहीं है। यही भाजपा का असली



हर बूथ में गठबंधन की एकता दिखे तभी इंडिया जितेगा : दीपांकर भट्टाचार्य

एजेंडा है। हमारे खानपान, रीति रिवाज पहनावे के मुद्दा बनाकर सामाजिक समरसता को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। बिना लड़े अधिकार मिलता नहीं है बिना लड़े आधिकारों की रक्षा भी सम्भव नहीं है।

मोदी ने दस साल में आर्थिक बिस्माता को बढ़ाया है। एक प्रतिशत के पास देश का 40 प्रतिशत संपति जमा है, फूड सेफ्टी भी देश की जनता का हासिल नहीं है। इस देश की आधी आबादी, मजदूर और किसानों का एक एक वोट इंडिया गठबंधन को मिले हर बूथ में इंडिया गठबंधन की एकता दिखे तभी इण्डिया जितेगा। देश में इंडिया गठबंधन जीतेगा तो देश में जातीय जनगणना होकर रहेगा। 50 प्रतिशत आबादी 25 साल से कम उम्र के हैं उसे काम चहिए पर केंद्र सरकार इस पर चुप है पलायन जारी है। राजद के वरिष्ठ नेता अवधेश यादव ने कहा कि मोदी जी की गारंटी झूठ का पुलिंदा है, हम सुभाष यादव हेमन्त सोरेन और केजरीवाल को जेल में डालने का जवाब मांगेंगे।

### मोदी के अच्छे दिन का गुब्बारा फूट गया है : सत्यानंद

झारखंड के श्रम नियोजन एवं कौशल विभाग के मंत्री व राजद के वरिष्ठ नेता सत्यानंद भोक्ता, ने कहा कि मोदी के अच्छे दिन का गुब्बारा फूट गया है। देश मंहगाई बेकारी मूल्य वृद्धि से परेशान हैं। शौचालय के नाम पर सिर्फ लूट हुआ है। गांवों को ओडीएफ घोषित कर दिया गया लेकिन सच है कि शौचालय सब टूट गए है या गोयठा बकरी रखने का काम हो रहा है। अबुवा आवास को प्रधानमंत्री आवास कहकर झूठ फैलाया जा रहा है। पेंशन अब 50 साल वालों को भी मिलेगा। झारखंड सरकार का पेंशन अब केंद्र सरकार के लिए टेंशन बन गया है। अब मजदूरों को घटना के बाद शव बाहर में दफनाना नहीं पड़ेगा। अब सरकार 50 हजार देती है। महा गठबंधन की लहर भाजपा का जहर बन गया है। एससी एसटी का आरक्षण समाप्त करने की तैयारी हो रही है। बिनोद सिंह को एक एक वोट देकर इंडिया गठबन्धन को जितना है।

# पुणे में महाविजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे मोदी

**पुणे,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को पुणे में महायुति के चार उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार के लिए 'महाविजय संकल्प रैली' को संबोधित करेंगे, जिसमें लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। मोदी पुणे जिले की लोकसभा सीटों के लिए अभियान शुरू करेंगे, जिसमें शिरूर, मावल और बारामती शामिल हैं। पुणे शहर, शिरूर और मावल में 13 मई को मतदान होगा तथा बारामती में सात मई को मतदान होगा। भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष राजेश पांडे ने बताया कि मोदी की रैली शाम 5.30 बजे 128 एकड़ के विशाल रेसकोर्स ग्राउंड, वानवाड़ी में होगी, जहां उनके लगभग दो लाख महायुति कार्यकर्ताओं को संबोधित करने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की सभा कई साल बाद पुणे में हो रही है और आयोजन स्थल रेस कोर्स तय किया गया है।



यह महाविजय संकल्प रैली महायुति के चारों प्रत्याशियों के लिए हो रही है। पांडे ने बताया कि रैली में 21 विधानसभा क्षेत्रों से पार्टी कार्यकर्ता आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजित पवार के अलावा मंत्री चंद्रकांत पाटिल, विधान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. नीलम गोरे, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के युवा नेता अमित ठाकरे के साथ करीब 3,000 अति महत्वपूर्ण व्यक्ति रैली में शामिल होंगे।

# अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर चुनाव न टाले आयोग : महबूबा

**श्रीनगर,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को चुनाव आयोग (ईसीआई) से आग्रह किया कि मौसम के आधार पर अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर चुनाव स्थगित नहीं किया जाए क्योंकि लंबे समय के बाद लोगों में चुनावी प्रक्रिया पर भरोसा आया है। कुछ राजनीतिक दलों ने खराब मौसम और अनंतनाग को राजौरी से जोड़ने वाले मुगल रोड के बंद होने से चुनाव प्रचार में बाधा उत्पन्न होने के कारण अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट के लिए चुनाव टालने के लिए ईसीआई को पत्र लिखा है। पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर चुनाव टालने की मांग करने वाले कुछ दलों के कदम पर निराशा व्यक्त की है। मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने रविवार को कुलगाम जिले के नूराबाद में पत्रकारों से कहा, खराब मौसम एक प्राकृतिक घटना है, अगर ऐसा मौसम महीनों तक रहता है तो क्या इसका मतलब यह है कि चुनाव संभव नहीं होंगे। अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र के लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मुफ्ती ने कहा कि मैं चुनाव आयोग से यह सुनिश्चित करने की अपील करती हूं कि



■ चुनाव टालने की मांग करने वाले कुछ दलों के कदम पर की निराशा व्यक्त

जम्मू-कश्मीर के लोग, जिन्होंने लंबे समय के बाद चुनावी प्रक्रिया में विश्वास हासिल किया है, किसी एक व्यक्ति या पार्टी के बयानों के कारण वोट देने के अधिकार से वंचित नहीं हों। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि मौसम का समय खेल बिगाड़ सकता है, क्या इसका मतलब यह है कि अगर एक महीने तक बारिश हो जाएगी, तो चुनाव संभव नहीं हैं क्या देश के अन्य हिस्सों में मौसम कभी खराब नहीं होता। उन्होंने कहा, ये बहाने हैं क्योंकि वे बड़ी संख्या में लोगों को पीडीपी के साथ देख रहे हैं। लोगों का उत्साह देखकर वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वे (भाजपा) चुनाव स्थगित करना चाहते थे, ताकि वे लोगों को धमकी दे सकें और इन वर्षों में एकत्र की गई बेहिसाब संपत्ति को खर्च करने का समय मिल सके।

## सार संक्षेप

### कश्मीर के चार जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में खराब मौसम के बीच अगले 24 घंटों के दौरान घाटी के चार जिलों के ऊपरी इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चेतावनी जारी की है। अगले 24 घंटों में उत्तरी कश्मीर के बारामूला, बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों के अलावा मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में समुद्र तल से तीन हजार मीटर ऊपर 'मध्यम खतरे' स्तर का हिमस्खलन होने का अनुमान जताया गया है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने व अगले आदेश तक हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई।

### गोपालगंज में तीन पुलिसकर्मी की मौत

**गोपालगंज।** बिहार में गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र में रविवार को कंटेनर की चपेट में आने से तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई तथा 12 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पुलिस लाइन से तीन बस पर सवार जिला बल के जवान चुनाव कराने के लिए सुपौल जा रहें थें। रास्ते में बरहिमा मोड़ के पास राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 27 पर सभी लोग बस रोककर नाश्ता कर रहे थें, तभी तेज रफ्तार में आई कंटेनर ने पीछे से बस में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में तीन पुलिसकर्मी की मौत हो गई तथा 12 से अधिक घायल हो गए।

### पुलवामा की संपत्ति यूएपीए के तहत की गई कुर्क

**श्रीनगर।** पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों की ओर से कथित तौर पर आश्रय के रूप में इस्तेमाल की गयी एक संपत्ति को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत कुर्क कर दिया है। पुलिस ने रविवार को कहा,मोंघामा पुलवामा में एक मंजिला मकान, जिसे आतंकवादियों ने अपने आश्रय और रहने के लिए इस्तेमाल किया था, उसे यूएपीए के तहत कुर्क कर लिया गया है।

### शादी से लौटते वक्त हादसा, 4 की मौत

**यवतमाल।** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले से एक बड़ी दुर्घटना सामने आई है, जहां रालेगांव तालुका में रालेगांव यवतमाल रोड पर खड़ी बस में एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए। यह हादसा शादी के रिसेप्शन से लौटते वक्त हुआ। देर रात रालेगांव-कलांबा रोड पर वटखेड गांव के पास बस का टायर पंक्चर हो गया। मरम्मत के लिए गाड़ी रुकने के बाद कुछ लोग उतर गए। वहीं, कुछ लोग बस में ही बैठे रहे। जब टायर को बदला जा रहा था, तभी ट्रक बस से टकरा गया।

# स्टालिन ने शतरंज खिलाड़ी गुकेश को किया सम्मानित

## 75 लाख रुपए का दिया इनाम

**चेन्नई,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु के सीएम एम.के.स्टालिन ने रविवार को राज्य के युवा प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश को सम्मानित किया, जो फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के युवा विजेता बने हैं और उन्हें 75 लाख रुपये का चेक, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल भी भेंट किया। इस दौरान गुकेश के पिता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रजनीकांत, माता माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. पद्मावती और राज्य के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन और अन्य भी मौजूद थे, जो सीएम के कैंप कार्यालय में आयोजित किया गया था। कनाडा में टूर्नामेंट में जाने से पहले तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को 15 लाख रुपए दिए थे। युवा शतरंज सनसनी विश्व चैम्पियनशिप में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। टूर्नामेंट का स्थान और समय अभी तय नहीं हुआ है लेकिन यह इस साल की आखिरी महीनों में आयोजित होने वाला है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के सचिव देव पटेल पहले ही कह चुके हैं कि भारत विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए बोली लगाएगा।



# सूखा राहत को लेकर फिर सुप्रीम कोर्ट जाएगा कर्नाटक : कांग्रेस

## कन्नडिगाओं व कर्नाटक के किसानों के हितों की उपेक्षा करने का लगाया आरोप

**बेलगावी/कर्नाटक,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि राज्य सरकार केंद्र सरकार के 3 हजार 452 करोड़ रुपए के सूखा राहत आवंटन को लेकर एक बार फिर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी।

उन्होंने कहा कि यह रकम राज्य द्वारा शुरू में अनुरोध की 18,172 करोड़ रुपए से काफी कम है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने 2023 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कन्नडिगाओं और कर्नाटक के किसानों के हितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों ने राज्य को 14,718 करोड़ रुपये से वंचित कर दिया है।

प्रतीकात्मक रूप से उसे एक खाली बर्तन (चोंबू) के साथ छोड़ दिया है। आगामी सात मई को होने वाले चुनावों में मतदाताओं से भाजपा को कड़ी चुनौती देने का आग्रह करते हुए सुरजेवाला ने जोर देकर कहा कि विधायक, एमएलसी और पार्टी के उम्मीदवार 'जनता की अदालत' में इस मुद्दे का समर्थन करेंगे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की चुनावी संभावनाओं के बारे में आशावाद व्यक्त किया, जिसमें 2019 में हासिल की गई एकमात्र सीट से इस बार 25 सीटों तक पर्याप्त वृद्धि की उम्मीद है। सुरजेवाला के बयान कर्नाटक में सूखा राहत कोष के मुद्दे पर बढ़ते राजनीतिक गतिरोध को रेखांकित करते हैं, क्योंकि कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपेक्षा की ओर इशारा किया है। वहीं दूसरी ओर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने सांकेतिक धरना दिया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने सूखा राहत राशि जारी करने में कर्नाटक के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के बाद केंद्र सरकार ने केवल 3454 करोड़ रुपए जारी किए हैं। जबकि, कर्नाटक सरकार ने केंद्र से सूखा राहत के लिए 18171 करोड़ के मुआवजे की मांग की थी। सिद्धारमैया रविवार को विधानमंडल और सचिवालय के पास स्थित विधान सौदा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरने पर बैठे।



मोदी व अमित शाह ने राज्य को 14,718 करोड़ रुपए से वंचित कर दिया है : सुरजेवाला

### रेवन्ना के अश्लील वीडियो की एसआईटी जांच के आदेश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने जनतादल-एस सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े अश्लील वीडियो मामले में निर्णायक कार्रवाई की है और परेशान करने वाले आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की घोषणा की है। सिद्दारमैया ने कहा कि सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो मामले में एक विशेष जांच दल बनाने का फैसला किया है। हसन जिले में अश्लील वीडियो क्लिप प्रसारित हो रहे हैं, जहां ऐसा प्रतीत होता है कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया है। सिद्दारमैया ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक आधिकारिक बयान में उन्होंने कहा कि इस पृष्ठभूमि में, महिला आयोग की अध्यक्ष ने एसआईटी जांच कराने के लिए सरकार को पत्र लिखा था। यह निर्णय उनके अनुरोध के जवाब में लिया गया है।



# भारत-चीन के बीच सुचारू रूप से चल रही बातचीत : राजनाथ सिंह

**अहमदाबाद,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत सैन्य रूप से एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। यह कहना है कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का। अहमदाबाद में उन्होंने एक चुनावी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी द्वारा चीन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से चल रही है। भारत कभी नहीं झुकेगा। मुझे लगता है कि हमें बातचीत के नतीजों का इंतजार करना चाहिए। मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा। मई 2020 में चीन की सैन्य घुसपैठ के चलते गलवान घाटी में विवाद बढ़ा, जो दशकों में भारत और चीन के बीच सबसे गंभीर सैन्य विवाद था। चीनी सेना के मुताबिक, दोनों पक्ष अब तक चार बिंदुओं गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानान दबन (गोगरा) पर पीछे हटने पर सहमत हुए हैं, जिससे सीमा पर तनाव कम करने में मदद मिलेगी। लेकिन देपसांग और डेमचोक में एक समान समझौते पर पहुंचने को लेकर बातचीत में गतिरोध आ गया, जहां भारतीय पक्ष ने दो लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला।

एलएसी विवाद पर बोले रक्षा मंत्री



भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा : राजनाथ सिंह

### आने वाले समय में और बढ़ेगा रक्षा निर्यात

केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात आने वाले समय में और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 2104 में हमने 600 करोड़ की रक्षा सामाग्री निर्यात की थी लेकिन आज 2023-24 में यह आंकड़ा 21 हजार करोड़ रुपए को पार कर गया है। मैं कह सकता हूं कि यह अभी और बढ़ेगा। मोदी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं फिर चाहे वह मिसाइल हो, बम हो, टैंक हो या फिर कोई अन्य हथियार वह सिर्फ भारत में और भारतीयों द्वारा ही बनाई जानी चाहिए।

# संगरूर जेल हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई

## जेल अधीक्षक समेत तीन कर्मचारी निलंबित



**संगरूर,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। संगरूर जेल हत्याकांड की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है, हत्या मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में जेल अधीक्षक समेत तीन अन्य कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, दस कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

संगरूर जिला जेल में झड़प के दौरान दो कैदियों की मौत के बाद पंजाब जेल विभाग की ओर से की गई जांच के आधार पर जेल अधीक्षक सहित चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के आदेश के अलावा ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में जेल अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिया गया है। 19 अप्रैल को हुई झड़प में दो कैदी मोहम्मद हरीश और धर्मेंद्र की मौत हो गई थी। वहीं दो अन्य कैदी घायल हो गए।

# तीसरे चरण में भी नहीं खुलेगा विरोधियों का खाता : शाह

**मैनपुरी,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गृहमंत्री अमित शाह ने मैनपुरी में रविवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि तीसरे चरण के चुनाव में विरोधियों का खाता भी नहीं खुल पायेगा। यहां किशनी के डीपीएस स्कूल के खेल मैदान में बीजेपी प्रत्याशी जयवीर सिंह ठाकुर के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा में गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा के उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटें जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मैनपुरी से जयवीर सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है कि 2029 तक नि:शुल्क अनाज उपलब्ध कराने की योजना जारी रहेगी। मोदी सरकार में सड़कों, हवाई अड्डों, मेडीकल कालेजों के निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून का राज स्थापित हुआ है,पहले प्रदेश से जनता पलायन करती थी,अब गुंडे प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं। शाह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया ने अपने परिवार के पांच सदस्यों को लोकसभा चुनाव में उतार कर सिद्ध कर दिया है कि सपा पार्टी परिवारवादी पार्टी है। समाजवादी पार्टी खुद को यादवों का हमदर्द बताती है, लेकिन चुनाव के समय कोई और यादव नहीं मिलता, तब कुनवा नजर आता है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है परिवार वादी पार्टी को खत्म कर कमल खिलाने का।

चुनावी सभा में किया दावा



**टकराव** *कठुआ से कश्मीर जा रहे पाकिस्तानी आतंकियों से हुआ टकराव*

# उधमपुर के बसंतगढ़ में वीडीसी से टकराव में जवान शहीद

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कई सालों के बाद उधमपुर जिले के दूरदराज गांव में रविवार सुबह गोलीबारी की घटना में वीडीसी सदस्य शहीद हो गया। इस इलाके में कई सालों के बाद आतंकी हमला होने से लोग सकते में आ गए हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना था कि जिन पांच आतंकियों के गुट से यह टकराव हुआ है वे सभी पाकिस्तानी हैं** जो कठुआ से घुसपैठ कर कश्मीर जा रहे हैं। हालांकि सूत्र यह भी कहते हैं की दो पाक आतंकियों के गुट कश्मीर की ओर बढ़ रहे हैं। सेना ने इलाके में छिपे आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए सर्च अभियान शुरू कर दिया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार देर शाम संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही के बारे में इनपुट मिलने के बाद, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बसंतगढ़ पुलिस स्टेशन की सीमा में सुरक्षा ग्रिड को सक्रिय कर दिया था और आज सुबह पुलिस पिकेट सांग की एक पार्टी अपने साथ वीडीसी सदस्यों को लेकर चोचरू गाला हाइट्स की ओर बढ़ रहे थे, तभी वहां छिपे हुए आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई. इसके बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और इलाके में बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।



■ बसंतगढ़ इलाके का रहा है आतंकी इतिहास

सेना के अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब पौने आठ बजे गश्त कर रहे पुलिस और वीडीसी टीम की संदिग्ध आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई। इस बारे में जानकारी देते हुए रविवार को अधिकारियों ने कहा कि हाल ही में पाकिस्तान से घुसपैठ कर आए आतंकियों को खोजने के लिए सर्च अभियान चलाया गया था। तभी बसंतगढ़ के पनारा गांव में सुबह करीब 7:45 बजे पुलिस और वीडीसी के एक गश्ती दल ने संदिग्ध आतंकवादियों का सामना किया, जिसके बाद गोलीबारी की सूचना मिली। उन्होंने आगे कहा कि आधे घंटे से अधिक समय तक चली शुरुआती गोलीबारी के बाद, आतंकवादी जंगल की ओर भाग गए और सुरक्षा बल उनका पीछा कर रहे थे। तभी आतंकियों ने गोलीबारी कर दी है जिससे खानेड निवासी वीडीसी सदस्य मोहम्मद शरीफ गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

सूत्रों के मुताबिक बीती रात 11 बजे के करीब हथियारों से लैस चार आतंकी कोठी बसंतगढ़ निवासी सेवा राम पुत्र संत राम के घर आए। उससे चनाली से पयाली जाने का रास्ता व बिजली की स्थिति पूछने के वह चारों चले गए। इसके बाद सेवा राम ने बसंतगढ थाना की पुलिस चौकी संग को सूचित किया। इसके बाद सुबह 8.05 मिनट पर संग पुलिस पोस्ट के एसपीओ एसपीओ और वीडीजी सदस्यों की सेरी गला में थरुआ के जंगलों में आतंकियों के साथ मुठभेड़ हो गई। इसमें एक वीडीजी सदस्य मोहम्मद शरीफ पुत्र अब्दुल रहमान निवासी खनेड़ घायल हो गया। आतंकी वहां पर गुज्जर की ढोक में छिपे हैं।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

सुरेश, डॉक्टर से : जब मैं सोता हूं तो सपने में बन्दर फुटबॉल खेलते हैं।
डॉक्टर : कोई दिक्कत नहीं, ये गोली रात को सोने से पहले खा लेना।
सुरेश : कल से खाऊंगा, आज तो फाइनल हैं

# दिल्ली में प्रत्याशी नहीं बदलेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस को झटका देते हुए पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया इसकी पुष्टि कांग्रेस दिल्ली प्रभारी दीपक बावरिया ने की। दीपक बावरिया ने नए अध्यक्ष को लेकर बताया कि इस संबंध में बातचीत हो रही है जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि साफ किया कि दिल्ली के उम्मीदवार नहीं बदले जाएंगे। वहीं, दूसरे ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को शनिवार को भेजे इस्तीफा पत्र में लवली ने यह भी कहा कि दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए सभी फैसलों पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) प्रभारी दीपक बाबरिया ने एकतरफा वीटो कर दिया। लवली के इस्तीफे से कुछ दिन पहले बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री और एआईसीसी सदस्य राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। खड़गे को लिखे पत्र में लवली ने कहा कि भारी मन से मैं आपको यह पत्र लिख रहा हूं कि मैं लाचार महसूस कर



नए अध्यक्ष को लेकर जल्द की जाएगी घोषणा : दीपक बावरिया

रहा हूं और दिल्ली कांग्रेस का अध्यक्ष बने रहने में असमर्थ हूं।

**पिछले साल अगस्त में सौंपी थी दिल्ली कांग्रेस प्रमुख की जिम्मेदारी**

बता दें कि शीला दीक्षित की सरकार में मंत्री रहे लवली को पिछले साल अगस्त में दिल्ली कांग्रेस प्रमुख नियुक्त किया गया था। लवली ने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई आप के साथ गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन फिर भी उन्होंने सार्वजनिक रूप से इसका समर्थन किया और यह सुनिश्चित किया कि पूरी इकाई आलाकमान के आदेश का पालन करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस ऐसी पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोपों के आधार पर बनी। पार्टी के आधे कैबिनेट मंत्री अभी भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में हैं। लवली के इस्तीफे को लेकर भाजपा कांग्रेस को घेरने में लग गई है। दिल्ली कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे पर भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में मिशन और विजन वाली पार्टी और गठबंधन है और दूसरी तरफ एक ऐसा गठबंधन है जिसके भीतर ही विभाजन, असमंजस है और यह टुकड़े-टुकड़े पार्टी है। आज अरविंदर सिंह लवली ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। इन्होंने दिल्ली से ऐसे प्रत्याशियों को उतारा जिनका न ही दिल्ली और न ही उनकी पार्टी से कोई वास्ता था। जिनके साथ पंजाब में कुश्ती है उनके साथ दिल्ली में मोहब्बत है। इसे जनता समझ रही थी और अब कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता भी इससे तंग आकर अपनी निराशा को बयान कर रहे हैं इसलिए इस गठबंधन में जम्मू कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक कलेश ही चलता है।

## इंडी गठबंधन 25 मई से पहले खत्म हो जाएगा : वीरेन्द्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन को लेकर भाजपा हमेशा से एक ही बात कहती आई है कि सिर्फ दल मिले हैं दिल नहीं मिले हैं और आज यह साबित हो गया जब सरदार अरविंद सिंह लवली ने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया। प्रेस वार्ता का संचालन मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया और कहा कि धीरे-धीरे ही सही लेकिन भाजपा का वह कथन सच साबित हो रही है कि 25 मई से पहले इंडी गठबंधन पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल भी उपस्थित थे। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि इंडी गठबंधन के खत्म करने का कारण भी कांग्रेस ही हैं जिसने कन्हैया कुमार एवं उदित राज जैसे लोगों को टिकट दिया जो देश को तोड़ने और बहुसंख्यक समाज को गाली देने का काम करते हैं। हर वह व्यक्ति जो भारत को विकसित देखना चाहता है, जिसको देश की तरक्की देखना है, वह कभी ऐसे गठबंधन के साथ नहीं होगा जिसमें केजरीवाल जैसे भ्रष्टाचारी और कन्हैया कुमार जैसे राष्ट्र एकता विरोधी लोग हो। सचदेवा ने कहा कि अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे का संकेत तो उसी दिन मिल गया था जब राजकुमार चौहान ने पत्र लिखा था। जिन लोगों ने चाहे वह राजकुमार आनंद हो, राजकुमार चौहान हो या फिर अरविंदर सिंह लवली हो, इस्तीफा दिया है उनके पत्र में भ्रष्टाचार मूल विषय के साथ अरविंद केजरीवाल मुख्य कारण रहे। इसके अलावा कन्हैया कुमार को टिकट देना भी प्रमुख कारणों में से एक है।

## आम आदमी पार्टी के नेता पीड़ित कार्ड खेलने में माहिर : प्रवीण शंकर

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के नेता पीड़ित कार्ड खेलने में माहिर हैं, वे पहले कानूनों का उल्लंघन करते हैं और जब किसी अधिकारी या व्यक्ति द्वारा आपत्ति जताई जाती है तो वे पीड़ित कार्ड खेलना शुरू कर देते हैं। कपूर ने कहा है कि कानून के अनुसार अभियान गीत या अभियान पुस्तिकाओं की सामग्री को सार्वजनिक लॉन्च से पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिल्ली द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि आम आदमी पार्टी ने 25 अप्रैल 2024 को अपने अभियान की मंजूरी के लिए आवेदन किया और उसी दिन दोपहर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिल्ली की पूर्व अनुमति के बिना अपना चुनाव अभियान गीत लॉन्च कर दिया।

जब दिल्ली सीईओ के नामित अधिकारी ने आप अभियान गीत के बोलों की जांच की तो चुनाव आयोग के विज्ञापन कोड के उल्लंघन का हवाला देते हुए इस पर आपत्ति जताई और उन्हें सामग्री को संशोधित करने का निर्देश दिया, तब हमेशा की तरह आप नेता आतिशी ने भारत के चुनाव



■ दिल्ली मुख्य निर्वाचन अधिकारी की मंजूरी के बिना किया अभियान गीत लॉन्च

आयोग पर तीखा हमला किया। अजीब बात यह है कि दिल्ली के मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा आपत्ति जताई गई थी, लेकिन आप नेता ने आपत्ति के लिए भारत के चुनाव आयोग पर दुर्भावनापूर्वक हमला किया। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि दिल्ली के लोग आतिशी से जानना चाहते हैं कि उनकी पार्टी ने सीईओ दिल्ली की पूर्व मंजूरी के बिना सार्वजनिक रूप से अभियान गीत क्यों लॉन्च किया था। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी (आप) के कैंपेन सॉन्ग 'जेल का जवाब, वोट से देंगे' पर रोक लगा दी है।

**सार संक्षेप**

### भारतीय ऐडटेक फर्म यूफियस लर्निंग को मिली विश्वस्तरीय मान्यता

**नई दिल्ली।** स्कूलों पर केन्द्रित भारत के प्रमुख वितरण प्लेटफॉर्म युफियस लर्निंग को टाइम की ओर से दुनिया के टॉप ऐडटेक राइज़िंग स्टार 2024 के रूप में मान्यता मिली है। यह मान्यता शिक्षा के प्रति युफियस लर्निंग के आधुनिक दृष्टिकोण तथा विश्वस्तरीय शिक्षा क्षेत्र में इसके बढ़ते प्रभाव की पुष्टि करती है। राइज़िंग स्टार्स रैंकिंग में टॉप 15 कंपनियों को शामिल किया गया है, जिन्होंने पिछले तीन सालों के दौरान राजस्व में विकास की अधिकतम दर दर्ज की है। यह मान्यता क्लासरूम एवं घर में लर्निंग के बीच के अंतर को दूर करने वाले विशिष्ट समाधानों के माध्यम से दीर्घकालिक प्रभाव उत्पन्न करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। युफियस लर्निंग के सह-संस्थापक एवं सीईओ अमित कपूर ने इस उपलब्धि के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमें हमें टाईम और स्टेटिस्टा द्वारा दुनिया के टॉप ऐड-टेक राइज़िंग स्टार्स में से एक के रूप में चुना गया है। यह मान्यता शिक्षा क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने और उत्कृष्टता के लिए हमारे प्रयासों की पुष्टि करती है।

### कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली नवविवाहिता

**नई दिल्ली।** अमन विहार इलाके में शनिवार को एक नवविवाहिता की ससुराल में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वह अपने कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली। मृतका की शिनाख्त विपाशा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने ससुराल वालों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए रविवार को संजय गांधी अस्पताल के पास सड़क जाम कर जमकर हंगामा कर दिया। जिन्हें पुलिस ने समझा बुझाकर शांत करवाया। मामले की जांच एसडीएम कर रहे हैं। एसडीएम ने पीड़ित परिजनों का बयान दर्ज किया है। विपाशा अपने परिवार के साथ अमन विहार इलाके में रहती थी। अमन विहार निवासी उसके पिता राजेंद्र ने बताया कि चार माह पहले उन्होंने अपनी बेटी की शादी इसी इलाके में रहने वाले हरिकृष्ण से की थी। राजेंद्र का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसकी बेटी को परेशान करने लगे। उन लोगों ने पति और ससुराल वालों को समझाने की कोशिश की। राजेंद्र का आरोप है कि 26 अप्रैल को ससुराल वालों ने उनकी बेटी के साथ मारपीट की। इस बात की जानकारी मिलने के बाद वह बेटी के ससुराल पहुंचे, लेकिन ससुराल वालों ने बेटी को उनके साथ आने नहीं दिया।

### लवली का इस्तीफा कांग्रेस की लचर हालत का प्रतीक : खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस में चल रहे आंतरिक संघर्ष के कारण पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे से उसकी लचर पचर हालत साफ दिखाई देती है। खंडेलवाल ने यहां कहा कि अरविंदर लवली का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना स्पष्ट करता है कि कांग्रेस पार्टी एक डूबता जहाज है जिसे उसके सबसे वरिष्ठ नेताओं ने छोड़ दिया है।

## दुनिया में वही लोग सफल हैं जो जनसेवा में लगे हुए हैं : डॉ. सैयद अहमद खान

### ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस का नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर आयोजित

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। यूनानी उपचार जनता के द्वार मिशन 2025 के तहत गौतमपुरी दिल्ली में ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस का 81वां नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर



आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन करते हुए ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ. सैयद अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि लोगों की चिकित्सा सेवा हमारे लक्ष्य की पहली प्राथमिकता है, दुनिया में वही लोग सफल हैं जो जनसेवा में लगे हुए हैं। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस ने लगातार नि:शुल्क चिकित्सा शिविर जारी रखा हुआ है, जिसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शिविर के संयोजक हकीम अनवर जावेद थे जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई।

आंखों की जांच के विशेषज्ञ डॉ फिरोज मलिक ने कहा कि आंखें खुदा द्वारा दी गई नेमतों में से सबसे बड़ी नेमत है इनकी सेहत का खयाल रखना हम सब की जिम्मेदारी है जिस के लिए समय समय पर जांच कराते रहना चाहिए आज लगभग 150 लोगों की आंखों की नि:शुल्क जांच की गई और उन्हें चश्मे आदि भी दिए गए। इसके अलावा माक्स हर्बल साइंस की ओर से दवाइयां वितरित की गईं।

**यूनानी चिकित्सा पद्धति आज पूरी दुनिया में लोकप्रिय : कासमी**

यूनानी चिकित्सा पद्धति के बारे में बात करते हुए हकीम अता उर रहमान अजमली और हकीम मुहम्मद मुर्तजा कासमी ने संयुक्त रूप से कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति आज पूरी दुनिया में लोकप्रिय है क्योंकि यह चिकित्सा बीमारी को जड़ से खत्म करने की ताकत रखती है। यूनानी चिकित्सा बिना नुकसान के लाभ पहुंचाती है और शरीर में नई ऊर्जा पैदा करती है। आज ऑल यूनानी तिब्बी कांग्रेस द्वारा आयोजित इस शिविर से लगभग 300 मरीज लाभान्वित हुए हैं, जिसमें आंखों की जांच के अलावा अन्य शारीरिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों को मुफ्त दवाएं दी गई हैं।



■ नई दिल्ली में रोड शो के दौरान लोगों से वोट की अपील करते लोकसभा चुनाव में उत्तर पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार। फोटो इम्तियाज खान

## लाल किला पर मनाया दिल्ली फतह दिवस

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने रविवार को सिख सेनापति बाबा बघेल सिंह, बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया और बाबा जस्सा सिंह अहलूवालिया की दिल्ली पर वर्ष 1783 में हुई जीत के उपलक्ष्य में लाल किला पर 'दिल्ली फतह दिवस' मनाया। इस समारोह में समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह असंध, धर्म प्रचार समिति के अध्यक्ष बाबा बलजीत सिंह दादूवाल, सिंह साहिब पंथ रतन बाबा बलबीर सिंह प्रमुख पंथ अकाली दल बुड्ढा दल 96 करोड़ी, बाबा कश्मीर सिंह भूरी वाले, बाबा मनमोहन सिंह बारन वाले, बाबा मेजर सिंह सोढ़ी शिरोमणि दशमेश तरना दल, बाबा बलदेव सिंह वल्लाह वाले, रिकी सिंह हजूर साहिब वाले, बाबा सुरिंदर सिंह और बाबा सतनाम सिंह, बाबा सुखदेव सिंह मुख्य वक्ता दमदमी टकसाल, बाबा गुरप्रीत सिंह खडूर साहिब वाले, बाबा सेवा सिंह कार सेवा वाले, बाबा लक्खा सिंह नानकसर वाले, बाबा सुखजीत सिंह फिरोजपुर वाले सहित कई संत महापुरुष और गणमान्य शख्सियत उपस्थित रहें। कार्यक्रम में रागी सिंहों के विभिन्न जत्थों ने कीर्तन किया। इस अवसर पर कालका और काहलों ने कहा कि सन् 1783 में बाबा बघेल सिंह, बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया और बाबा जस्सा सिंह अहलूवालिया के नेतृत्व में शाह आलम द्वितीय को दिल्ली में पराजित किया गया।

**दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने किया आयोजन**

## तानाशाही की ओर जा रहा देश : सुनीता केजरीवाल

### पश्चिमी दिल्ली में दूसरे रोड शो में केंद्र सरकार पर बोला हमला

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को पश्चिमी दिल्ली में दूसरा विशल रोड शो किया। उन्होंने यह रोड शो इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी महाबल मिश्रा के समर्थन में किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल भारत मां के सच्चे लाल हैं। आज भारत मां की यह बेटी आपसे विनती करती है, इस देश को बचा लो। इस भारत मां को बचा लो। यह देश तानाशाही की ओर जा रहा है। भारत मां को तानाशाही से बचा लो। आप लोग अपने वोट की ताकत को समझो और 25 मई को सभी लोग वोट देने जरूर जाएं। आपके बीच आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी महाबल मिश्रा भी हैं। ये पहले भी यहां से सांसद रहे हैं और हमेशा आपके सुख-दुख में काम आए हैं। इन्होंने बहुत काम किया है। सभी लोग झाड़ू की बटन दबाकर महाबल



तानाशाही हटाएं, लोकतंत्र बचाएंगे हम सब मिलकर लड़ेंगे व जीतेंगे : सुनीता केजरीवाल

मिश्रा को वोट देंगे। तानाशाही हटाएं, लोकतंत्र बचाएंगे। हम सब मिलकर लड़ेंगे और जीतेंगे। पश्चिमी दिल्ली के मॉल रोड पर हुआ रोड शो 'आप' के झंडे और झाड़ू से पट गया। लोगों ने ढोल नगाड़े बजाकर और गदा भेंट कर सुनीता केजरीवाल का भव्य स्वागत किया। पार्टी की टोपी के साथ कुछ लोग सीएम अरविंद केजरीवाल का मुखौटा भी पहने थे और 'जेल का जवाब वोट से' देंगे के नारे लगाते हुए बढ़ते जा रहे थे। खुली कार में सवार सुनीता केजरीवाल ने उनके स्वागत में उमड़ी जनता का हाथ लहराकर अभिनंदन किया। उनके साथ 'आप' प्रत्यशी महाबल मिश्रा भी मौजूद रहे। इस दौरान सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल शेर हैं, उनको कोई झुका और तोड़ नहीं सकता है। उन्होंने पूछा कि क्या आपके बेटे-भाई अरविंद केजरीवाल ने आपको एक हजार रुपए देने का एलान कर कोई गुनाह कर दिया, अगर नहीं, तो वोट से अपना जवाब जरूर देना। पश्चिमी दिल्ली में रोड शो के दौरान सुनीता केजरीवाल ने कहा कि मेरे पति अरविंद केजरीवाल को इन्होंने पिछले एक महीने से जबरदस्ती जेल में डाल रखा है। अभी तक किसी कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को दोषी नहीं माना है।

**केजरीवाल को खत्म कर देना चाहती है भाजपा**

सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को पिछले 22 साल से शुगर है और 12 साल से 50 यूनिट रोजाना इंसुलिन ले रहे हैं। जेल में इन्होंने अरविंद केजरीवाल की इंसुलिन बंद कर दी। इसके चलते उनका शुगर लेवल 300 के उपर पहुंच गया। ऐसे तो अरविंद केजरीवाल की किडनी और लीवर सब खराब हो जाएगा। केजरीवाल को इंसुलिन दिलाने के लिए हमें कोर्ट जाना पड़ा। क्या ये लोग अरविंद केजरीवाल को खत्म कर देना चाहते हैं। सुनीता ने कहा कि मैं जानती हूं कि दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल से बहुत प्यार करती है। यही बात इन लोगों को खटकती है कि दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल को इतना प्यार क्यों करते हैं।

## लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में नामांकन आज से

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए राजधानी दिल्ली में 29 अप्रैल से उम्मीदवारों का नामांकन शुरू होने जा रहा है। इसके लिए सातों लोकसभा सीटों के अंतर्गत सात अलग-अलग स्थानों पर नामांकन स्थल बनाए गए हैं। प्रत्याशी सिर्फ तीन वाहन और चार लोगों के साथ नामांकन के लिए जा सकेंगे। प्रत्याशी के दो प्रस्तावक भी मौजूद रहेंगे। नामांकन का समय सुबह 11 से दोपहर के 3 बजे तक का तय किया गया है। इस दौरान आसपास भीड़ को रोकने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ ही उम्मीदवारों का काफिला 100 मीटर दूर रखने की व्यवस्था की जाएगी। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को सुबह 11 से




- सात अलग-अलग स्थानों पर बनाए गए नामांकन स्थल
- नामांकन के दौरान विभाग की ओर से कराई जाएगी वीडियोग्राफी
- राजधानी में 25 मई को होगा मतदान

दोपहर के तीन बजे तक लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। निर्धारित समय के बाद आने वाले उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें अगले दिन नामांकन दाखिल करना होगा। सामान्य वर्ग से आने वाले उम्मीदवार के लिए जमानत राशि 25000 रुपए और एससी-एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 12500 रुपए जमानत राशि निर्धारित की गई है, जिसे नकद या ऑनलाइन जमा किया सकता है। विभाग की ओर से नामांकन के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

**ऑनलाइन भी नामांकन कर सकते हैं उम्मीदवार**

लोकसभा चुनाव उम्मीदवार ऑफलाइन नामांकन के साथ ऑनलाइन नामांकन भी दाखिल कर सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवार को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर पूरा विवरण भरना होगा, जिससे ऑनलाइन नामांकन प्रकिया पूरी हो सकेगी. नामांकन करने के बाद एक प्रतिलिपि डाउनलोड करना होगा और फिर उसे रिटर्निंग अधिकारी के पास जमा करना पड़ेगा।

**इन जगहों पर होगा नामांकन**

- ❖ लोकसभा क्षेत्र रिटर्निंग ऑफिसर ऑफिस
- ❖ नई दिल्ली उपायुक्त (नई दिल्ली जिला)
- ❖ पूर्वी दिल्ली उपायुक्त (पूर्वी जिला)
- ❖ उत्तर पूर्वी उपायुक्त (उत्तर पूर्वी जिला)
- ❖ दक्षिण दिल्ली उपायुक्त (दक्षिण जिला)
- ❖ उत्तर पश्चिमी दिल्ली उपायुक्त (उत्तर पश्चिम जिला)
- ❖ पश्चिमी दिल्ली उपायुक्त (पश्चिम जिला)
- ❖ चांदनी चौक उपायुक्त (उत्तर जिला)

**नामांकन की आखिरी तारीख 6 मई**

दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामांकन की आखिरी तारीख 6 मई तय है। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 9 मई को उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। दिल्ली में 25 मई को मतदान होगा। दिल्ली में 13 हजार से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदाता मतदान करेंगे। 4 जून को काउंटिंग होगी।

### सड़क हादसे में सब-इंस्पेक्टर की मौत

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी में स्कूटर के डिवाइडर से टकराने से दिल्ली पुलिस के एक उप-निरीक्षक की मौत हो गई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना शनिवार रात की है। मृतक की पहचान एन. के. पवित्रन के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पवित्रन पूर्वी दिल्ली जिले की अपराध टीम में तैनात थे। पुलिस ने विवरण साझा करते हुए कहा कि घटना रात करीब 10.30 बजे हुई, जब पवित्रन ने अपने स्कूटर पर संतुलन खो दिया, जिस कारण वह प्रगति मैदान सुरंग के पास एक डिवाइडर से टकरा गया। उन्हें लेडी हार्डिंग अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

> एक व्यक्ति ने थाना मसूरी पर लिखित सूचना दी कि ग्राम आकलपुर में कोल्हू में मजदूरी कर रहा हूं। मेरी लड़की उम्र करीब 8 वर्ष कल 20 अप्रैल से शाम से लापता हो गई थी। तलाश के दौरान उसका शव गांव के बाहर नाले में ईटों से नीचे दबा हुआ मिला है। सूचना के आधार पर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित की गई तथा घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीमें गठित कर सक्रिय किया गया।
>
> **विवेक चंद्र यादव, डीसीपी**






# अवैध निर्मित इमारतों पर चस्पा नोटिस

## 180 करोड़ की जमीन कराई खाली

**नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राधिकरण का अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। इसके तहत रविवार को दो ओएसडी क्रांति शेखर और महेंद्र प्रसाद ने अधिकारियों के साथ हाजीपुर और सलारपुर में अवैध निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान हाजीपुर में खसरा नंबर-514 पर निर्मित कांप्लेक्स पर नोटिस चस्पा करते हुए अवैध झअतिक्रमण कर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा भंगेल में खसरा संख्या 217, 225, 226 पर महर्षि ट्रस्ट की सीमा के अंदर अवैध इमारतों को सील करने के निर्देश दिया। वहीं सलारपुर में खसरा संख्या 700 से 715 में करीब 30 हजार वर्गमीटी जमीन पर किए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया गया। इस जमीन की अनुमानित लगात करीब 180 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इस जमीन पर अवैध दुकाने बनाई गई थी। यहां दो से तीन जेसेबी और भारी पुलिस लगाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया गया। साथ ही फेंसिंग भी की गई। ये जमीन डीएससी रोड से सटी होने से इसकी कीमत कही ज्यादा है। साथ ही मास्टर प्लान के अनुसार ये जमीन नियोजित भी है। यही नहीं सलारपुर में खसरा संख्या 582, 600, 601, 602, 603, 605, 606, 607, 608, 609, 780 पर निर्मित इमारतों पर यह बिल्डिंग अवैध है लिखवाया गया। इन इमारतों को ध्वस्त किए जाने का कार्य जल्द किया जाएगा। इन इमारतों में गाड़ियों के शो रूम से लेकर सर्विस सेंटर तक शामिल है। जिन पर ये बिल्डिंग अवैध है लिखा गया। इनको जल्द ही तोड़ा जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि नोटिस इसलिए जारी किया गया ताकि ये खुद खाली कर दे। अन्यथा ध्वस्तीकरण में जो खर्च होगा वो भी इन्हीं से लिया जाएगा।

# प्राधिकरण ने मुक्त कराई 1500 वर्गमी जमीन, कीमत करीब 7 करोड़ रुपए

- मुख्य सड़क के निर्माण में आ रही थी बाधा
- बना रखा था गार्टर और पटिया डालकर मकान

**नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राधिकरण ने भू-माफिया के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए 1500 वर्ग मीटर जमीन को बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया। प्राधिकरण द्वारा की जा रही इस कार्रवाई का भू-माफिया व कुछ लोगों द्वारा विरोध किया गया। लेकिन पुलिस बल को देखकर वह भाग गए। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 7 करोड़ रुपए बताई जा रही है।



नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने प्राधिकरण के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगया जाए। जहां पर भी अवैध निर्माण या कब्जा किया गया है। उसे तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। उक्त निर्देशों के क्रम में नोएडा प्राधिकरण की अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर विभिन्न भू-माफियाओं द्वारा किये जा रहे अतिक्रमणों के खिलाफ वर्क सर्किल-9 एवं भूलेख विभाग की टीम द्वारा ग्राम-गुलावली के खसरा संख्या 581 पर पुलिस बल के साथ प्रभावी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही संपादित की गयी। अतिक्रमणकर्ता द्वारा प्राधिकरण की उक्त भूमि पर गार्टर पटिया डालकर मकान बनाया गया था। यहां पर कुछ लोग परिवार के साथ रह भी रहे थे। इस जमीन को खाली करने के लिए वर्क सर्किल-9 के द्वारा पूर्व में नोटिस भी भेजा गया था। इसके बावजूद इस जमीन को भू-माफियाओं ने खाली नहीं किया। इस पर प्राधिकरण द्वारा भारी पुलिस बल के साथ बुलडोजर चलाकर उक्त मकान को ध्वस्त किया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि कब्जा मुक्त करायी गई उक्त भूमि औद्योगिक सेक्टर-164 व 161 के मध्य 30 मीटर चौड़े मार्ग के सरेखन में आ रही है। जिसके अतिक्रमित होने के कारण उक्त सड़क का निर्माण कार्य बाधित था। इस भूमि का क्षेत्रफल लगभग 1500 वर्ग मीटर है, जिसकी बाजार लागत लगभग 7 करोड़ रुपए आंकी गई है। नोएडा प्राधिकरण की इस कार्रवाई से भू-माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि कब्जा मुक्त कराई गई यह जमीन सेक्टर-164 के औद्योगिक भूखंड को जोड़ने वाली सड़क है।

## सार संक्षेप

### एक दिवसीय डेंटल लेजर वर्कशॉप कार्यशाला का आयोजन



**बुलंदशहर।** रविवार को जे. पी. अस्पताल चिट्टा में डेंटल लेजर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डेन्टरम डेस्टिनेशन एकडमी एवं IMDSL इंडिया के सहयोग से किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में पहुचे डा. सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि बुलंदशहर में पहली डेंटल कार्यशाला का आयोजन किया गया है। और आज डेंटल कार्यशाला के माध्यम से लोगों को जागरूक करना है। ताकि लोगों लेजर के बारे में जागरूकता फैले की लेजर के आज के समय में क्या-क्या फायदे हैं।और लेजर द्वारा दांतो में हो रहे इन्फेक्शन को कम कर सकते हैं। कार्यक्रम में दर्जन से भी अधिक डॉक्टर स्टाफ मौजूद रहा। इस उपलक्ष्य में डा. निरुक्त यादव (हेड, जैपी हॉस्पिटल, चिट्टा) एसटीओ सलोनी सुमन (जैपी हॉस्पिटल), डा. वैभव गर्ग, डा. प्रियांशु पाल (डायरेक्ट, डेंटल डेस्टिनेशन अकडमी) मनोज दिवेदी ने विशेष सहयोग दिया। कार्यशाला में डा. सचिन कु., डा. सचिन अग्रवाल डा. पारिका गरी डा. हिमांशु राधव, डा. निधिश डा. रिद्धी बंसल आदि उपस्थित रहें।

### डीएलएफ मॉल के आठ साल पूरे होने पर मैराथन का आयोजन

**नोएडा।** डीएलएफ मॉल के आठ साल पूरे होने पर रविवार को बड़े स्तर पर एक मेराथन का आयोजन किया गया। इसमें करीब 700 की संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। दौड़ को सभी के लिए यादगार बनाने के लिए 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 2.5 किलोमीटर की रन प्रतियोगिता आयोजित की गई। नोएडा में आयोजित इस रन में फिटनेस गर्ल और पूर्व मिस इंडिया रह चुकीं गुल पनाग ने हिस्सा लिया और रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनकी हौसला अफजाई करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। इस रन प्रतियोगिता में दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और आसपास के राज्यों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शिरकत करने वाले विजेता प्रतिभागियों को मॉल प्रबंधन की ओर से सम्मानित भी किया गया।

### पीएनबी एटीएम से चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने बैंक एटीएम से चोरी करने वाले एके शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 17 लाख 32 हजार 500 रुपए व एक स्कूटी बरामद की है। डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि 26अप्रैल को पीएनबी बैंक के चीफ मैनेजर अम्बेडकर मार्क ब्रान्च ने थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी कि पीएनबी बैंक के माडल टाउन एटीएम से 17 लाख 32 हजार 500 रुपए चोरी कर लिए गए है। घटना का संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली नगर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के खुलासे के लिए टीमो का गठन किया गया। सभी टीमो के प्रयास मैनुअल इन्टेलीजेन्स, लोकल इनपुट व सीसीटीवी कैमरो की मदद से चोरी करने वाले रवि कुमार को चौधरी मोड से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी किये गए सभी रुपए बरामद कर लिए गए।

# 4 महीने में सिर्फ 2400 रजिस्ट्री शासन को भेजी गई रिपोर्ट

- वहां से मिले निर्देशों के अनुसार बिल्डरों पर कसा जाएगा शिकंजा
- नोएडा प्राधिकरण के 45 बिल्डरों ने जमा कराई है 25 प्रतिशत राशि

**नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा और ग्रेटरनोएडा में चार महीनों में करीब 2400 फ्लैट की रजिस्ट्री हुई है, जबकि करीब 80 हजार लोग इंतजार में हैं। इसके अलावा करीब ढाई लाख लोग फ्लैट मिलने का इंतजार है। इसकी बड़ी वजह नोएडा और ग्रेटरनोएडा में बिल्डर की ओर से अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत पैसा जमा नहीं करना है। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने कदम बढ़ाया है। तमाम बैठक के बाद जो बिल्डर बकाया जमा नहीं कर रहे है उनकी एक रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दी है। बिल्डरों पर किस तरह की कार्रवाई की जाए इस बारे में भी पूछा जा रहा है। बता दे नोएडा-ग्रेटर नोएडा में करीब 10 साल से खरीदार फ्लैट पाने और रजिस्ट्री के लिए भटक रहे हैं, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा में वर्ष 2007-08 से फ्लैट बनाने के लिए बिल्डरों को जमीन देनी शुरू की गई थी जो 2013-14 तक दी गई। फ्लैट बुक करते समय बिल्डरों ने दावा किया था तीन से चार साल में फ्लैट पर कब्जा दे दिया जाएगा। ऐसे में खरीदारों को 2013-13 से लेकर 2017-18 तक फ्लैट पर कब्जा मिल जाना चाहिए था, लेकिन करीब दस साल बाद भी खरीदार फ्लैट पाने के लिए भटक रहे हैं। नोएडा में करीब 50 हजार और ग्रेटर नोएडा में करीब दो लाख खरीदार फ्लैट पाने के इंतजार में हैं। ये लोग अलग-अलग स्तर पर फ्लैट पाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके अलावा जिन लोगों को फ्लैट मिल गया उनके फ्लैटों की रजिस्ट्री भी नहीं हो पा रही है। ऐसे में नोएडा-ग्रेनो में करीब 70 से 80 हजार खरीदार रजिस्ट्री के इंतजार में हैं। इसकी वजह यह है कि बिल्डरों का बकाया है, ऐसे में प्राधिकरण रजिस्ट्री की अनुमति नहीं दे रहा है। फ्लैट खरीदार इन दोनों समस्याओं के लिए 10 साल से बिल्डर, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के यहां धक्के खाकर थक चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कई सालों के फ्लैट खरीदारों के संघर्ष के बाद इनको सहूलियत दिलाने के लिए अमिताभ कांत समिति की सिफारिश पर एक राहत योजना तैयार की गई। इसको पिछले साल यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। इस संबंध में शासन ने 21 दिसम्बर 2023 को शासनादेश भी जारी कर दिया। योजना का फायदा उठाने के लिए नोएडा-ग्रेनो में करीब 45 बिल्डरों ने 25 प्रतिशत राशि जमा कर दी है। दोनों प्राधिकरण के एरिया में चार महीने बाद भी करीब 2400 फ्लैट की रजिस्ट्री हो सकी है। ऐसे में अब नोएडा प्राधिकरण ने शासन को बिल्डर की पूरी रिपोर्ट भेजी है।

# लेदर फैक्ट्री में लगी आग करोड़ों का नुकसान

**नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। रविवार तड़के आग का तांडव देखने को मिला। सेक्टर-65 के डी ब्लॉक स्थित एक लेदर गारमेंट्स बनाने वाली कंपनी में आग लग गई। यह आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में इसने पूरी कंपनी को अपने आगोश में ले लिया। दमकल विभाग की एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस आग को बुझाने में तीन से चार घंटे लग गए। आग से करोड़ों रुपए का मॉल और मशीनरी जलकर राख हो गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि नोएडा के सेक्टर 65 के डी-41 अपोलो ग्रीन्स लेदर की फैक्ट्री है। जिसमें जैकेट बनाने का काम होता है। कंपनी में सुबह करीब साढ़े चार बजे आग लगी। इसकी सूचना गार्ड ने दमकल और पुलिस को दी। मौके पर 15 गाड़ियां दमकल विभाग की भेजी गई। आग कंपनी के दूसरे तल पर आग लगी और आग लगातार बढ़ती हुई चली गई, कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और धु धु करके पूरी कंपनी जलनी शुरू हो गई। लेदर होने की वजह से आग ने और ज्यादा तेजी पकड़ ली। कंपनी लेदर का काम होता है इसलिए यहां धूंआ भर गया। जिसके बाद शीशे को तोड़कर आग पर काबू पाया गया। इसी के ऊपर से हाइटेंशन लाइन जाती है। इसलिए पहले बिजली सप्लाई को बंद करया गया। इसके बाद आग बुझाने का काम शुरू किया गया। करीब 4 घंटे तक लगातार पानी की बौछार के बाद आग को बुझाया गया। इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं है।



दमकल की 15 गाड़ियों ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

# आठ वर्षीय चचेरी बहन की दुष्कर्म के बाद हत्या, दो बाल अपचारी गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। मसूरी थाना इलाके में रिश्ते को शर्मशार करने वाला मामला प्रकाश में आया है। यहां पर एक 13 वर्षीय बच्चे ने अपनी आठ वर्षीय चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म किया और उसकी ईंट मारकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं इस शातिर दिमाग बाल अपचारी ने अपने आठ वर्षीय भाई के साथ मिलकर बच्ची के शव को नहर में डाल दिया। पुलिस ने दोनों बाल अपचारियों को पकड़ लिया है और उन्हें बाल सुधार गृह में भेजा जा रहा है।

डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाना मसूरी पर लिखित सूचना दी कि ग्राम आकलपुर में कोल्हू में मजदूरी कर रहा हूं। मेरी लड़की उम्र करीब 8 वर्ष कल 20 अप्रैल से शाम से लापता हो गई थी। तलाश के दौरान उसका शव गांव के बाहर नाले में ईटों से नीचे दबा हुआ मिला है। सूचना के आधार पर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित की गई तथा घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीमें गठित कर सक्रिय किया गया। पुलिस ने इसको लेकर एक 13 वर्षीय बाल अपचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि मैं ग्राम आकलपुर में सुधीर के कोल्हू पर अपने माता पिता भाई बहन के साथ रहता हूं। इस कोल्हू के पास ही सभाजीत का कोल्हू है जिस पर हमारे पारिवारिक चाचा का परिवार व बच्चे रहते हैं। चाचा की लड़की उम्र करीब 8 वर्ष ने करीब एक माह पहले मेरे पिता जी से गलत काम के प्रयास की शिकायत करके मुझे पिटवाया था। तभी से मैं इसको मारने की फिराक में था दिनांक 20अप्रैल को दिन में करीब 3.00 बजे मैं कोल्हू के पास ही चकरोड के पास रोड पर खड़ा था। तभी चाचा की लड़की अकेले आते हुए दिखायी दी। तभी मैंने अकेला पाकर उसे पकड़ लिया एंव घसीटते हुए पास में अधबने कमरे में ले गया और उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। उसके चीखने चिल्लाने पर उसे नीचे दबा लिया तथा उसके सिर में ईट मारी जिससे वह मर गई। फिर मैंने अपने छोटे भाई उम्र करीब 11 वर्ष को बुलाया और मैंने लड़की को बराबर में बह रहे नाले में डालकर उसके ऊपर खड़ा हो गया और मेरे छोटे भाई ने मुझे पास में रखी हुई ईटें पकड़ायी और मैंने लड़की के ऊपर इटें रखकर दबा दिया। फिर हम अपनी झुग्गी में गए और कीचड़ में सने हुए अपने कपड़े छुपाकर रख दिए।

# अपना घर आश्रम नोएडा का द्वितीय स्थापना दिवस समारोह

## पीड़ित मानव सेवा का पावन तीर्थ

**नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-34 स्थित 'अपना घर आश्रम' ने अपना द्वितीय स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर महिला प्रभु द्वारा गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई। उनकी प्रस्तुति में आत्मविश्वास और हौसला देखकर वहां उपस्थित सभी लोगों भावविभोर हो गए और उनका मन मोह लिया। इस मौके पर डॉ. बी एम भारद्वाज, संस्थापक अपना घर आश्रम व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें। बता दे यूपी सरकार ने दो साल पहले नारी निकेतन, जो अब अपना घर आश्रम के नाम से जाना जाता है कि देखभाल की जिम्मेदारी भरतपुर स्थित 'अपना घर आश्रम' को सौंपी थी। अपना घर आश्रम समाज के आश्रयहीन, बेसहारा, दीन-दुखियों व जीव सेवा के लिए जानी जाने वाली संख्या एवं विशिष्टता की दृष्टि से देश का अपनी श्रेणी का सबसे बड़ा आश्रम है। अपना घर आश्रम में बेसहारा, लावारिस, असहाय, मजबूर व अछूत बीमारियों से ग्रसित मरीजों की नि:शुल्क देखभाल की जाती है। संस्था द्वारा ऐसे लोगों को अपनापन, चिकित्सा, शिक्षा, भोजन, आवास, वस्त्र, सेवा आदि नि:शुल्क प्रदान की जाती है।



# पंजाबी समाज ने मनाया शिक्षाविद् गुलशन भांबरी का जन्मदिन

**गाजियाबाद,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पंजाबी समाज ने समाजसेवी व एसएसके पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष गुलशन भांबरी का जन्मदिन और भारत नगर में मनाया। इस मौके पर पंजाबी समाज के पंजाबी प्रमुख लोगों ने श्री भांबरी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और केक भी काटा गया।



गुलशन भांबरी ने इस मौके पर सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पंजाबी समाज के अध्यक्ष देशराज देसी के अलावा रोज बेल पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष सरदार जोगिंदर सिंह बग्गू, पूर्व पार्षद सतीश चोपड़ा, समाजसेवी राजकुमार मल्होत्रा, आनंद मनचंदा, यशपाल सोनी, अशोक भल्ला प्रमुख रूप से शामिल थे।

# दिल्ली के कारोबारी को बंधक बनाकर छह करोड़ की फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। क्राईम ब्रॉन्च पुलिस ने रविवार को 50 हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर दिल्ली के कारोबारी को राजनगर एक्सटेंशन में सुपर विलेज सोसायटी में बुलाकर बंधक बनाने और छह करोड़ रुपए की फिरौती व रंगदारी मांगने के सम्बंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज है। आरोपित अपराधी बिजेन्द्र त्यागी को मेरठ मोड थाना नन्दग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उस पर आरोप है कि 14 अक्टूबर 2024 को उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जनकपुरी दिल्ली निवासी शशांक शर्मा को अपने घर बुलाकर बन्धक बनाकर छह करोड़ रुपए की फिरौती व रंगदारी मांगी थी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध / मुख्यालय) ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का नगद पुरस्कार घोषित किया था। पुलिस का दावा है कि इस मामले में शर्मा ने दिल्ली निवासी दोस्तों से 2 करोड 75 लाख रूपए की व्यवस्था कराकर वासु त्यागी के सहयोगी हर्षित को दे दिये थे। उसके बाद फिरौती के बाकी रुपये का इन्तजाम न कर पाने के कारण आरोपितों ने कहा कि आने वाले सोमवार को 25 लाख रूपए और देने तथा हफ्ते के रूप मे 10 लाख रू महीना देते रहना। आरोपितों ने मार-पीट कर एक कागज पर लिखवाया कि उसने 3 करोड रूपये दे दिए है। बाकी रुपए के चैक दे देगा। आरोपितों ने धमकी दी कि पुलिस या किसी और को यह बात बतायी तो वादी व उसके परिवारीजनो को जान से मार देंगे।



50 हजार रुपए का था इनामी अपराधी

# हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में निकाली गई शोभा यात्रा

## सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता



**नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेतृत्व में रविवार को हनुमान जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग सम्मिलित हुए। शोभा यात्रा में राम दरबार, हनुमान जी की झांकियों को शामिल किया गया। इस मौके पर लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाते हुए, डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर बजरंग दल के युवाओं ने झूमते हुए जोश दिखाया। इस दृश्य को देखने के लिए नोएडा की जनता ने जगह-जगह यात्रा का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। जगह-जगह ठंडा शर्बत और पानी का इंतजाम किया गया। यात्रा लगभग 10 किलो मीटर से ज्यादा की रही। यात्रा श्रीराम दरबार और हनुमान जी की झांकियों के साथ कांशीराम आवास परिसर पार्क, सेक्टर 45 से शुरू होकर सेक्टर 37, अट्टा गांव, डीपो चौराहा, नया बांस गांव, हरौला गांव, बांस बल्ली मार्केट से सीधी जाकर, मेट्रो हॉस्पिटल चौराहा, 12-22 चौड़ा मोड़ चौराहा से एडोब चौराहा से दाएं मुड़ कर दुर्गा धाम मंदिर, गिझौड़ होते हुए सेक्टर 34 के श्री राम हनुमान मंदिर के पास पार्क में जाकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान शहर में कुछ ऐसा सुन्दर दृश्य था कि पूरा नोएडा शहर हिन्दूमय, भगवामय हो गया। हजारों की संख्या में हिन्दू सनातनियों ने इस यात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर प्रमुख विभाग संयोजक बजरंग दल ललित भारद्वाज, सह यात्रा प्रमुख महानगर संयोजक बजरंग दल सुमित, महानगर अध्यक्ष बहन छाया सिंह, मंत्री दिनेश महावर, उपाध्यक्ष सत्यवीर, कोषाध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी, महानगर धर्म प्रसार प्रमुख राजीव शर्मा, सह मंत्री प्रवेश, सह धर्म प्रसार प्रमुख जितेंद्र, प्रचार प्रमुख राहुल दुबे व अन्य प्रांत, विभाग व जिला के अधिकारी और नोएडा की जनता के साथ हजारों कार्यकर्ताओं ने इस विशाल यात्रा में भाग लेकर यात्रा को भव्य बनाया।



**जगह-जहग किया गया स्वागत**

# व्यापारियों ने हनुमान जन्मोत्सव का किया स्वागत

**झनोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के सौजन्य से रविवार को आयोजित हनुमानजी के जन्मोत्सव पर एक विशाल व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा के अध्यक्ष नरेश कुच्छल व चेयरमैन रामअवतार सिंह के अगुवाई में दोपहर शोभायात्रा में शामिल यात्रा प्रमुख विभाग संयोजक बजरंग दल ललित भारद्वाज, सहयात्रा प्रमुख दल सुमित, अध्यक्ष छाया सिंह,विश्वहिंदू परिषद मंत्री दिनेश महावर, उपाध्यक्ष सतवीर, कोषाध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी, धर्म प्रसार प्रमुख राजीव, सह धर्म प्रसार प्रमुख जितेंद्र व प्रचार प्रमुख राहुल दुबे सहित अन्य शोभायात्री का जोरदार स्वागत किया। बता दें कि उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा द्वारा शोभायात्रा में शामिल हजारों भक्तों के लिए ठंढे जल व केले का वितरण किया।



इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष नरेश कुच्छल, चेयरमैन रामअवतार सिंह, मूलचंद गुप्ता, ज्योतिषाचार्य केशव पंडित, राधेश्याम गोयल, मनोज भाटी, सत्यनारायण गोयल, पीयूष वालिया, मोहित गोयल, सोनवीर सिंह, महकार नागर, वीरपाल, अमित नाड, सतवीर, सोनू शर्मा, रोशन शर्मा, सुभाष त्यागी, बृजमोहन राजपूत आदि शोभा यात्रियों के सेवाभाव करने में शामिल रहे।

उवाच


विद्यालय जिज्ञासा शांत करता है तो विश्वविद्यालय समस्याओं का समाधान करता है। सभी प्राध्यापकों को अपनी बौद्धिक क्षमता पर विश्वास करना चाहिए और समाधान ढूंढना चाहिए, जिसमें तकनीकी सहायता मात्र सहायता के लिए ली जा सकती है।

**प्रो. आर.के.सिन्हा, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय कुलपति**



# सेक्टर अल्फा एक में रोड रिसर्फेसिंग में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पिछले कई सालों में ग्रेटर नोएडा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर पूरी अनियमितता बरती जा रही है। आश्चर्य की बात यह है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता घटिया होने के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी आंख पर पट्टी बांध कर बैठे हुए है। प्राधिकरण का कोई अधिकारी निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन करने मौके पर नहीं पहुंच रहा। ठेकेदार मनमानी तरीके से काम कर रहे हैं। ऐसे भी नहीं है कि प्राधिकरण अधिकारियों के पास शिकायत नहीं पहुंचती है, शिकायत पहुंचती है लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं करते हैं। हाल ही सेक्टर अल्फा वन के बी ब्लॉक में सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है, जोकि गुणवत्ता के आधार पर नहीं किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा 6 से 7 सालों में नई रोड बनाने का कार्य होता है वह भी गलत तरीके की क्वालिटी से बनाया जा रहा है और ना ही सही तरीके से कार्य किया जा रहा, अभी से रोड उखड़ रही है, बीच से रोड फट भी रही है, पता नहीं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी कैसे गलत कार्यों को भी (सही) उच्चाधिकारियों को बता देते हैं। प्राधिकरण का कोई भी अधिकारी इसका सत्यापन करने मौके पर नहीं पहुंचता है। निवासियों का कहना है कि कार्य होने के समय पर प्राधिकरण का कोई भी उच्च अधिकारी मौके पर नहीं रहता है जिसके कारण ठेकेदार घटिया क्वालिटी का माल लगवा देता है। सेक्टर अल्फा एक के लोगों का कहना है कि संबंधित उच्चाधिकारियों से निवेदन है कि 'बिटुमन (सीआरएमबी) की जांच कराई जाए' एवं कर्मचारी व ठेकेदार पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।



- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों पर अनदेखी
- सीईओ से शिकायत करने के बाद अल्फा-एक मेट्रो स्टेशन के नीचे टूटी सड़क की नहीं हुई मरम्मत

### ऐसा कोई पहला मामला नहीं

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के तहत होने वाले निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर पहली बार अंगुली नहीं उठी है। इससे पहले ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सड़क निर्माण के दौरान घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करने की शिकायत हुई थी। शिकायत के बाद आज तक प्राधिकरण की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### सेक्टर अल्फा-एक मेट्रो स्टेशन के नीचे सालों से टूटी है सड़क

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल पांच के तहत आने वाले अल्फा-एक मेट्रो स्टेशन के नीचे कई साल से सर्विस लेन की सड़क टूटी हुई। सड़क पूरी तरह गड्ढ़े में तब्दील हो गई है। गड्ढ़े में गाड़ियों के गिरने से आए दिन नुकसान होता रहता है। इस मामले में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से भी कई बार शिकायत की गई।

सीईओ ने शिकायत के दौरान वर्क सर्किल पांच के अधिकारी को बुलाकर एक सप्ताह के अंदर सड़क दुरूस्त करने का आदेश दिया। इसक असर यह हुआ है कि जहां पर सड़क टूटी थी वहां पर काम करने के बजाय छोटे -छोटे गड्ढ़े का पेंच भरकर काम का इतिश्री कर दिया। इसका फोटो सीईओ को भेज दिया। फोटो देखकर सीईओ भी संतुष्ट हो गए। इस समय ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में आईएएस अधिकारियों का बड़ा अमला तैनात है। इन अधिकारियों को भी कार्यालय से बाहर निकलने का समय नहीं है। अधिकारी जब कार्यालय से बाहर निकलेंगे तभी उन्हें पता चलेगा कि आज शहर की हालत कितनी बदतर हो गई है। प्राधिकरण के इतिहास में शायद शहर की अनदेखी ऐसी कभी नहीं हुई।

# पंचशील ग्रीन्स-दो के निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पंचशील ग्रीन्स-दो के परेशान रेजिडेंट बिल्डर की तरफ से अनावश्यक रूप से मेंटेनेंस शुल्क पर लेट पेमेंट फी लगाए जाने का विरोध करने मेंटेनेंस ऑफिस में जमा हुए और बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रविवार को मेंटेनेंस ऑफिस के मैनेजर से कोई ठोस आश्वासन न मिलने के बाद नाराज लोग सोसाइटी के अंदर ही नारेबाजी करते हुए पंचशील ग्रुप के सीईओ अंकुर नागर से मिलने के लिए उसके ऑफिस में गए। परंतु उन्होंने अपने स्वास्थ्य का बहाना बनाकर रेजिडेंट से मीटिंग कल करने की बात कह कर टाल दिया। लोगों की नाराजगी इस बात कर लेकर है कि मेंटेनेंस के एवज में जो पैसा जमा कर रहे हैं उसको बिल्डर लेट पेमेंट फी में एडजस्ट कर दे रहा हैं एवं आए दिन लोगों के बिजली कनेक्शन बिना किसी सूचना के चुपचाप काट दे रहा है क्योंकि निवासियों के अनाप-शनाप बैलेंस को उनके लेजर में दिखाया हुआ है, जिससे निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उस दौरान लोगों का कहना है कि बिल्डर को लोगों के घरों में लगे हुए बिजली काटने का अधिकार नहीं है तथा बिजली एवं पानी को मूलभूत अधिकार देश की सर्वोच्च अदालत ने भी माना है उसके बाद भी इस बिल्डर के ऊपर किसी का कोई खौफ नहीं है। आए दिन अपनी मनमानी एवं तानाशाही फैसलों से निवासियों को परेशान करता रहता है। लोगों का आरोप है कि लगभग 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी ना सोसाइटी में अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन बनाने की पहल बिल्डर कर रहा है ना सोसाइटी मेनटेन कर रहा, उल्टा लोगों को तंग करता रहता है। बिल्डर बार-बार यह कहता है कि सोसाइटी मेंटेनेंस में उसे घाटा लग रहा है, जिसपर निवासियों का कहना है कि यदि बिल्डर को घाटा लग रहा है तो वह मेंटेनेंस छोड़कर क्यों नहीं चला जाता है। आखिर 6 साल के मेंटेनेंस की ऑडिट रिपोर्ट बिल्डर क्यों नहीं निवासियों के साथ साझा करता है। निवासियों का तो यहां तक कहना है कि आखिर योगी राज में भी बिल्डरों पर लगाम अब तक क्यों नहीं लग पाई है।




- आरोप है कि मरम्मत शुल्क पर लगाया जा रहा है लेट पेमेन्ट
- अनावश्यक रुप से काट दी जा रही है बिजली व पानी

## सीता रसोई का भाजपा प्रत्याशी व विधायक ने किया उद्घाटन

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मां सीता रसोई (रेस्टोरेंट) का उद्घाटन किया तथा मां सीता रसोई फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित भंडारे के आयोजन में दादरी विधायक तेजपाल नागर तथा पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण के साथ सम्मिलित रहें। इसके उपरांत ग्रेटर नोएडा कार्यालय में लोकसभा क्षेत्र में हुए चुनाव के समापन के बाद अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात कर चुनाव के बारे में जाना।

## भागवत कथा में शामिल होंगे देशभर के संत, गौ सेवा के किया जाएगा जागरुक

**दनकौर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। आगामी 10 से 17 मई से नोएडा की श्री कृष्ण सुदामा गौरक्षधाम में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस कथा में श्री राम जन्मभूमि न्यास के नृत्यगोपाल दास महाराज व रामदेव आदि समेत देशभर के सैंकड़ो संत शामिल होंगे।

महामंडलेश्वर भैया जी महाराज को मुख्य कथा वाचक के रूप में बुलाया गया है। कथा स्थल तक पहुंचने के लिए आयोजको ने जगह जगह से नि:शुल्क बस चलाने की बात कही है। रविवार को दनकौर के विवेकानंद विद्यापीठ स्कूल में पहुंचे आयोजक संत राममंगल दास व नवीन महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-146 नोएडा की इस प्राचीन गौशाला में करीब 4 हजार बेसहारा व अंधे गौवंश का पालन पोषण किया जा रहा है। इस गौशाला में कथा कराने का उद्देश्य लोगों को गायों की सेवा करने के प्रति जागरूक करना है। कथा के दौरान 21 कुंडीय महायज्ञ होगा और दो दिन का पंडोखर सरकार का दिव्य दरबार भी लगाया जाएगा। कथा का समय शाम 4 बजे से होगा। इस दौरन दिनेश्वर गोविल व सचिन बंसल आदि मौजूद रहे।



# नौकरी छोड़कर पति-पत्नी ने शुरू किया स्टार्टअप, मिला एक करोड़ का अनुदान

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके विकास के लिए ग्रेटर नोएडा के रहने वाले अनुकृत शर्मा जौहरी व उनकी पत्नी मंजरी शर्मा ने पूणे में फार्म दीदी की शुरुआत की। अब तक पन्द्रह सौ से अधिक दीदीयां जुड़ चुकी है, 70 महिलाएं अचार बनाकर सेल कर रही हैं और आत्मनिर्भर बन गई हैं। दस लाख महिलाओं को रोजगार परक बनाने का लक्ष्य रखा है। मोबाइल एप्प के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को ट्रेनिंग देती हैं। ग्रेटर नोएडा के रहने वाले अनुकृति अनिल जौहरी व उनकी पत्नी मंजरी शर्मा अपनी नौकरी छोड़कर महिलाओं को प्रशिक्षित कर ही हैं। इनके पिता अनिल जौहरी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

दोनों को सोनी टीवी कार्यक्रम में सार्क टैंक इंडिया कार्यक्रम के दौरान एक करोड़ रुपए का अनुदान मिला है,सार्क टैंक छोटी-छोटी कंपनियों को प्रोत्साहित करती है। अनुदान देने वालों में विनीता सिंह और पीयूष बंसल शामिल हैं। मंजरी शर्मा बहादुर गढ़ से स्कूलिंग की दिल्ली के रामजस कालेज से पढ़ाई की, आईआईएम कोलकाता से एमबीए किया, टेक्नॉलॉजी सेक्टर में काम किया, इंटरनेशल सेक्टर में काम करने के बाद अपना जॉब छोड़ दिया। अनुकृत अनिल जौहरी लखनऊ से स्कूलिंग करने के बाद ग्रेटर नोएडा डीपीएस से पढ़ाई की, दिल्ली पब्लिक स्कूल से आरके पुरम से पढ़ाई के बाद मकैनिकल इंजीनियरिंग की। इसी दौरान कोलकाता से एमबीए किया और कुछ समय तक जॉब करने के बाद स्टार्टअप शुरु किया। अनुकृत ने बताया कि गांव-गांव जाते हैं दीदीयों से मिलते हैं। उन्होंने कई दीदीयों की लाइफ को प्रभावित किया। जुड़ने के बाद दीदियां अपनी आवश्यकता को पूरा कर रही है। अचार की सप्लाइ चेन महाराष्ट्र सरकार से एमओयू साइन हुआ है। इनकी टीम गांवों में जाकर स्वादिष्ट अचार बनाने की विधि बताई जाती है, प्रोडेक्ट बनने के बाद लैब में चेक किया जाता है। उसके बाद उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाता है। गांव की महिलाएं पांच से दस हजार रुपये हर महीने कमा रही है। साल में 55 लाख से 60 लाख तक की सेल होती है, डिमांड जनरेट कर रहे हैं, वेबसाइट व मार्केट में बिक्री की जाती है। जो भी उत्पाद बनाते हैं उसमें स्थानीय फ्लेवर दिया जाता है। बिक्री के दौरान 65 प्रतिशत तक मार्जिन है।




- ग्रामीण महिलाओं को अचार बनाने के लिए देते हैं प्रशिक्षण
- पूरे देश में दस लाख महिलाओं को रोजगार परक बनाने का रखा है लक्ष्य
- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मैनेजर के बेटे व बहू हैं अनुकृत व मंजरी

# नेफोवा के सदस्यों ने मैराथन दौड़ का प्रोकैम स्लैम प्रतियोगिता किया पूरा

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। नेफोवा के दो सदस्यों, अध्यक्ष अभिषेक कुमार और दीपक गुप्ता ने प्रोकैम स्लैम सफलतापूर्वक पूर्ण कर उपलब्धि हासिल की है। प्रोकैम स्लैम उपलब्धि के लिए किसी भी व्यक्ति को एक वर्ष के भीतर दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और बेंगलुरु में आयोजित सभी चार प्रमुख मैराथन प्रतियोगिता में भाग लेना शामिल है।

जो ये चारों प्रतियोगिता को पूरा कर लेता है उसे प्रोकैम स्लैम चैंपियन का खिताब दिया जाता है। नेफोवा के अभिषेक कुमार और दीपक गुप्ता बैंगलोर में दौड़ पूरा कर ये खिताब हासिल कर लिया। अभिषेक कुमार और दीपक गुप्ता का स्वस्थ जीवन शैली और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने के लिए समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ लोगों को जागरूक करने के प्रति प्रतिबद्धता एक उदाहरण बनेगी, लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति सजग होने के लिए।

उनका यह कारनामा, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के बाद, व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए स्वच्छ परिवेश की वकालत करने वाला एक बहुत ही स्पष्ट और महत्वपूर्ण संदेश देता है 'स्वास्थ्य है तो सब है, पर्यावरण स्वच्छ है तो स्वास्थ्य है'। नेफोवा सदस्यों ने दौड़ और साइकिल चलाने वाले समूहों सहित विभिन्न फिटनेस गतिविधियों में सदस्यों की भागीदारी में वृद्धि के लिए कई प्रयास किए हैं। ये पहल न केवल संगठित स्वस्थ समाज के निर्माण को बढ़ावा देती हैं बल्कि व्यक्तियों के लिए अपनी भलाई को प्राथमिकता देते हुए अपने स्वास्थ्य और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान करने के लिए मंच के रूप में भी काम करती हैं। दीपांकर कुमार ने कहा कि प्रोकैम स्लैम को पूरा करने में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हमें अभिषेक कुमार और दीपक गुप्ता पर बेहद गर्व है। उनका समर्पण न केवल हमारे सदस्यों को प्रेरित करता है बल्कि सभी के लिए एक स्वस्थ और अधिक उत्कृष्ट जीवन शैली को बढ़ावा देने के नेफोवा के मिशन को भी रेखांकित करता है।




## बीटेक के छात्र की संदिग्ध अवस्था में मौत, पुलिस कर रही है जांच

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। बीटा-दो कोतवाली क्षेत्र में सेक्टर अल्फा-एक के पीजी में रहने वाले बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र आशीष शर्मा (21) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। छात्र के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। हालांकि पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है। जांच में पता चला है कि छात्र मोबाइल गेम पबजी खेलने का आदी था। पुलिस उसके दोस्तों और पीजी में रहने वालों से छात्रों से पूछताछ कर रही है। साथ ही उसके मोबाइल में मिले नंबरों की जांच की जा रही है। मूल रूप से बरेली के कस्बा कंधार के निवासी आशीष शर्मा के पिता धीरपाल शर्मा सेना से सेवानिवृत्त हैं। उनके तीन बेटों में मंझला बेटा आशीष ग्रेनो के एनआईटी कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर को अल्फा-1 के पॉकेट डी-1 स्थित पीजी के एक कमरे का दरवाजा बंद होने की सूचना मिली। कमरे में दो अन्य छात्र भी रहते हैं, जो घटना के समय वहां नहीं थे। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर आशीष का शव पड़ा था। ऐसा लग रहा था कि जैसे उसने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन किया था।

थाना बीटा-2 प्रभारी के मुताबिक शुक्रवार 26 अप्रैल को ही आशीष बरेली से यहां आया था। शनिवार रात उसकी घर पर भी बात हुई थी। पीजी में रह रहे अन्य छात्रों ने पुलिस को बताया कि आशीष मोबाइल गेम पबजी खेलने का आदी था। उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाराही मेले में राजस्थान के कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। सूरजपुर में चल रहे बाराही मेला लोगों की भीड़ उमड़ी बाराही मेले में लगे मीना बाजार में महिलाएं जरूरत के सामान की खरीदारी करती हुई दिखाई दी। जब कि मनोरंजन को लेकर लोग जादू, नट कला, सर्कस, हंसी घर और झूलों की ओर उमड पडे। हलुवा परांठा, खजला और छोले भटूरे की दुकानों पर खास व्यंजनों का लुत्फउठाते हुए दिखाई दिए। बाराही मेले के लोक कला सांस्कृतिक मंच पर बीन तुंबा पार्टी और राजस्थान से आए लोक कलाकारों का खास नृत्य भी लोगों का मनमोह रहा है। राधे स्नेह विद्या निकेतन स्कूल के बच्चों ने गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुति देते हुए लोगों का मन मोह लिया। रविंद्र बैंसला, संध्या चौधरी एंड पार्टी के कलाकारों अंजलि शर्मा, प्रवीन बैंसला, जनकराज और उदयवीर बैंसला, बलेराम भाटी ने एक से बढ़कर प्रस्तुतियां देते हुए लोगों का मनमोह लिया। संध्या चौधरी ने शिव मंदिर सेवा समिति के महासचिव ओमवीर बैंसला से रचित बाराही माता पर आधारित मल्हार अरी चेत्र महीना, री बहना, मेला लगा सी, री बहना आई है पूरणमासी, दर्शन को आंखे प्यासीं, चलो बाराही माता धाम को प्रस्तुत करते हुए खूब वाहवाही लूटी। अंजलि शर्मा और प्रवीन बैंसला ने नरसी भात प्रंसग से- भातई बनके आया, तने शर्मा नही आई और रविंद्र बैंसला व प्रवीन बैंसला ने भृतहरि किस्से से विक्रम- भृतहरि संवाद पर रागनी प्रस्तुत की। रविंद्र बैंसला और संध्या चौधरी ने सत्यवान सवित्री के किस्से से- अरे प्राण पति आज बता हाथ कांप रहे तेरे और उदयवीर बैंसला व जनकराज ने रंडुवा और बहूवाला किस्से से सवाल जवाब की रागनी प्रस्तुत करते हुए खूब वाहवाही लूटी। मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि कल सोमवार की सांय हरियाणा और राजस्थान के कलाकारों तथा जे.एस. कान्वेंट स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

जब कि रात्रिकालीन रागनियों के रंगारंग कार्यक्रमों में केशव गुर्जर, शिवानी एंड पार्टी के पूजा शर्मा, राहुल बालियान, डिंपल चौधरी, कविता चौधरी, बिट्टू भाटी, मोहित भाटी, अभिषेक मावी आदि कलाकार खास प्रस्तुतियां देंगे।




- लोकगायन रागिनी कलाकारों को सुनने के लिए लोगों की पहुंच रही है भीड़

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# सोए भारत को जगाने के लिए एनईपी लागू किया गया है : शशिकला वंजारी

## गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में स्कूल लीडर्स मीट- शिक्षा के भविष्य की दिशा में खोज का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग ने 'स्कूल लिडर्स मीट : एक्सप्लोरिंग द फ्युचर डायरेक्शन ऑफ एजुकेशन' का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के.सिन्हा, कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. बंदना पांडेय के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान की कुलपति प्रो. शशिकला वंजारी, की-नोट स्पीकर इग्नू के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. एम.एम.पंत, विशिष्ट वक्ता एनसीईआरटी की जी.सी. मेम्बर डॉ. अनीता शर्मा, अतिथि सीबीएसई, नोएडा की ज्वाइंट सेक्रेटरी मिसेज उर्मिला आर्या रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. शशिकला वंजारी ने गौतम बुद्ध का वाक्य 'मनुष्य को लक्ष्य पाले ने से अच्छा, लक्ष्य प्राप्ति की यात्रा अच्छी होनी चाहिए' के माध्यम से सभा को संबोधित किया, हमें स्कूल और विश्वविद्यालय की शिक्षा की दिशा तय करनी होगी। एनईपी के अनुसार शिक्षा में जो परिवर्तन आया है उसे ध्यानपूर्वक देखना होगा।

एनईपी की शुरूआत आज से नहीं बल्कि 1911 में रविन्द्र नाथ टैगोर की कविता के साथ ही शुरू हो जाती है। यह अलग बात है कि उस समय टैगोर ने परतंत्र भारत को जगाने के लिए कविताएं लिखी थी आज सोए भारत को जगाने के लिए एनईपी लागू किया गया है। की-नोट स्पीकर प्रो.एम.एम.पंत ने शिक्षा में हायर एजुकेशन मुफ्त हो ताकि विद्यार्थी के आसानी से तनावमुक्त होकर शिक्षा ग्रहण कर सके जैसी बातों पर जोर देते हुए कहा कि 'शिक्षा बहुमुखी होनी चाहिए, जिससे राष्ट्र का बहुमुखी एवं समग्र विकास हो सकता है।

साइंस और आर्ट साइंस दोनों को मिलजुल कर चलना चाहिए और एक-दूसरे के विषय में जानकारी होनी चाहिए, ताकि विज्ञान के साथ मानवता को भी समझा जा सके'। विशिष्ट वक्ता डॉ. अनीता शर्मा ने विद्यार्थियों के लिए इंटरशिप और इनोवेशन को बढ़ावा देने की बात करते हुए कहा कि स्कूल में बच्चों को प्रोजेक्ट में काम मिलना चाहिए, ताकि बच्चा जिज्ञासू और खोजी प्रवृत्ति का बन सके और अपना लक्ष्य स्वयं निर्धारित कर सके। सम्माननीय अतिथि मिसेज उर्मिला आर्या कहा कि स्कूली एजुकेशन और हायर एजुकेशन में अंतर होने के कारण कई समस्याएं आती हैं, जिसे दूर करने की आवश्यकता होती है। हमें स्कूल में बच्चों के प्रश्नों को समझने और समझाने की जरूरत है ताकि वह संतुष्ट हो सके और उसमें अधिक से अधिक प्रश्न पूछने की जिज्ञासा और निर्णय लेने की क्षमता उत्पन्न करने की जरूरत है। यदि बच्चे का विकास सही दिशा में नहीं हो रहा है तो कारण जाकर समाधान करने की जरूरत है। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि विद्यालय जिज्ञासा शांत करता है तो विश्वविद्यालय समस्याओं का समाधान करता है। सभी प्राध्यापकों को अपनी बौद्धिक क्षमता पर विश्वास करना चाहिए और समाधान ढूंढ़ना चाहिए, जिसमें तकनीकी सहायता मात्र सहायता के लिए ली जा सकती है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय विजन पर चर्चा करते हुए विश्वविद्यालय को ग्लोबल बनाने की प्रक्रिया पर बात किए और कहा कि यह विश्वविद्यालय मल्टी डिसीप्लीनरी है, इसका मिशन क्मयुनिटी ऑफ स्कॉलर्स को जनरेट करना है। डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के विभागाध्यक्ष डॉ.आर.के.श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय का विस्तार से परिचय तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विनोद कुमार शनवाल ने सभी का परिचय दिया।






कार्यक्रम में कई शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य व शिक्षाविद हुए शामिल

# घर में घुसकर परिवार पर हमला, 7 घायल

**रबूपुरा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दबंगो द्वारा घर में घुस कर परिवार पर हमला करते हुए जमकर मारपीट की और पथराव किया गया। घटना में 7 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों का दावा है कथित बसपा नेता के भाई द्वारा महिला से छेड़छाड़ का विरोध करने पर वारदात को अंजाम दिया गया। शिकायत के बावजूद भी पहले तो पुलिस मामले को शांति भंग में कार्रवाई कर रफा दफा करने के प्रयास में जुटी रही तथा अधिकारियों की फटकार के बाद रिपोर्ट दर्ज हुई। पुलिस का कहना है छेड़छाड़ का कोई मामला नहीं है तथा तहरीर अनुसार मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस अनुसार गांव निलोनी शाहपुर निवासी रिंकू पुत्र गंगाचरण ने शिकायत की है कि उसका भतीजा विवेक शनिवार शाम गली में खेल रहा था तभी गांव के ही देव पुत्र जोगिंदर व नीरज पुत्र सोहनलाल ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। शोर सुन बचाव के लिए आये पीड़ित के परिवार को देख आरोपियों ने अपने अन्य भाईयों को बुला लिया और पीड़ित के घर मे घुस कर लाठी डंडे, लोहे की रॉड, तमंचा आदि से पीड़ित के परिवार पर हमला करते हुए जमकर तांडव मचाया। हमले में रिंकू, नरेन्द्र, गंगाचरन, काजल, विवेक, खजान, रोहन घायल हो गए। आरोप है आरोपी दबंग व आपराधिक प्रवृत्ति के है जोकि किसी अप्रिय वारदात को अंजाम दे सकते हैं। बताया जाता है कथित बसपा नेता के दबाव में पहले तो पुलिस मामले को रफा दफा करने में लगी रही और तीन लोगों के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई कर पल्ला झाड़ लिया। मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने व उनकी फटकार के बाद पुलिस हरकत में आई। उधर पुलिस का कहना है कि घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है और पीड़ित की तहरीर पर नीरज, जोगिंदर, सतेन्द्र, जीतू व इन्द्र पुत्रगण सोहनलाल, आर्यन व देव पुत्र जोगिंदर व सोहनलाल पुत्र भभूती के विरूद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।




- बसपा नेता के भाई द्वारा महिला से छेड़छाड़ का विरोध करने पर दिया वारदात को अंजाम
- अधिकारियों की फटकार के बाद दर्ज हुई पीड़ित की रिपोर्ट

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 29 अप्रैल 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# कर्नाटक में यौन शोषण का गंभीर प्रकरण

आम चुनावों के लिए दो चरणों के मतदान हो चुके हैं और अब 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। इस बीच एक चौंकाने वाली खबर कर्नाटक से आई है। यहां की हासन सीट से मौजूदा सांसद और एनडीए उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना 26 अप्रैल को हुए मतदान के बाद अगले दिन तड़के ही जर्मनी चला गया है। जर्मनी जाने का असली मकसद चुनाव की थकान उतारना है या कोई और वजह है, यह तो अभी सामने नहीं आया है। लेकिन खास बात यह है कि रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण की शिकायतों के बाद सिद्धारमैया सरकार ने विशेष जांच दल गठित किया है और अब एसआईटी रेवन्ना की तलाश कर रही है। गौरतलब है कि रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के यौन शोषण का गंभीर आरोप लगा है और इसके कई सौ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। रेवन्ना के खिलाफ राज्य महिला आयोग में कर्नाटक महिला दौर्जन्या विरोधी वेदिके संगठन ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया कि प्रभावशाली राजनेताओं द्वारा महिलाओं का यौन शोषण करने और उन्हें यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने के दृश्य पूरे हासन जिले में पेन ड्राइव के माध्यम से फैलाए जा रहे हैं और सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किए जा रहे हैं। वीडियो में कथित तौर पर प्रज्जवल रेवन्ना को कई महिलाओं के साथ दिखाया गया है। वेदिके ने महिला आयोग को अपनी शिकायत में कहा है- इस घटना ने कई महिलाओं के जीवन को खतरे में डाल दिया है और उनकी गरिमा को नुकसान पहुंचाया है। इस शिकायत के बाद राज्य महिला आयोग ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक को खत लिखा और उसके बाद एसआईटी गठित की गई। हालांकि इससे पहले ही रेवन्ना के जर्मनी जाने की खबरें आ गई थीं।

प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोता और हासन की होलेनारसीपुर से विधायक एच डी रेवन्ना का बेटा है। रेवन्ना की पार्टी जेडीएस, एनडीए में भाजपा की सहयोगी है। इस लिहाज से अब भाजपा पर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर महिलाओं के यौन शोषण के इस गंभीर मुद्दे पर उसकी राय क्या है। क्या रेवन्ना को एनडीए का उम्मीदवार इसलिए बनाया गया, क्योंकि वह राजनीति में रसूखदार परिवार से आता है। क्या रेवन्ना को टिकट देना परिवारवाद का उदाहरण नहीं है। लेकिन हैरत की बात यह है कि भाजपा ने इस समूचे विवाद से खुद को किनारे कर लिया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एस प्रकाश का कहना है कि, 'हमारा, एक पार्टी के तौर पर इस वीडियो से कोई लेना-देना नहीं है। न ही हमने इस मामले में राज्य सरकार द्वारा विशेष जांच दल गठित करने के फैसले पर कोई टिप्पणी की है।'

भाजपा की यह प्रतिक्रिया अप्रत्याशित नहीं है। हाल के कुछ उदाहरण यही बताते हैं कि जहां भाजपा को राजनैतिक फायदा दिखता है, वहां यौन शोषण जैसे गंभीर मामलों में उसका लेना-देना बनता है, अन्यथा नहीं बनता। मणिपुर में जब दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर सरेराह घुमाने का भयावह वीडियो सामने आया, और इस पर भाजपा चौतरफा घिर गई, तब जाकर प्रधानमंत्री मोदी ने दो-तीन पंक्तियों का वक्तव्य दिया। इस बीच महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाए, लेकिन श्री मोदी ने उन्हें संसद या पार्टी से बाहर करने की कोई पहल नहीं की। बल्कि महिला पहलवानों को न्याय के लिए संघर्ष करते रोने पर मजबूर कर दिया। लेकिन प.बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण के मामले में जब वहां सत्ता पर बैठी तृणमूल कांग्रेस को घेरने का मौका श्री मोदी को नजर आया, तो इस मौके को उन्होंने नहीं गंवाया। संदेशखाली की महिलाओं से मुलाकात कर वहां एक भाषण में श्री मोदी ने उन्हें इंसाफ दिलाने की बात कही। अब यौन शोषण का एक गंभीर मामला कर्नाटक से सामने आया है, जिसमें संयोग से भाजपा के सहयोगी दल का नेता शामिल है, तो भाजपा ने फिर से मणिपुर वाली चुप्पी साध ली है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान को हिंदू धर्म की शक्ति पूजा से जोड़ते हुए कहा था कि राहुल गांधी ने शक्ति का अपमान किया और साथ ही दावा किया था कि वे शक्ति स्वरूपा माताओं-बहनों की रक्षा के लिए जान की बाजी लगा देंगे। मणिपुर से लेकर महिला पहलवानों के मुद्दे तक तो प्रधानमंत्री मोदी से निराशा ही हाथ लगी है, अब देखना होगा कि प्रज्व्वल रेवन्ना पर कथित तौर पर यौन शोषण के आरोप जिस तरह से लगे हैं, उसमें पीड़ित महिलाओं की रक्षा करने के लिए श्री मोदी क्या कदम उठाते हैं। बताया जा रहा है कि पीड़ित महिलाओं में कई पिछड़े समुदायों से हैं, यानी यहां अपराध की प्रकृति और गंभीर हो गई है।

फिलहाल चुनाव के दौरान कर्नाटक के इस यौन शोषण मामले के सामने आने से भाजपा और जेडीएस के लिए मुसीबतें बढ़ गई हैं, क्योंकि अभी आगे के पांच चरणों में कई सीटों पर मतदान बाकी है। प्रज्व्वल रेवन्ना का विरोध राज्य में कई जगहों पर हो रहा है और हासन के सांसद के पुतले जलाए जा रहे हैं। लोग प्रधानमंत्री मोदी से मांग कर रहे हैं कि वे इस बारे में कोई वक्तव्य दें। इस प्रकरण से भाजपा को बड़ा झटका इसलिए लग सकता है क्योंकि दक्षिण भारत में यही एक राज्य था, जहां भाजपा का थोड़ा-बहुत आधार बचा था। लेकिन अब वो भी खत्म हो सकता है।

हालांकि रेवन्ना और यौन शोषण प्रकरण को केवल सियासी लाभ-हानि के सीमित दायरे में नहीं देखा जाना चाहिए। यह एक बेहद गंभीर मामला है, जहां सत्ता की ताकत का इस्तेमाल करके हजारों महिलाओं के कथित यौन शोषण के आरोप लगाए गए हैं। और उससे भी गंभीर बात यह है कि एसआईटी का गठन होने से पहले ही आरोपी देश से बाहर जा चुका है। रेवन्ना को वापस लाए बिना इस मामले की पूरी जांच नहीं हो सकती। और अगर रेवन्ना वापस नहीं आया तो फिर पीड़ित महिलाओं के साथ एक बड़ी नाइंसाफी होगी, साथ ही हासन की जनता के साथ भी अन्याय होगा। महिलाओं और पिछड़ों के साथ खड़े होने का दावा करने वाले श्री मोदी इस मामले में क्या कोई सख्ती दिखाएंगे, ये देखना होगा।

# राहुल प्रियंका मोदी जी से तो लड़ लेंगे कांग्रेसियों से कैसे लड़ें!



शकील अख्तर

> आप से गठबंधन का अब इस स्टेज में विरोध करने का क्या मतलब ? केवल भाजपा को फायदा पहुंचाना। जब एक बार पार्टी ने तय कर लिया फिर चाहे कितना ही बड़ा नेता क्यों न हो और पार्टी भी कांग्रेस के अलावा कोई और भी क्यों न हो तो फिर बवाल करने का क्या मतलब! कांग्रेस को किसी दुश्मन की जरूरत नहीं। अच्छी भली गाड़ी आगे बढ़ रही है।

वह कहते हैं ना कि कांग्रेस को दुश्मनों की जरूरत नहीं! कांग्रेसी यह काम खुद बखूबी करते हैं। उस समय जब दो फेज के मतदान के बाद कांग्रेस और इंडिया गठबंधन एज पर दिख रहा था। उसके हौसले बढ़े हुए थे। अखिलेश यादव ने कन्नौज से नामांकन भर के यूपी में धमाका कर दिया था। अमेठी रायबरेली से राहुल प्रियंका लड़ें की आवाजें तेज हो रहीं थीं तब ही दिल्ली के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने ढेर सारे आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। दिल्ली में बन रहे कांग्रेस और आप के माहौल को पलीता लगा दिया।

गलती किसकी ? लवली की ? बिल्कुल नहीं ! आठ महीने पहले उन्हें जब अध्यक्ष बनाया था तो हमने आश्चर्य में सबसे छोटी खबर लिखी थी। एक वाक्य की। लिखा था- 'भाजपा रिटर्न लवली को कांग्रेस ने अपना दिल्ली अध्यक्ष बनाया।' जो आदमी जब पार्टी सत्ता में थी केन्द्र और दिल्ली दोनों जगह तब उसके सारे सुख ले रहा हो। दिल्ली की शीला दीक्षित सरकार में दस साल मंत्री रहे हों। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी। वह भाजपा में चला जाए! और जब वहां कुछ नहीं मिले तो वापस कांग्रेस में आकर फिर प्रदेश अध्यक्ष बन जाए तो इसे क्या कहेंगे। लवली की गलती ?

यही कांग्रेस है। पिछले दस साल से। जहां परिवार लगातार संघर्ष कर रहा है। उनकी एसपीजी की सिक्योरटी ले ली। राहुल प्रियंका के घर खाली करवा लिए। राहुल की लोकसभा सदस्यता छीनी। ईडी ने कई-कई दिन सोनिया और राहुल से पूछताछ की। राहुल पर दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे लगाए। पार्टी के बैंक खाते सीज किए। मगर फिर भी परिवार लड़ रहा है।

मोदी जी सोचते थे डर जाएंगे। मगर उन्हें नहीं मालूम था कि यह परिवार किसी दूसरी ही मिट्टी से बना हुआ है। डरता नहीं है। दो-दो सदस्य देश के लिए शहीद हो गए। अभी प्रियंका कह रही थीं कि मेरी दादी का सीना गोलियों से छलनी कर दिया। अपने पिता को मैं टुकड़ों में उठा कर लाई हूं। मगर हम किसी 56 इंच सीना कहने वाले से नहीं डरते। उनका सीना 56 इंच का नहीं है। हमारे सीने लोहे के हैं।

परिवार अभी भी लड़ रहा है। लेकिन जिस परिवार की दम पर कांग्रेसी 2004 में सत्ता में वापस आए थे उसके बारे में यह कभी सोचते नहीं हैं। सोचना तो दूर सीधे उसके खिलाफ खड़े हो जाते हैं। जी 23 कोई भूलने वाली घटना नहीं है। राहुल प्रियंका उसे भूलते हैं तो अपने लिए ही खाई खोदते हैं। जी 23 सीधे-सीधे राहुल के खिलाफ था। राहुल के हौसले को तोड़ने की कोशिश।

मगर जैसे मोदी जी यह काम नहीं कर पाए। कांग्रेसी भी नहीं। और कांग्रेसी भी कोई छोटे मोटे नहीं! सबसे सीनियर मोस्ट सबसे ज्यादा मलाई खाने वाले प्रणव मुखर्जी और गुलाम नबी आजाद। प्रणव मुखर्जी को तो सर्वोच्च पद राष्ट्रपति तक पहुंचाया। मगर उन्हें शिकायत रही और अब उनकी बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी कहती है कि प्रधानमंत्री क्यों नहीं बनाया।

अच्छा अगर प्रधानमंत्री बना देते तो आज कौन कह सकता है कि फिर वे आरएसएस मुख्यलय नागपुर नहीं जाते! आजाद के बारे में तो कहना ही क्या। जो अपने राज्य जम्मू-कश्मीर से कभी नहीं जीत पाए उन्हें 1980 में इन्दिरा गांधी ने महाराष्ट्र से लोकसभा चुनाव जिताया था। अभी अनंतनाग से लड़ने की बात कर रहे थे। भाजपा चाहती भी थी। समर्थन तो हर तरह का था ही। मगर डर गए। हिम्मत तो पहले ही अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र उधमपुर से लड़ने की नहीं जुटा पाए थे। वहां से एक बार लड़े थे 2014 में। मगर डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बुरी तरह हराया था।

तो इस तरह वे नेता जिन्हें कांग्रेस ने उंगली पकड़कर आगे बढ़ाया हो उन्होंने भी पिछले दस साल में अपनी औकात दिखा दी। कृतघ्नता की सारी हदें पार कर दीं। और नाम तो अभी यह दो बड़े नेताओं के लिए बाकी लिस्ट तो ज्योतिराजदित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह, मिलिंद देवड़ा जैसे उन नेताओं की भी है जिनके पिता जितिन की माताजी को भी कांग्रेस ने ऊंचे से ऊंचे पद दिए। और खुद बेटों को दस साल यूपीए के टाइम में मंत्री रखा मगर सत्ता जाते ही सब भाग लिए। भागने वालों की बड़ी लंबी लिस्ट है। लेकिन इसमें लवली का पार्ट आश्चर्यजनक इसलिए है कि उन्हें बीजेपी में जाने के बाद दिल्ली कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया।

अगस्त 2023 में उन्हें जब अध्यक्ष बनाया तो पार्टी के लिए वफादारी के साथ हमेशा काम करते रहे रहने वालों को केवल आश्चर्य ही नहीं दु:ख भी हुआ। कांग्रेस में मलाई खाओ। सत्ता चली जाए तो बीजेपी में चले जाओ। फिर वापस आकर अध्यक्ष बन जाओ। और बीच चुनाव में धोखा दे जाओ।

लवली का धोखा देना मामूली बात नहीं है। दिल्ली देश की राजधानी है। यह पूरे देश की राजनीति का टोन सेट करती है। जो यहां से जीतता है वह केन्द्र में सरकार बनाता है। भाजपा ने 2014 और फिर 2019 दोनों बार दिल्ली की सातों सीटें जीती थीं। इससे पहले 1977 में जनता पार्टी ने सातों सीटें जीती और पहली बार केन्द्र में गैरकांग्रेसी सरकार बनाई। 1980 में इन्दिरा गांधी ने दिल्ली की सातों सीटें जीतकर वापसी की थी।

इस बार दिल्ली में बाद में चुनाव है। 25 मई को। देश भर की हवा यहां आ रही है। कांग्रेस और आप का मजबूत गठबंधन और सालिड होता जा रहा था। भाजपा के एक को छोड़कर सारे उम्मीदवार नए थे। जिनके टिकट काटे थे वे सब अंदर ही अंदर नाराज थे। भाजपा में कोई कांग्रेस की तरह तो अनुशासनहीनता कर नहीं सकता। लेकिन उनका नाराज होना भाजपा के लिए चिंता की बात थी।

और यह लवली का करम कोई अनुशासनहीनता नहीं है। फौज की भाषा में बगावत कोर्ट मार्शल का मामला है। कमांडिग आफिसर ( सीओ) बीच युद्ध में भागने लगे तो क्या करते हैं ? कांग्रेस में एक पूर्व सैनिकों का का डिपार्टमेंट भी है। उसमें कई रिटायर्ड सीनियर सेना अधिकारी हैं। उन्हें कांग्रेस को बताना चाहिए कि क्या किया जाता है!

लेकिन यहां कांग्रेस में तो उलटी गंगा बहती है। लवली को तत्काल पार्टी से बाहर किए जाने के बदले उन्हें मनाने की कोशिश हो रही है। कह रहे हैं कांग्रेस अध्यक्ष बात करेंगे। कांग्रेसियों का कोई भरोसा नहीं है कि राहुल को भी बीच में डाल दें।

क्या आरोप लगाए हैं लवली ने कि बाहरी लोगों को टिकट दिए। अच्छा वे भाजपा से होकर आए हैं और दूसरों को बाहरी कह रहे हैं! सच बात यह है कि ये बाहरी ऐसे हैं जिन्होंने दिल्ली में माहौल बना दिया। कन्हैया कुमार का जैसा विरोध भाजपा करती है वैसा ही कांग्रेस के नेता भी करेंगे तो उनमें और भाजपा में क्या फर्क रह जाएगा ? उदित राज गए थे भाजपा में मगर पांच साल पहले आ गए और तब से काम कर रहे हैं। तीसरे प्रत्याशी जेपी अग्रवाल अपने आप में दिल्ली की एक पहचान हैं। चांदनी चौक के लिए उनसे अच्छा उम्मीदवार और कौन था कांग्रेस में ?

आप से गठबंधन का अब इस स्टेज में विरोध करने का क्या मतलब ? केवल भाजपा को फायदा पहुंचाना। जब एक बार पार्टी ने तय कर लिया फिर चाहे कितना ही बड़ा नेता क्यों न हो और पार्टी भी कांग्रेस के अलावा कोई और भी क्यों न हो तो फिर बवाल करने का क्या मतलब!

कांग्रेस को किसी दुश्मन की जरूरत नहीं। अच्छी भली गाड़ी आगे बढ़ रही है। मगर नेता पहियों से लिपटे पड़े हैं। खुद ही उसे बढ़ने से रोक रहे हैं। राहुल और प्रियंका कितना दम लगाएंगे!

मोदी जी से तो लड़ लेंगे इनसे कैसे लड़ें! एक ही रास्ता होता है। निकाल कर बाहर करो। और भूल जाओ।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# प्रधानमंत्री के अभद्र भाषण पर अग्नि परीक्षा में खरा नहीं उतरा चुनाव आयोग

■ के रवीन्द्रन

चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित नफरत भरे भाषण के खिलाफ शिकायतों पर नरम रुख अपनाकर संवैधानिक लोकतंत्र के राष्ट्रीय संरक्षक होने के सभी दावों में स्वयं को नीचे गिरा लिया, जिसे पूरा देश चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अग्नि परीक्षा के रूप में देख रहा था।

जैसा कि राजनीतिक हलकों में व्यापक रूप से आशंका थी, आयोग ने इस मुद्दे को टाल-मटोल कर और मोदी की पार्टी को एक चेहराहीन नोटिस भेजकर परीक्षण को बुरी तरह विफल कर दिया है, जिससे खुद प्रधानमंत्री किसी भी दोष से बच गये। स्वतंत्रता का दिखावा करने के लिए, आयोग ने राहुल गांधी के कुछ भाषणों के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में कांग्रेस पार्टी को भी इसी तरह का नोटिस भेजा है। हालांकि, ऐसा करके, आयोग ने भारत के चुनाव आयोग के रूप में अपनी पवित्र भूमिका से खुद को मोदी के चुनाव आयोग के रूप में अपमानजनक ढंग से गिरा लिया है।

> अतीत में ऐसे कई उदाहरण हैं जब सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्तों की नियुक्ति सहित संवैधानिक निकाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के बाद आयोग की शक्तियां छीन लीं। सरकार ने सभी विरोधों को शांत कर दिया जिनमें कहा गया था कि नियुक्ति पर नया कानून सत्तारूढ़ पार्टी के 'समर्थकों' को महत्वपूर्ण पदों पर कब्जा करने के लिए प्रेरित करेगा।

अतीत में ऐसे कई उदाहरण हैं जब सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्तों की नियुक्ति सहित संवैधानिक निकाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के बाद आयोग की शक्तियां छीन लीं। सरकार ने सभी विरोधों को शांत कर दिया जिनमें कहा गया था कि नियुक्ति पर नया कानून सत्तारूढ़ पार्टी के 'समर्थकों' को महत्वपूर्ण पदों पर कब्जा करने के लिए प्रेरित करेगा और एक ऐसा तंत्र स्थापित हो जायेगा और जिसने आयोग का पूरा नियंत्रण सरकार के हाथों में दे दिया। प्रधानमंत्री से जुड़े ताजा मामले में आयोग के फैसले से पता चलता है कि ये आशंकाएं कितनी सच थीं।

राजस्थान में एक चुनावी रैली में मोदी के नफरत फैलाने वाले भाषण, संवैधानिक मानदंडों और राजनीतिक शक्ति और संस्थागत स्वायत्तता के बीच नाजुक संतुलन पर तीखी बहस छेड़ दी थी। मोदी द्वारा मुसलमानों को 'घुसपैठिये' बताये जाने से आक्रोश फैल गया और धार्मिक ध्रुवीकरण के आरोप पूरे राजनीतिक परिदृश्य में गूंज उठे। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल के दौरान घोषणा की थी कि देश के संसाधनों पर मुसलमानों का 'पहला अधिकार' है।

प्रधानमंत्री आलोचना से विचलित नहीं हुए और वास्तव में, बाद की रैलियों में अपने आरोप को और अधिक ताकत के साथ दोहराया। इसके अलावा, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस सत्ता में लौटी, तो वह अधिक बच्चों वाले लोगों के बीच धन का पुनर्वितरण करेगी, जो व्यंजनापूर्ण रूप से मुसलमानों का ही जिक्र था। भीड़ ने तालियां बजाईं, लेकिन आलोचकों ने इसे एक खतरनाक कुत्ते की सीटी के रूप में देखा, जो सांप्रदायिक भावनाओं से खिलवाड़ कर रही थी और रूढ़िवादिता को कायम रख रही थी। जाहिर है, मोदी और उनकी पार्टी को पता है कि उन्हें चुनाव आयोग से डरने की कोई जरूरत नहीं है।

मोदी की विवादास्पद टिप्पणियां अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं। वे एक व्यापक प्रवृत्ति को प्रतिबिंबित करते हैं- संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता के प्रगतिशील क्षरण को। एक दशक पहले जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है, भारत की विविधता और धर्मनिरपेक्षता की परंपरा पर हमला हुआ है। आलोचकों का तर्क है कि धार्मिक असहिष्णुता बढ़ गई है, और बहुसंख्यकवाद के खिलाफ सुरक्षा कवच बनने के लिए बनाई गई संस्थाओं को अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। कभी अपनी निष्पक्षता के लिए सम्मानित ईसीआई अब पक्षपात के आरोपों से जूझ रही है।

मोदी खुलेआम आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। दरअसल, भड़काऊ भाषणों की एक श्रृंखला के आरोपों पर मोदी को क्लीन चिट देने के अपने फैसले को लेकर चुनाव आयोग कई विवादों के केंद्र में रहा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा डाली गई छाया ने जटिलता को और बढ़ा दिया है। परिचालन हस्तक्षेप की रिपोर्टें सामने आई हैं, जिसमें पीएमओ ने कथित तौर पर चुनाव आयोग के अधिकारियों को बैठकों के लिए बुलाया है। हालांकि पीएमओ की भूमिका प्रधानमंत्री को सलाह देने की है, लेकिन चुनावी मामलों में इसकी भागीदारी पर सवाल उठ रहे हैं। इस प्रकार कार्यकारी प्राधिकार और संस्थागत स्वतंत्रता के बीच नाजुक संतुलन अधर में लटका हुआ है और नये घटनाक्रम स्थिति के और खराब होने का संकेत देते हैं।

जैसे-जैसे देश चरणों में मतदान करता है, मोदी के नफरत भरे भाषण पर चुनाव आयोग का फैसला इस चुनाव चक्र से कहीं आगे तक जायेगा। यह संवैधानिक मानदंडों की प्रधानता की पुष्टि या चुनौती देते हुए भारतीय लोकतंत्र की रूपरेखा को आकार देगा। दुनिया यह भी देख रही है कि ईसीआई अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारी से जूझ रहा है - विश्वास या जातीयता की परवाह किये बिना सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने की जिम्मेदारी से। 4 जून को नतीजे न केवल अगली सरकार का निर्धारण करेंगे बल्कि यह भी संकेत देंगे कि क्या भारत की संवैधानिक संस्थाएं राजनीतिक तूफानों के सामने लचीली बनी रहेंगी।

स्थिति को मोदी के सत्ता में आने और हिंदू राष्ट्रवाद के उभार के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। एक समय जो एक सीमांत विचारधारा थी, अब यह मुख्यधारा के विमर्श में व्याप्त है। उनकी पार्टी की नीतियां, जो अक्सर राष्ट्रवादी बयानबाजी में डूबी रहती हैं, ने भारत की पहचान के बारे में बहस छेड़ दी है। भाजपा धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ावा देने से इनकार करती है, और इस बात पर जोर देती है कि उसके उपायों से सभी नागरिकों को लाभ होता है। हालांकि, आलोचकों का तर्क है कि पार्टी की कार्रवाइयां एक अलग कहानी बताती हैं-हाशिये पर धकेले जाने और मुख्यधारा से बाहर रखने की।

## पावन प्रसंग

# आत्मबोध से परमानंद

धन के अभाव में एक गरीब व्यक्ति दुखों से भरा जीवन व्यतीत कर रहा था। धन के अभाव में वह रोजी-रोटी आदि जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने में भी असमर्थ था। एक दिन अचानक उसके मन में यह विचार आया कि उसे किसी सिद्ध महात्मा से मिलना चाहिए और उनसे धन पाने का कोई उपाय जानना चाहिए। मन में यही विचार लिए वह व्यक्ति एक महात्मा के पास पहुंचा और बोला- महाराज! मैं धन के अभाव में बहुत दुखी हूं और कष्ट भोग रहा हूं। ऐसी कृपा करें कि मैं धनी हो जाऊं।

महात्माजी को उस पर दया आ गई और उन्होंने अपने पास रखी हुई एक पारसमणि उसे देते हुए कहा- जाओ इस पारसमणि से जितना चाहो, सोना बना लेना। पारसमणि पाकर वह दरिद्र गरीब, दुखी व्यक्ति बहुत प्रसन्न हुआ और पारसमणि को लेकर अपने घर आ गया। उस पारसमणि से उसने बहुत सारा सोना बनाया और सोना पाकर वह धनी हो गया। धन से उसकी रोटी,कपड़ा, मकान आदि जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं बखूबी पूरी होने लगीं,पर उसे शांति और संतोष नहीं हो सका। बहुत सारा धन पाकर वह बहुत धनी हो गया। वह अच्छे सुस्वादु भोजन करने लगा अच्छे वस्त्र पहनने लगा, अच्छे मकान में रहने लगा। भोग-विलास की सारी वस्तुएं उसने धन से खरीद लीं और उनका उपयोग करने लगा, पर अभी भी उसके मन में शांति और प्रफुल्लता नहीं थी, क्यों ? क्योंकि अब उसे अमीरी का दुख सताने लगा। वह अमीर से और अमीर होने की चिंता में रहने लगा। उसे धन चोरी होने की चिंता सताने लगी। धन संभालने और अधिक से अधिक धन इकट्ठा करने की चिंता में उसका सुख-चैन जाता रहा। एक दिन हारकर वह फिर उन्हीं महात्मा के पास गया और बोला- महात्मन। आपकी कृपा से मुझे धन भी प्राप्त हो गया और मेरी गरीबी भी दूर हो गई। आपने मेरी गरीबी तो दूर कर दी, किंतु मैं सुखी नहीं हो सका। मैं यह नहीं जानता था कि गरीबी में ही नहीं बल्कि अमीरी में भी दुख होता है। मुझे अब अमीरी के दुख ने घेर घेर लिया है। कृपया कर आप मुझे इन दुखों से बचाइए। हे महाराज, आप मुझे ऐसा सुख दीजिए जो गरीबी और अमीरी में बराबर मिले और जो मृत्यु के समय भी कम न हो। महात्मा बोले- ऐसा सुख धन-दौलत विषय भोगों से नहीं, बल्कि आत्मा से निस्सृत होता है। ऐसा सुख सत-चित्त-आनंद स्वरूप ईश्वर से ही प्राप्त होता है। इंद्रियों से प्राप्त सुख, विषय से प्राप्त सुख क्षणभंगुर है और उश सुख में सदैव दुख निहित है, पर जो सुख परमात्मा का अपनी आत्मा में ध्यान करने से आत्मा से निस्सृत होता है, वह सुख शाश्वत है और वह सदैव बना रहता है। धन-धान्य व भौतिक संसाधनों की बहुलता हो या अल्पता, हर स्थिति में व्यक्ति, सुखी रहता है, आनंदित रहता है। यह कहकर माहात्मा जी ने उसे आत्मज्ञान का उपदेश देकर आत्मदर्शन कराया और उसके बाद वह व्यक्ति सदा सुखी और आनंदित रहने लगा।

वास्तव में उक्त कहानी का सार संदेश यही है कि सच्चा शाश्वत सुख आत्मज्ञान में है, आत्मबोध में है। अमीर धन वैभव के बीच होते हुए भी जो सुख सिद्धार्थ को प्राप्त नहीं हो सका था, वह सुख आत्मबोध होने पर अपने अंदर से ही प्राप्त होने लगा।

जो सिद्धार्थ रोगी, वृद्ध और मृत व्यक्ति को देखकर कभी दुखी हो जाते थे, वही सिद्धार्थ बुद्धत्व की प्राप्ति के बाद, आत्मबोध हो जाने के बाद परम शांति में परमानंद में निमग्न हो गए। उनका रोम-रोम आनंद से आप्लावित हो उठा। आत्मबोध पाकर महावीर भी वह नहीं रहे, जो वे एक राजकुमार के रूप में थे।

वे भी आत्मबोध से निस्सृत आनंद में मग्न हो गए। सूर, तुलसी, मीरा, रैदास, नानक, नामदेव, एकनाथ आदि संत सदैव आत्मबोध से निस्सृत आनंद में मग्न रहे, आत्मबोध आनंद की प्राप्ति तब होती है जब मैं कौन हूं इस प्रश्न का आपको उत्तर मिलता है और अपने अंतरतम में यह अनुभव होता है कि आप देह में हैं, पर आप देह नहीं हैं, आप शरीर में हैं, पर आप शरीर नहीं हैं। आप सत चित्त आनन्द स्वरूप आक्मा के अंश हैं और आपका वास्तविक स्वरूप है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# मतदान में गिरावट भारतीय लोकतंत्र के लिए बिल्कुल भी उचित नहीं

निर्वाचन आयोग ही नहीं बल्कि सभी भारतीयों को यह चिंता का विषय होना चाहिए कि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में मतदान का प्रतिशत 2019 में 70 प्रतिशत के मुकाबले में 63प्रतिशत रहा. यह 7प्रतिशत बड़ी गिरावट है जिस पर निर्वाचन आयोग को संज्ञान लेना चाहिए. लोकसभा के प्रथम चरण के चुनाव में भी मतदान की गति धीमी थी 2019 के मुकाबले.अब तक कुल 190 लोकसभा चुनाव क्षेत्र में चुनाव हो चुके हैं और यदि बाकी 6 चरणों के चुनाव में भी यह ट्रैंड ही रहा तो परिणाम पूर्व चुनावी आकलन पर राजनीतिक पंडितों की कठिन परीक्षा होने वाली है. अभी 6 चरणों का चुनाव होना बाकी है, सभी भारतीयों की जिम्मेदारी है कि अधिकांश मतदाता की भागीदारी कैसे सुनिश्चित की जाए. मेरठ में अभिनेता अरुण गोविल के चुनाव में उतरने की बावजूद भी वहां 57प्रतिशत मतदान हुआ है, मथुरा में हेमा मालिनी के बावजूद भी 12प्रतिशत मतदान कम रहा है। कुल मिलाकर यूपी में देखें तो जिन आठ सीटों पर मतदान हुआ था वहां पर करीब 8 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए बिल्कुल भी उचित नहीं है। क्या अत्यधिक गर्मी इसका कारण है या मतदाताओं की उदासीनता अथवा राजनीतिक दलों के प्रति बेरुखी है. हमें जरूर धन्यवाद देना चाहिए नॉर्थ ईस्ट के मतदाताओं को जिन्होंने 75प्रतिशत का मतदान किया है। लेकिन उत्तर भारत में जहां राजनीतिक पारा हमेशा गर्म रहता है, मतदाता की उदासीनता क्या सत्तारूढ़ दल के लिए चेतावनी है ? उत्तर भारत के शहरीकृत क्षेत्र में भारी चुनावी सरगर्मी के बावजूद मतदान में गिरावट एक बड़ी चेतावनी है, जिसको सभी राजनीतिक दलों को स्वीकार करना पड़ेगा और देश के निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार को भी स्वीकार करना पड़ेगा।

**विरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, ( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## इंडोनेशिया में 6.5 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी नहीं

**जकार्ता**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पश्चिम जावा प्रांत में शनिवार रात 6.5 तीव्रता का भूकंप आया। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि भूकंप शनिवार को जकार्ता समय के अनुसार 23:29 पर आया, जिसका केंद्र गारुत रीजेंसी से 151 किमी दक्षिण पश्चिम और 10 किमी की गहराई में था। कहा गया है कि भूकंप के झटके इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता और निकटवर्ती बैंटन प्रांत के साथ-साथ मध्य जावा और पूर्वी जावा प्रांतों में भी महसूस किए गए। एजेंसी ने कहा कि पश्चिम जावा प्रांत में, सुकाबुमी शहर और तासिकमलया शहर और पश्चिम जावा प्रांत की राजधानी बांडुंग शहर में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

# देश विदेश

# रूस-यूक्रेन ने एक-दूसरे पर ड्रोनों से हमले करने के लगाए आरोप

**कीव**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। रूस और यूक्रेन ने रविवार को एक-दूसरे के इलाकों में ड्रोनों से हमले किये। यूक्रेनी सेना ने दावा किया है कि मास्को ने हमले में नौ ड्रोनों का इस्तेमाल किया जबकि रूसी सेना ने अपने क्षेत्र में कीव के 17 ड्रोनों को मार गिराने का दावा किया है।

कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन की वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने बताया कि नौ में से पांच रूसी ड्रोनों को सेना ने मार गिराया। रूस के कब्जे वाले क्रीमिया से चार ड्रोन लॉन्च किए गए थे। सभी को एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइलों ने कीव, खमेलनित्सकी, विनित्सिया और किरोवोहराड के ऊपर मार गिराया। उन्होंने बताया कि रूस ने उसके कब्जे वाले खेरसन इलाके से पांच और ड्रोन लॉन्च किये जिसमें एक को माइकोलिव के ऊपर मार गिराया गया। ओलेशचुक ने कहा कि रूस ने अपने बेलगोरोद क्षेत्र से एक एस-300 मिसाइल भी दागी। हालांकि उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। माइकोलिव शहर में एक ड्रोन हमले में एक होटल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। माइकोलिव ओब्लास्ट की गवर्नर विताली किम ने बताया कि होटल के आसपास बच्चों का एक स्पोर्ट्स स्कूल और एक स्टेडियम है। वहां कोई सैन्य प्रतिष्ठान नहीं है। कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट में रूस के रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा गया है कि सेना ने बेलगोरोद क्षेत्र के ऊपर दो, कलुगा और कुर्स्क क्षेत्रों में तीन-तीन तथा ब्रियांस्क क्षेत्र में नौ ड्रोनों को मार गिराया। कलुगा के गवर्नर ने दावा किया कि वहां गिराए गए तीनों ड्रोन ल्युदिनिवो शहर में एक तेल डिपो के पास गिरे, लेकिन कोई नुकसान नहीं हुआ है।



**रूसी सेना ने किया कीव के 17 ड्रोनों को मार गिराने का दावा**

## ईरान ने आत्मघाती हमले करने वाला नया ड्रोन किया पेश



**तेहरान।** ईरानी सेना ने रविवार को आत्मघाती हमले करने वाला एक नया ड्रोन पेश किया जो लक्ष्य से टकराकर विस्फोट कर देगा। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस इस तरह के ड्रोनों का इस्तेमाल कर रहा है।

सरकारी समाचार एजेसी तस्नीम के अनुसार नया ईरानी ड्रोन जिसे अबतक सार्वजनिक रूप से कोई नाम नहीं दिया गया है। रूसी ज़ाला लांसेट ड्रोन के समान है, जिसका पहली बार 2020 में निर्माण किया गया था। तस्नीम ने रिपोर्ट में नए ड्रोन का एक वीडियो प्रकाशित किया है। ईरान का दावा है कि उसने हाल के वर्षों में ड्रोन के उत्पादन में बड़ी प्रगति की है।

## इशाक डार बने पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री



**डार 1997-99 के दौरान संघीय वाणिज्य व निवेश मंत्री के रूप में कर चुके है कार्य**

**इस्लामाबाद,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान में एक बड़े राजनीतिक घटनाक्रम में विदेश मंत्री इशाक डार को शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में उप प्रधानमंत्री का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह घोषणा रविवार को की गई।

कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि प्रधानमंत्री को विदेश मामलों के संघीय मंत्री मोहम्मद इशाक डार को अगली सूचना तक तत्काल प्रभाव से उप प्रधानमंत्री के रूप में नामित करने में प्रसन्नता हो रही है।

पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के करीबी माने जाने वाले डार की पदोन्नति को संघीय सरकार में नवाज शरीफ के पहले मजबूत प्रभाव के रूप में देखा जाता है, जिसे पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) स्वामित्व लेने से रोकता है और इस बात पर जोर देता है। यह जबरन सौंपी गई गठबंधन सरकार है।

वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक जावेद सिद्दीकी ने कहा कि हमने पीएमएल-एन के भीतर से आवाजें सुनी हैं कि उन्हें सैन्य प्रतिष्ठान द्वारा संघीय सरकार को संभालने के लिए मजबूर किया गया था, भले ही नवाज शरीफ इस फैसले के पक्ष में नहीं थे, क्योंकि पार्टी को संघीय सरकार गठन के लिए बहुमत नहीं मिला था। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट है कि पीएमएल-एन का ध्यान पंजाब प्रांत पर है, क्योंकि मरियम नवाज वहां की मुख्यमंत्री हैं। नवाज शरीफ अपना गढ़ फिर से हासिल करना चाहते हैं ।

## सुडोकू 6539

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | | | | 3 |
| | 4 | | 7 | | 6 | | | |
| 9 | | | 5 | | | 2 | | |
| 1 | 9 | | | | | | | 6 |
| | | 5 | | | | 1 | | |
| 7 | | | | | | | 2 | 4 |
| | | 1 | | | 9 | | | 2 |
| | | | 4 | | 3 | | 1 | |
| 2 | | | | 1 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 29 अप्रैल, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 6**

### राशिफल

मेष - आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की सलाह दी जाती है। क्रोध के कारण आपके काम और संबंधों के बिगड़ने की आशंका है। मानसिक रूप से व्यग्रता और बेचैनी के कारण किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा।

वृषभ - शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहने तथा कार्य सफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आपको निराशा हो सकती है। आज किसी नए काम का आरंभ न करें। खान-पान में उचित अनुचित का ध्यान रखें।

मिथुन - आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे।

कर्क - व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहेगा। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। परिजनों के साथ आज आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थता का अनुभव होगा। विरोधियों पर विजय मिलेगी।

सिंह - आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

कन्या - आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है। अनबन हो सकती है।

तुला - आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी। मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी।

वृश्चिक - परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें। आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

धनु - आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। स्वजनों के मिलने से मन आनंदित रहेगा।

मकर - आज मन अस्वस्थ रहेगा। धार्मिक, सामाजिक कामों पर धन का खर्च होगा। स्वजन और मित्रों के साथ अनबन होगी। धनहानि और मानहानि का योग है। आज आध्यात्मिकता की ओर रुझान अधिक रहेगा।


कुंभ - आज हर काम में आपको लाभ मिलने के योग रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज ना करें। व्यवसाय में विशेष लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में भी आपको लाभ मिल सकता है। संतान के साथ मेल-जोल अच्छा रहेगा। आय बढ़ेगी।

मीन - आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। नौकरी और व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। इस बात से आपकी प्रसन्नता में भी वृद्धि होगी। व्यवसाय में उधार दिए पैसे फिर मिल सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## नाइजीरिया में संदिग्ध खसरे के प्रकोप से 19 बच्चों की मौत

**अबुजा,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। अदामावा में संदिग्ध खसरे के प्रकोप से अब तक कम से कम 19 बच्चों की मौत हो चुकी है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अदामावा में स्वास्थ्य आयुक्त फेलिक्स तांगवामी ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि मुबी उत्तरी स्थानीय सरकारी क्षेत्र में खसरे के प्रकोप से 200 से अधिक बच्चों के प्रभावित होने का संदेह है। आधिकारिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि 19 मौतें खसरे के प्रकोप की जटिलताओं के कारण हुईं। श्री तांगवामी ने कहा कि विकास के कारण प्रभावित समुदायों के लिए डॉक्टरों और दवाओं की त्वरित व्यवस्था हुई। उन्होंने कहा कि गंभीर संक्रमण वाले बच्चों को विशेषज्ञ अस्पतालों में भेजा जाएगा, जबकि उन्होंने अपने बच्चों का टीकाकरण कराने से इनकार करने के लिए माता-पिता को दोषी ठहराया। खसरा एक वायरल संक्रमण है जो पांच साल से कम उम्र के बच्चों में आम है लेकिन इसे टीकों के जरिए आसानी से रोका जा सकता है। यह खांसने या छींकने से उत्पन्न श्वसन द्वारा हवा में फैलता है।



# आज से सऊदी दौरे पर ब्लिंकन



**गाजा युद्धविराम पर होगी चर्चा**

**तेल अवीव,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार से सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर होंगे।

ब्लिंकन की यात्रा का मकसद मध्य पूर्व में शांति प्रक्रिया में तेजी लाना और इजराइली बंधकों की रिहाई है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि ब्लिंकन इस यात्रा के दौरान इजरायल का दौरा नहीं करेंगे, लेकिन वह इजराइली बंधकों की रिहाई के मुद्दे पर मिस्र और कतर के नेताओं से बातचीत करेंगे।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान में कहा कि मंत्री गाजा में युद्धविराम के लिए चल रहे प्रयासों पर चर्चा करेंगे। ब्लिंकन साथ ही बंधकों की रिहाई पर बात करेंगे जो फिलिस्तीनी लोगों और युद्धविराम के बीच एक दीवार है। बता दें कि इजरायल ने मिस्र के मध्यस्थों के माध्यम से हमास को पहले ही बता दिया है कि यदि 33 बंधकों को तुरंत रिहा नहीं किया गया तो दक्षिणी गाजा पट्टी में रफा क्षेत्र पर जमीनी आक्रमण शुरू हो जाएगा। इजराइल ने यह भी कहा है कि यदि राजनयिक वार्ता विफल हो जाती है तो उसकी सेना रफा क्षेत्र में प्रवेश कर जाएगी।

## ईरान ने की प्रतिबंधों की निंदा

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय ने हाल ही में अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा द्वारा कई ईरानी रक्षा-संबंधी व्यक्तियों और संस्थाओं पर लगाए गए प्रतिबंधों की कड़ी निंदा की। इस महीने की शुरुआत में इजराइल के खिलाफ ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले की प्रतिक्रिया के रूप में, तीन देशों ने गुरुवार को कई ईरानी व्यक्तियों और कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाए, जो मुख्य रूप से देश के ड्रोन और मिसाइल उद्योगों को लक्षित कर रहे थे।

## वर्ग पहेली 6539

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. समाज विरोधी
४. किसी कार्य को पूरा करने के लिए मिलने वाली शासकीय सहायता राशि
६. पकड़ना, रोकना, संभालना
७. हुकूमत करने वाला, अधिकारी (उर्दू)
८. किसी पल आदि का पकने के करीब होना
१०. अनाथ
११. बांटने वाला
१३. वध करना, मारपीट करना
१४. किंतु
१५. चीरने वाला
१७. उपाधि, पदवी (उर्दू)
१९. पाठ, अनुच्छेद
२१. निषेध
२२. बड़प्पन
२४. झुका हुआ सिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. ठहाका, जोर की हँसी
२. अपमानित, बेइज्जत
३. किसी कहानी का प्रधान पात्र
४. अप्राप्ति, न आना
५. वृत्त., गोलाकार (उर्दू)
९. अनुचित, अनुपयुक्त (उर्दू)
११. संकट
१२. रखवाला
१३. मां का भाई
१४. सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी
१५. असमानता, जटिलता
१६. नीरस
१८. शवाच्छादन (उर्दू)
१९. नीच, दुष्ट, पापी
२०. सेना का ब्यूह एक काव्यालंकार
२३. सरोवर

### वर्ग पहेली-6538

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ क | ठ | २ मु | ला | ■ | ■ | ३ त | ल | ४ ह | टी |
| र | ■ | स्ट | ■ | ५ ख | स | म | ■ | त्या | ■ |
| ६ त | ला | क | ■ | री | ■ | ७ क | वि | रा | ८ ज |
| ल | ■ | वि | ■ | ९ द | र्शा | ना | ■ | ■ | टि |
| ■ | १० सु | ल | ११ झ | ना | ■ | ■ | १२ उ | त्प | ल |
| ■ | ल | ■ | ड़ | ■ | १३ नि | ह | त्था | ■ | ता |
| १४ ब | ह | १५ क | ना | ■ | र्म | ■ | १६ न | १७ त | ■ |
| ल | ■ | र | ■ | १८ बे | म | १९ न | ■ | जुं | ■ |
| २० शा | र | दा | ■ | ग | ■ | २१ व | र्ण | मा | २२ ला |
| ली | ■ | २३ ता | ज | म | ह | ल | ■ | ■ | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## गाजा पहुंच रहीं मानवीय सहायता लॉरियां, संयुक्त राष्ट्र ने की संख्या बढ़ने की पुष्टि : आईडीएफ



**गाजा पट्टी के तट पर अमेरिकी सेना द्वारा एक अस्थायी बंदरगाह के निर्माण से सहायता की मात्रा और बढ़ाई जाएगी : आईडीएफ**

**गाजा/तेल अवीव**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता ने बताया कि गाजा पट्टी में अधिक मानवीय सहायता पहुंच रही है। पिछले सप्ताह कुछ दिनों में 400 से अधिक लॉरियां मानवीय सहायता लेकर यहां पहुंची हैं। इजराइल पर भूमध्य सागर के सील बंद क्षेत्र में अधिक सहायता वितरण की अनुमति देने के लिए भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव है। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में आने वाली लॉरियों की संख्या में वृद्धि की पुष्टि की है, लेकिन वह इजराइल से अधिक सहायता वितरण की अनुमति देने के लिए और कदम उठाने का आह्वान कर रहा है। गाजा पट्टी में प्रवेश करने वाली लॉरियों पर संयुक्त राष्ट्र के आंकड़े भी अक्सर इजराइल द्वारा जारी आंकड़ों से काफी कम होते हैं।

मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय के अनुसार, 18 अप्रैल तक और इसमें शामिल सप्ताह में प्रति दिन औसतन केवल 175 रॉलियां आई। सहायता संगठनों ने कहा कि युद्ध से पहले हर दिन लगभग 500 ट्रक क्षेत्र में प्रवेश करते थे। हालांकि, सेना के प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि ये सिर्फ मानवीय सहायता नहीं ले जा रहे थे।

आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा कि गाजा पट्टी के तट पर अमेरिकी सेना द्वारा एक अस्थायी बंदरगाह के निर्माण से सहायता की मात्रा और बढ़ाई जाएगी। बंदरगाह के मई की शुरुआत में चालू होने की उम्मीद है। अमेरिकी सरकार का मानना है कि पहले चरण में, बंदरगाह के माध्यम से प्रतिदिन 90 लॉरियों के साथ सहायता सामग्री पहुंचाई जा सकती है। हर रोज यह सख्या बढ़कर 150 लॉरी तक हो सकती है। इजराइल ने हाल ही में सहायता वितरण के लिए अतिरिक्त सीमा पार मार्ग खोले हैं। गाजा में मानवीय स्थिति विनाशकारी बताई जा रही है, खासकर उत्तर में। स्वतंत्र विशेषज्ञों का मानना है इस क्षेत्र में अकाल का खतरा है।

## इंडोनेशिया के माउंट इबू ज्वालामुखी में विस्फोट, 3.5 किलोमीटर तक उठी राख

**जकार्ता,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के सेंटर फॉर वल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल हैजर्ड मिटिगेशन (पीवीएमबीजी) ने बताया कि पूर्वी इंडोनेशियाई प्रांत उत्तरी मालुकु में हल्माहेरा द्वीप पर माउंट इबू ज्वालामुखी में रविवार सुबह विस्फोट हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पीवीएमबीजी ने बताया कि ज्वालामुखी स्थानीय समयानुसार रात लगभग 12:37 बजे करीब 206 सेकंड के लिए फटा जिससे उसकी चोटी से 3 हजार 500 मीटर ऊपर तक राख उठ गई। समुद्र तल से 1,325 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट इबू ज्वालामुखी को हाईएस्ट लेवल चार से नीचे दूसरे खतरे के स्तर के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पीवीएमबीजी ने लोगों से क्रेटर (ज्वालामुखी पहाड़ का मुख) से 3.5 किलोमीटर के दायरे में गतिविधियां न करने का आह्वान किया है।



## आज का इतिहास

1661- चीन के मिंग वंश ने ताइवान पर कब्जा किया।
1639- दिल्ली में लाल किले की नींव रखी गई।
1813- अमेरिका में जेएफ हम्मेल ने रबर का पेटेंट कराया।
1848- सुप्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा का जन्म।
1930- ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेलिफोन सेवा की शुरुआत।
1939- नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया।
1954- प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के झाउ एनलाई ने शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धांतों पर हस्ताक्षर किए। भारत में इसे पंचशील संधि कहते हैं। यह संधि 3 जून को लागू हुई थी।
1978- अफगानिस्तान के विद्रोही गुट ने सत्ता हासिल की। काबुल रेडियो पर घोषणा की गई कि उपराष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वायुसेनाध्यक्ष लड़ाई में मारे गए हैं।
1991- बांग्लादेश के चटगांव में आए चक्रवाती तूफान में एक लाख 38 हजार लोग मारे गए और दस लाख लोग बेघर हो गए।
1993- पहली बार बकिंघम पैलेस को आम जनता के लिए खोला गया और जिसे देखने के लिए आठ पाउंड का टिकट लगा।
1999- नई दिल्ली में बारटेंडर जेसिका लाल की मनु शर्मा ने एक बार में गोली मारकर हत्या कर दी थी। जेसिका लाल हत्याकांड एक चर्चित केस बना। 2006 में शर्मा को दोषी ठहराकर उम्रकैद की सजा सुनाई गई। 2011 में इस पर एक फिल्म भी बनी- 'नो वन किल्ड जेसिका'।
2005- सीरिया ने लेबनान से अपनी सेना को वापस बुलाया।
2006- पाकिस्तान ने हत्फ-6 का परीक्षण किया। 2008- भारत और ईरान के बीच 7 बिलियन डॉलर की गैस पाइपलाइन का मुद्दा एजेंडे में टॉप पर था, जब अमेरिका की प्रोजेक्ट पर आपत्तियों के बावजूद इरान के प्रेसिडेंट भारत आए थे।

**तैयारी** | इराक में समलैंगिकता को अपराध घोषित करने वाला कानून पारित

# एलजीबीटी समुदाय के खिलाफ भेदभाव के रूप में की निंदा

**बगदाद, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। इराकी संसद ने एक कानून पारित किया है, जिसमें समलैंगिक संबंधों को अपराध घोषित किया गया है और समलैंगिक लोगों के खिलाफ सख्त दंड का प्रावधान किया गया है। अधिकारों की वकालत करने वालों ने एलजीबीटी समुदाय के खिलाफ भेदभाव के रूप में इसकी निंदा की है। विधायिका ने शनिवार को 1988 के वेश्यावृत्ति विरोधी कानून में संशोधन के लिए मतदान किया, जिसमें समलैंगिकों के लिए 10 से 15 साल की जेल की सजा का प्रावधान है। यह कानून इराक में किसी भी तरह से वेश्यावृत्ति और समलैंगिक संबंधों को बढ़ावा देने पर प्रतिबंध लगाता है।**

**यह कानून वेश्यावृत्ति व समलैंगिक संबंधों को बढ़ावा देने पर लगाता है प्रतिबंध**

इराकी स्वतंत्र पोर्टल अलसुमारिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, प्रारंभिक मसौदे में समलैंगिक संबंधों के लिए मौत की सजा का प्रस्ताव किया गया था।

इराकी संसद के कार्यवाहक प्रमुख मोहसिन अल-मंडलवी ने विधेयक का बचाव किया। उन्होंने एक प्रेस बयान में कहा कि यह समाज की मूल्य संरचना की रक्षा के लिए एक जरूरी कदम है और हमारे बच्चों को नैतिक पतन और समलैंगिकता के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना सर्वोच्च हित है।

हालांकि, इस कानून पर आक्रोश और निंदा शुरू हो गई। अधिकार समूह एमनेस्टी इंटरनेशनल के एक इराकी शोधकर्ता रज़् सलाई ने कहा कि आज (शनिवार) इराक के लिए कानून में बिल्कुल भयावह विकास हुआ है, क्योंकि यह एलजीबीटी समुदाय के खिलाफ भेदभाव को संहिताबद्ध करता है।





अमेरिका ने कहा कि वह इराकी कदम से गहराई से चिंतित है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह संशोधन इराकी समाज में सबसे अधिक जोखिम वाले लोगों के लिए खतरा है।

### लैंगिक हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल हुए ऑस्ट्रेलिया के पीएम



**केनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज भी रविवार को महिलाओं के खिलाफ हिंसा समाप्त करने के लिए देश भर में चल रहे प्रदर्शनों में शामिल हुए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार लैंगिक हिंसा को दूर करने के लिए कार्रवाई की मांग करते हुए आज हजारों ऑस्ट्रेलियाई देश भर में आयोजित प्रदर्शनों में शामिल हुए। कैनबरा में अल्बानीज़ और वरिष्ठ सरकारी मंत्री भी प्रदर्शनकारियों के साथ संसद भवन तक मार्च में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने अप्रैल की शुरुआत में कहा था कि ऑस्ट्रेलिया महिलाओं के खिलाफ हिंसा के संकट का सामना कर रहा है।

## दुनिया को जानें

### डायबिटीज के खतरे को बढ़ा सकते हैं फूड इमल्सीफायर : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। विशेषज्ञों ने कहा है कि आइसक्रीम, कुकीज, दही और मेयोनेज में स्वाद बढ़ा देने वाले जैंथम गम और ग्वार गम जैसे इमल्सीफायर डायबिटीज के खतरे को बढ़ा सकते हैं। लंबे समय से सीमित स्तर पर सुरक्षित माने जाने वाले ये फूड एडिटिव अब स्तन और प्रोस्टेट के कैंसर जैसे विभिनन स्वास्थ्य मुद्दों के लिए जोखिम कारक के रूप में उभर रहे हैं।

द लांसेट डायबिटीज एंड एंडोक्राइनोलॉजी जर्नल में छपे 14 साल लंबे फ्रांसीसी अध्ययन से पता चला है कि आमतौर पर इमल्सीफायर टाइप 2 डायबिटीज के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। अध्ययन के अनुसार मधुमेह के खतरे को बढ़ाने वाले इमल्सीफायर में कैरेजेनन (प्रति दिन 100 मिलीग्राम की वृद्धि पर 3 प्रतिशत जोखिम), सोडियम साइट्रेट (प्रति दिन 500 मिलीग्राम की वृद्धि पर 4 प्रतिशत बढ़ा हुआ जोखिम), ग्वार गम, अरबी गम (प्रति दिन 1,000 मिलीग्राम पर 3 प्रतिशत जोखिम) और जैंथन गम (प्रति दिन 500 मिलीग्राम पर 8 प्रतिशत जोखिम) शामिल हैं। ये फूड एडिटिव आंत के माइक्रोबायोटा को बदल देते हैं, जिससे सूजन होती है और डायबिटीज हो जाती है।

# प्रादेशिकी

## वल्टोहा खडूर साहिब लोस क्षेत्र से शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार

**चंडीगढ़,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने रविवार को पार्टी की कोर कमेटी के सदस्य और पूर्व मुख्य संसदीय सचिव विरसा सिंह वल्टोहा को खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र से शिरोमणि अकाली दल का उम्मीदवार घोषित किया। इस घोषणा के साथ ही पार्टी ने पंजाब और चंडीगढ़ की सभी 14 सीटों पर पार्टी के उम्मीदवार उतार दिए हैं। इससे पहले आनंदपुर साहिब से अकाली दल के प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा, संगरूर से इकबाल सिंह झुंदा, फरीदकोट से राजविंदर सिंह, फतेहगढ़ साहिब से बिक्रमजीत सिंह खालसा, बठिंडा से हरसिमरत कौर बादल, लुधियाना से रणजीत सिंह ढिल्लों, जालंधर से महेंद्र सिंह केपी, फिरोजपुर से नरदेव सिंह बॉबी मान, होशियारपुर सोहन सिंह ठंडल, पटियाला से एनके शर्मा, अमृतसर से अनिल जोशी और गुरदासपुर से दलजीत सिंह चीमा को उम्मीदवार घोषित किया गया है।

## भाजपा ने किया शिक्षा का बेड़ा गर्क हमने किए सुधार : रोहित ठाकुर

### शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षकों को एक्सपोजर विजिट के लिए भेजा विदेश

**शिमला**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा का बेड़ा गर्क हुआ और गुणात्मक शिक्षा के मामले में हिमाचल प्रदेश की रैंकिंग देश भर में 18वें स्थान पर पहुंच गई थी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं आरम्भ की, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार आ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार व्यवसायिक शिक्षा में सुधार के लिए भी निरंतर प्रयास कर रही है। ताकि युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा विभाग में 7000 से अधिक जेबीटी, टीजीटी पीजीटी तथा कॉलेज लैक्चरर के पद सीधी भर्ती तथा बैचवाइज के आधार पर भर रही है ताकि अध्यापकों की कमी के कारण छात्रों की पढ़ाई में बाधा न पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए सभी स्तर के स्कूलों में संसाधनों के सांझे प्रयोग के लिए स्कूल क्लस्टर योजना भी आरम्भ की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में इसी सत्र से पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई आरम्भ कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के 6000 से अधिक प्राइमरी स्कूलों में प्री नर्सरी की कक्षाएं शुरू की गई हैं, जिसके लिए नर्सरी टीचर के पद सृजित कर उन्हें भरने की अनुमति प्रदान कर दी गई है तथा शीघ्र ही प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने



**सभी स्तर के स्कूलों में संसाधनों के सांझे प्रयोग के लिए स्कूल क्लस्टर योजना भी आरम्भ की गई है: रोहित ठाकुर**

कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से एक-एक राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोल रही है ताकि विद्यार्थियों को प्रदेश के भीतर ही गुणात्मक शिक्षा दी जा सके।

उन्होंने कहा कि यह स्कूल, आने वाले समय में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अध्यापकों को विदेशी दौरों पर भेजा जा रहा है ताकि वे वहां जाकर शिक्षा क्षेत्र में प्रदान की जा रहे मानकों एवं विधि बारे सीख सकें तथा शिक्षा के क्षेत्र में यहां और सुधार लाया जा सके। रोहित ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2024-25 में प्रदेश के 850 स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाए।

## प्रदेश की बदहाली के लिए भाजपा जिम्मेदार : कांग्रेस

**शिमला।** मुख्य संसदीय सचिव सुंदर लाल ठाकुर व आशीष बुटेल ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश को आर्थिक बदहाली में झोंकने के लिए भाजपा का आर्थिक कुप्रबंधन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए दुरुपयोग पर राज्य सरकार ने विधानसभा में एक श्वेत पत्र भी लाया गया था, जिसमें प्रदेश की जनता के सामने सच रखा गया था। सत्य यह है कि पूर्व भाजपा सरकार ने चुनाव जीतने के लिए अन्तिम वर्ष में सरकारी ख़ज़ाने का का जमकर दुरुपयोग किया। दोनों ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए पूर्व सरकार ने कांग्रेस के विरुद्ध एक चक्रव्यूह रचा था और अमृत महोत्सव, प्रगतिशील हिमाचल, जनमंच और स्थापना दिवस कार्यक्रम पर 16,261 करोड़ रुपए की फिजूलखर्ची की।

**चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने 16 हजार करोड़ रुपए की फिजूलखर्जी की**

नतीजा यह हुआ कि हिमाचल पर वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक 92,774 करोड़ का कर्ज व देनदारी चढ़ चुकी थी। उन्होंने कहा कि यह पिछली भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज प्रत्येक हिमाचली एक लाख रुपए से अधिक का कर्जदार है।

## मोदी है तो मुमकिन है, तेजी से आगे बढ़ रहा भारत : बिंदल

**शिमला**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा की मोदी है तो मुमकिन है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं।

भारत आज विश्व की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बन रहा है, इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अथक मेहनत है जिसके कारण आज देश बुलंदियां छू रहा है। उन्होंने कहा की भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए था। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवे सप्ताह शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। 22 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.631 बिलियन डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सर्वोच्च



स्तर है। पांचवे सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 140 मिलियन डॉलर की वृद्धि देखने को मिली है।

उन्होंने कहा की भारत के गोल्ड रिजर्व में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 347 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़ा है। इस बढ़त के बाद भारत को गोल्ड रिजर्व 51.487 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। इस दौरान एसडीआर यानी विशेष आहरण अधिकार घटा है। भारत का एसडीआर 57 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 18.219 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर कम होकर 4.662 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौन विदेशी मुद्रा संपत्ति 123 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 568.264 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है।

उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और भाजपा का जो संकल्प है इसमें स्पष्ट है कि 2047 में भारत विकसित भारत होगा। यह संकल्प साकार होता दिखाई दे रहा है ।

## कांग्रेस को वोट देने नहीं आए लोग तो गिरा मत प्रतिशत : धामी

**हल्द्वानी**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के पांचों सीटों पर बीजेपी की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी भारी मतों के अंतर जीतने जा रही है। इसके अलावा कांग्रेस के जीत के दावे पर उन्होंने कहा कि 4 जून को परिणाम आएगा, उस दिन साबित हो जाएगा कि बीजेपी पांचों सीट जीत गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस में जिन्हें परंपरागत तरीके से टिकट देना चाहिए था, वो लोग चुनाव लड़ने के लिए टिकट लेने नहीं आए। उन लोगों को पता था कि चुनाव का परिणाम बीजेपी के पक्ष में है, जिसके



चलते उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा।

सीएम धामी ने उत्तराखंड में मत प्रतिशत में गिरावट के सवाल पर कहा कि कम मतदान होने का मतलब है कि जो लोग कांग्रेस को वोट देने आते हैं, वो लोग नहीं आए। जो लोग भी मतदान करने आए, उन्होंने बीजेपी को वोट दिया है।

सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है। वो नारा अब सफल होने जा रहा है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के लोग नरेंद्र मोदी के फिर से प्रधानमंत्री बनने के लिए जोश के साथ मतदान कर रहे हैं और पूरे देश में बीजेपी की लहर है। उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाओं को लेकर सीएम धामी ने अधिकारियों की बैठक ली और कई अहम दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ मिलकर वनाग्नि पर लगाम लगाने को कहा गया है। सभी वनाधिकारियों और कर्मियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई है।

**सार संक्षेप**

### चारधाम यात्रा को लेकर गजब का उत्साह : अवधेशानंद गिरि

**हरिद्वार।** आगामी 10 मई से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है। जिसे लेकर धामी सरकार तैयारियों में जुटी हुई है। इस बार चारधाम यात्रा को लेकर हरिद्वार के साधु संतों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। संतों ने सरकार की व्यवस्थाओं को सराहा है। जूना अखाड़ा के पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने कहा कि उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य से ओतप्रोत भरा राज्य है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। उस पर धामी सरकार की चाक चौबंद व्यवस्थाएं ज्यादा तीर्थ यात्रियों को आने पर विवश करता है। उन्होंने इसे उत्तराखंड के भविष्य के लिए बेहतर संकेत बताया। उन्होंने कहा कि यात्रा शुरू होने से पहले लोगों का उत्साह ये बताता है कि लोग अब अपनी मूल संस्कृति की ओर लौटना चाहते हैं। पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरि ने कहा कि जिस तरह का उत्साह यात्रा शुरू होने से पहले ही आम जन में दिख रहा है, इससे साबित हो रहा है कि लोग उत्तराखंड और प्रकृति को पसंद कर रहे हैं। इतना ही नहीं उत्तराखंड सरकार की ओर से दी जा रही व्यवस्थाओं को भी लोग पसंद कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि यात्रा शुरू होने से पहले ही सभी हेली टिकट्स बुक हो चुकी हैं।

### लैंसडाउन में पर्यटक की कार हादसे का शिकार

**श्रीनगर।** उत्तराखंड में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला लैंसडाउन से सामने आया है। जहां लैंसडाउन धूरा मार्ग पर पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर खड्डे में जा गिरी। इस हादसे में 3 साल की बच्ची की जान चली है। जबकि, कार सवार चार लोग घायल हो गए। वहीं, हादसे की सूचना पर पुलिस ने रेस्क्यू कर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अकरम ने बताया कि हरियाणा के रोहतक के पर्यटक लैंसडाउन घूमने आए थे। जो धूरा स्थित एक रिजॉर्ट में रुके। इसके बाद शनिवार देर रात वो रिजॉर्ट में चेकआउट कर धूरा से वापस लैंसडाउन की ओर निकले। तभी वापसी के दौरान उनकी कार बंशीघाट शमशान घाट के पास मोड़ पर अनियंत्रित हो गई। जिससे कार 10 मीटर खड्डे में गिर गई। जिससे एक बच्ची की मौत हो गई। मोहम्मद अकरम ने बताया कि कार हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को छावनी चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कोटद्वार अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### सुडोकू 6538 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 1 | 2 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 3 |

## श्रीनगर में गाडू घड़ा कलश के दर्शन के लिए जुटे लोग

**श्रीनगर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भगवान बदरी विशाल के लेप और अखंड ज्योति के लिए इस्तेमाल होने वाले तिल के तेल की गाडू घड़ा कलश यात्रा श्रीनगर से रवाना हो गई है। इससे पहले श्रीनगर में तेल कलश को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए बदरी केदार मंदिर समिति के विश्राम गृह में रखा गया। जहां लोगों ने कलश के दर्शन किए।

**12 मई को खुलेंगे बदरीनाथ धाम के कपाट**

बता दें कि गाडू घड़ा कलश यात्रा ऋषिकेश, देवप्रयाग, बागवान, कीर्तिनगर होते हुए देर शाम श्रीनगर पहुंची। जहां कलश यात्रा ने बदरी केदार मंदिर समिति के विश्राम गृह में रात्रि विश्राम किया। आज सुबह की आरती बीकेटीसी के विश्राम गृह में ही संपन्न हुई। इस दौरान लोगों ने आरती में शामिल होकर कलश के दर्शन किए। यात्रा आज शाम रुद्रप्रयाग, गौचर होते हुए बदरीनाथ धाम के पुजारी वर्ग के गांव डिम्मर पहुंचेगी। जिसके बाद तेल कलश को डिम्मर गांव स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में रखा जाएगा। बदरीनाथ डिमरी केंद्रीय समिति के अध्यक्ष आशुतोष डिमरी ने कहा कि यह परंपरा सालों से इसी तरह चली आ रही है। कलश यात्रा नरेंद्र नगर स्थित राजमहल से निकली। जो ऋषिकेश होते हुए आज रुद्रप्रयाग के लिए प्रस्थान करेगी। जहां से यात्रा गौचर होते हुए डिम्मर गांव पहुंचेगी। डिम्मर गांव में एक हफ्ते के लिए कलश को लक्ष्मी नारायण मंदिर के गर्भगृह में रखा जाएगा। इसके बाद कलश यात्रा 9 मई को नृसिंह मंदिर जोशीमठ पहुंचेगी। जबकि, 10 मई को कलश यात्रा पांडुकेश्वर पहुंचेगी। वहीं, 11 मई को यात्रा शंकराचार्य की गद्दीस्थल जोशीमठ पहुंचेगी। यहां से कलश यात्रा कुबेर और उद्धव की डोली के साथ बदरीनाथ पहुंचेगी। 12 मई को कपाट खुलने के बाद गाडू घड़े को बदरीनाथ मंदिर के गर्भगृह में रख दिया जाएगा।

## बीएसएफ ने पाक नागरिक पाक रेंजर्स को सौंपा

**जालंधर,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को एक पाकिस्तानी नागरिक को पाकिस्तान रेंजर्स को सौंप दिया, जो अनजाने में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के भारतीय क्षेत्र में आ गया था।

बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को बीएसएफ के जवानों ने फाजिल्का जिले में सीमा बाड़ के पास व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह आईबी के संरेखण से अनजान था और अनजाने में भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। तलाशी के दौरान उसके पास से कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। बीएसएफ ने पाकिस्तानी नागरिकों की अनुचित आवाजाही को रोकने में उनकी विफलता पर चिंता व्यक्त करने के लिए पाक रेंजर्स के साथ एक फ्लैग मीटिंग आयोजित की गई।

## ड्रग्स सहित कोबरा गैंग के 3 गिरफ्तार

**देहरादून,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। दून पुलिस ने करोडो रूपये कीमत की हाईप्रोफाइल ड्रग्स के साथ कोबरा गैंग के 3 नशा तस्करो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लीसर्जिक एसिड डैथ्यलामैड (एलएसडी) 2058 ब्लॉटस, 6 ग्राम अवैध हेरोइन तथा इलेक्ट्रॉनिक मिनी तराजू, बरामद किया है तथा तस्करी में इस्तेमाल किए गए 2 वाहनो को सीज किया है।

एसएसपी अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना प्रेमनगर को मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पूर्व से ही गठित टीम के माध्यम से कोबरा गैंग के सदस्यों के देहरादून में हाई प्रोफाइल ड्रग लीसर्जिक एसिड डैथ्यलामैड (एलएसडी) सप्लाई किये जाने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर थानाध्यक्ष प्रेमनगर ने थाना स्तर पर तत्काल अलग-अलग टीमें



- **करोड़ों रुपए के 2058 एलएसडी ब्लॉटस व 6 ग्राम हेरोइन बरामद**
- **नशा तस्करो के खिलाफ दून पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक जारी**

गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए रवाना किया गया।

टीम ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान नंदा की चौकी बिधोली रोड से 3 नशा तस्करों को हाईप्रोफाइल मादक पदार्थ लीसर्जिक एसिड डैथ्यलामैड (एलएसडी) 2058 ब्लॉटस, 6 ग्राम अवैध हेरोइन तथा इलेक्ट्रॉनिक मिनी तराजू, के साथ गिरफ्तार किया गया तथा तस्करी में इस्तेमाल किए गए 02 वाहनो को सीज किया गया। गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की पहचान रजत भाटिया पुत्र अशोक भाटिया निवासी मकान नंबर- 22 हकीकत नगर थाना सदर, जिला सहारनपुर, शिवम अरोड़ा पुत्र अशोक अरोड़ा निवासी मकान नंबर-20 ए हकीकत नगर थाना सदर जिला सहारनपुर व कृष गिरोटी पुत्र स्वर्गीय प्रवीण गिरोटी निवासी मकान नंबर 11 सी ईदगाह चकराता रोड थाना कैंट देहरादून के रूप मे हुई। नशा तस्करों ने पूछ्ताछ में कि वे तीनों एक दूसरे से एक पार्टी में मिले थे, जहां से उनकी अच्छी दोस्ती हो गयी थी, जिसके बाद वे तीनो कोबरा गैंग के सम्पर्क में आ गये तथा देहरादून में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्रो तथा पार्टीयों में लीसर्जिक एसिड डैथ्यलामैड (एलएसडी) एवं हेरोइन की सप्लाई करने लगे।

## नहाते समय गंगा में डूबे 6 पर्यटक

**ऋषिकेश**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। लक्ष्मण झूला थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्तराम घाट पर नहाने के दौरान छह पर्यटक गंगा में डूब गए। जबकि गंगा में डूब रहे चार पर्यटकों को राफ्टिंग गाइड ने किसी तरह गंगा से बाहर निकाल लिया। जिसमें एक महिला पर्यटक को बेहोशी की हालत में अस्पताल भेजा गया है। वहीं दो पर्यटकों का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है, जिनकी तलाश में रेस्क्यू अभियान चलाया गया है। कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि मस्तराम घाट पर नहाने के दौरान कुछ पर्यटक गंगा में डूब गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर दो पर्यटकों ने पुलिस और एसडीआरएफ को बताया कि वह आठ लोग मिलकर लक्ष्मण झूला घूमने आए थे। नहाने के दौरान उनके 6 साथी गंगा में अचानक डूबने लगे। चार साथियों को राफ्टिंग गाइड ने किसी तरह बाहर निकाल लिया, जबकि दो पर्यटकों का अभी तक कुछ पता नहीं चला है। कविंद्र सजवाण ने बताया कि गंगा में डूबे पर्यटकों की पहचान 29 वर्षीय नेहा निवासी पीलीभीत और साहिल नोएडा के रूप में हुई है।

**4 को किया गया रेस्क्यू, दो की तलाश जारी**

## डॉ. साधना जोशी विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान से सम्मानित

**नौगांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ ने उत्तराखंड की उत्तरकाशी निवासी. डॉ साधना जोशी को विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया। भोपाल में पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ के राष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी एवं विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया।

**पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ ने दिया सम्मान**

हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा की मान्यता के लिए सतत प्रयासरत पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ, वृन्दावन धाम, मथुरा ने भोपाल में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वत जनों को 'विद्या वाचस्पति' सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि म प्रशासन के सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार जैन रहे। अध्यक्षता विद्यापीठ के कुलपति डॉ इन्दु भूषण मिश्रा 'देवेन्दु' ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन के सेवानिवृत्त अपर निदेशक पं. धीरेन्द्र चतुर्वेदी एवं मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री उदय योजना के तकनीकि शिक्षा विभाग के प्रदेश प्रभारी विष्णुकांत कनकने उपस्थित रहे। दुर्ग से आए हुए राष्ट्रीय पर्यावरणविद एवं विद्यापीठ के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रहि ने कार्यक्रम में विशिष्ट सानिध्य प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक संस्कृति के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपाईयों को दी हद में रहने की हिदायत

**देहरादून,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा ने आज पार्टी की अंदरूनी गतिविधियों को लेकर मीडिया में चल रही अनावश्यक चर्चा पर विराम लगाते हुए सभी को अनुशासन के दायरे में रहने की ताकीद की है।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के साथ हुई बैठक में सभी पक्षों ने स्वीकारा है कि कुछ गलतफहमियां हुई थी जिन्हे भविष्य में नही दोहराया जाएगा। साथ ही भट्ट ने निकाय चुनाव मतदाता सूची में वोटर जोड़ने को प्राथमिकता देते हुए, शीघ्र 2 से 3 नामों का पैनल होगा तैयार करने की बात कही। बड़ी हुई बिजली दरों को लेकर पलटवार किया कि कांग्रेस पहले अपनी सरकारों के बिजली के दाम देखें, हम प्रदेश को शतप्रतिशत बिजली आपूर्ति एवं बिजली

- **मीडिया में चल रही चर्चा पर लगाया विराम**
- **शीघ्र 2 से 3 नामों का पैनल होगा तैयार**

उत्पादन में आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पार्टी मुख्यालय में हुई इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने प्रत्येक मामले में दोनों पक्षों को आमने सामने बैठकर स्थिति स्पष्ट कराई। इस दौरान रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल, दायित्वधारी कैलाश पंत, टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धन्ने एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य खेम सिंह चौहान ने अपना अपना पक्ष प्रस्तुत किया।

बैठक के उपरांत मीडिया से भी बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कुछ दिनों से समाचार पत्र एवं टीवी चौनलों में पार्टी की अंदरूनी गतिविधियों को लेकर जो चर्चा चल रही थी उसी संबंध में उनके द्वारा सभी पक्षों को बुलाया गया था। जिसमें सभी सभी को अपने विषयों को पार्टी के प्लेटफार्म पर रखने के लिए ताकीद किया गया है। साथ ही स्पष्ट किया कि अनुशासन के दायरे में रहकर ही सभी लोगों को पार्टी में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना है।

## जंगलों की आग ने प्रदेश में बढ़ाया राजनीतिक तापमान

**देहरादून,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड में आग का तांडव लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे अब आग पर काबू पाने के लिए राज्य सरकार को सेना की मदद लेनी पड़ गई है। सबसे अधिक आग से नुकसान इस बार कुमाऊं मंडल में देखा जा रहा है। खासकर नैनीताल और बागेश्वर के साथ-साथ अन्य इलाकों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है। ऐसे में विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने राज्य सरकार के कार्यों पर सवाल खड़े किए हैं।

उत्तराखंड में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूदा समय में ज्यादातर वक्त चुनाव प्रचार में बिता रहे हैं। जबकि उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग लगातार विकराल रूप ले रही है। जिससे वनाग्नि का असर वन्य जीव-जंतुओं और



पर्यावरण पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कुमाऊं और गढ़वाल के जंगल आग से बीते कई दिनों से धधक रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद भी सरकार पूरी तरह से आग पर काबू पाने में नाकामयाब रही।

यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड 75 प्रतिशत जंगल से घिरा हुआ है। आग निरंतर बढ़ रही है। आग पर काबू पाने के लिए कोई

- **विपक्ष ने धामी सरकार को घेरा**
- **तनाव में चारधाम के व्यापारी**

भी तंत्र मौजूद नहीं है और जो तंत्र मौजूद हैं, वह कारगर नहीं है। ऐसे में सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सभी काम छोड़कर राज्य के हित में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा आपदा प्रबंधन विभाग प्राकृतिक घटनाओं को कम करने में विफल हो गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा सिर पर है। ऐसे में चारधाम रूट और मंदिरों में किसी भी तरह की कोई व्यवस्था अभी दिखाई नहीं दे रही है। जब लाखों श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आएंगे, तो कितनी अव्यवस्थाएं बढ़ जाएगी, इसका अंदाजा शायद सरकार को नहीं है।

### धधक रहे जंगल, एनडीआरफ ने संभाला मोर्चा

**नैनीताल।** उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग विकराल रूप लेती जा रही है। वनाग्नि पर काबू पाने में वन विभाग के पसीने छूट रहे हैं। इसी बीच नैनीताल के जंगलों में लगी आग पर काबू पाने के लिए राज्य सरकार ने एनडीआरएफ का दल भेजा है। एनडीआरएफ मनोरा रेंज, भवाली और भीमताल समेत आसपास के क्षेत्र के जंगलों में लगी आग को नियंत्रित करने का काम करेगी। दरअसल जिलाधिकारी वंदना सिंह ने आग पर नियंत्रण पाने के लिए राज्य सरकार से एनडीआरफ की मांग की थी। इसके बाद राज्य सरकार ने गदरपुर सेंटर से एनडीआरएफ की टीम को नैनीताल के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए भेजा है।

बता दें कि बीते चार दिनों से नैनीताल के पहाड़ी क्षेत्र के जंगलों में भीषण आग लगी हुई है, जिसे बुझाने के लिए वन विभाग और दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं आग पर काबू पाने के लिए वायुसेना ने मदद की। वायुसेना ने अपने एमआई-17 हेलीकॉप्टर के जरिए आग पर काबू पाया था। जंगलों की आग से अब तक पहाड़ों के हजारों हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गए हैं। जंगलों में तेजी से बढ़ रही आग की घटनाओं से निपटने के लिए राज्य सरकार भी अलर्ट मोड पर है।

# प्रादेशिकी

### तीन तलाक की प्रथा को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को भी जीने का अधिकार दिया

**फर्रुखाबाद,**28 अप्रैल (देशबन्धु)। पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक की अध्यक्षता में लोकसभा महिला सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल एवं महिला एवं बाल कल्याण कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में रही लोकसभा महिला सम्मेलन के माध्यम से मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए महिलाओं से भाजपा के समर्थन की बात की। मुख्य अतिथि उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल व कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा एक मजबूत समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान अविस्मरणी है इसीलिए भारत में महिलाओं को शक्ति व दुर्गा का रूप कहा गया है।

## मन की बात नहीं, संविधान की बात सुनना चाहती है जनता : अखिलेश

### संभल लोकसभा क्षेत्र के बिलारी में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

**मुरादाबाद,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में लोग 'मन की बात नहीं' संविधान की बात सुनना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष ने रविवार को संभल लोकसभा क्षेत्र के बिलारी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम से हवा पलटने की भनक लगते ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सुर भी बदल गए हैं। दावा किया कि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा पहले चरण के मतदान के बाद से उक्त नारा भूल गई हैक्योंकि तीसरे चरण के मतदान में किसी भी सीट पर भाजपा प्रत्याशी जीत नहीं रहे हैं। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पेपर लीक हो गए जिससे 60 हज़ार युवाओं की उम्मीदों पर पानी फिर गया।अग्निवीर योजना से भी युवाओं में सरकार से नाराज़गी हैं। इससे सभी सीटों पर भाजपा का दो लाख 25 हज़ार वोट कम हो गया। केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के भाजपा के भरोसे का क्या हुआ? आय दोगुनी तो नहीं हुई फ़सल की सही कीमत भी नहीं मिली। डीजल, पेट्रोल ,खाद, कीटनाशक दवाई और बिजली महंगी जरुर हो गई। प्रति बोरी यूरिया घटाकर किसान सम्मान निधि देने का औचित्य भी समझ से परे है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों का कर्ज माफ करने में देरी नहीं करती।



पश्चिम से हवा पलटने की भनक लगते ही भाजपा के सुर भी बदल गए हैं : अखिलेश यादव

### हेट स्पीच को लेकर सपा प्रत्याशी पर मुकदमा

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया लोकसभा के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सनातन पाण्डेय के हेट स्पीच का एक कथित वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल होने के बाद रविवार को पुलिस ने आरोपी प्रत्याशी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया। लोकसभा बलिया के समाजवादी पार्टी समर्थित इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी सनातन पाण्डेय का वर्तमान सरकार के कार्यकाल व कार्यों को लेकर टिप्पणी करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के मध्य शत्रुता, घृणा व वैमनस्यता फैलाने, आगामी लोकसभा समान्य निर्वाचन प्रक्रिया में असम्यक असर डालने व जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्य निर्वाहन में बाधा एवं क्षति कारित करने से संबंधित एक कथित वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा था। जिस संबंध में पुलिस ने रविवार को बलिया सदर कोतवाली में आरोपी प्रत्याशी के विरुद्ध मामला दर्ज किया।

### पांच लाख की नगदी सहित कीमती सामान चोरी

**मेरठ,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित हापुड रोड पर अज्ञात चोरों ने अमूल की एजेंसी में कुम्बल करके चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर मेन रोड की ओर से दुकान में कुम्बल कर घुसे और दुकान में रखा पांच लाख रुपए का कैश चोरी कर ले गए। शातिर चोरों ने एजेंसी में लगे कमरे भी तोड़ डाले और डीवीआर को भी चोरी कर लिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और चोरों की तलाश शुरू कर दी।

नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित हापुड़ रोड पर संयुक्त व्यापार संघ के मंत्री ललित गुप्ता की अमूल की एजेंसी है। चोरों ने देर रात एजेंसी की दीवार में कुंबल कर लिया। और एजेंसी में घुसकर गल्ले में रखे करीब पांच लाख रुपए का केश सहित एलईडी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी के बाद जाते समय चोरों ने एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिए और डीवीआर भी अपने साथ ले गए। दुकान पर पहुंचे संयुक्त व्यापार संघ के मंत्री ललित गुप्ता को जब चोरी की जानकारी मिली तो उन्होंने मामले की जानकारी व्यापार संघ के कार्यकर्ताओं और नौचंदी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## युवराज के इंतजार में अमेठी, राम की शरण में पहुंची स्मृति

### प्रधान सेवक के स्वास्थ्य के लिए मांगा आशीर्वाद

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस युवराज राहुल गांधी के अमेठी लोकसभा से भी चुनाव लड़ने की चर्चा है। भाजपा सांसद व प्रत्याशी स्मृति ईरानी भी राहुल को अपने खिलाफ लड़ने के लिए ललकार चुकी हैं। कांग्रेस ने उच्च स्तरीय बैठक कर अमेठी व रायबरेली से कौन लड़ेगा, तय कर लिया है। घोषणा के पूर्व ही भाजपा प्रत्याशी राम की शरण में पहुंच गईं। अयोध्या में उन्होंने भारत के प्रधान सेवक के स्वास्थ्य के लिए कामना किया। केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने कहा कि धैर्य, धर्म, निष्ठा, नियम, पुरुषार्थ और पराक्रम की भूमि अयोध्या आकर प्रभु के चरणों व संतों के सानिध्य में सनातन की विजय पताका लहराते हुए देखूं, यही हर सनातनी के जीवन का सबसे बड़ा पुण्य भी है।

अमेठी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी रविवार को अयोध्या पहुंच प्रमुख मठ-मंदिरों में दर्शन पूजन किया। उन्होंने सबसे पहले श्रीरामजन्मभूमि पहुंच रामलला का दर्शन-पूजन किया और आशीर्वाद लिया। इसके बाद हनुमानगढ़ी जाकर बजरंगबली के दरबार मे माथा



टेका। भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी सीधे वीआईपी गेट से रामजन्मभूमि परिसर में दाखिल हुईं। हनुमानगढ़ी में उन्होंने हनुमंतलला के सामने शीश नवाया और आशीर्वाद लिया।

इसके बाद उनका काफिला मणिराम दास छावनी पहुंचा, जहां उन्होंने मंदिर में माथा टेकने के बाद मौजूद वरिष्ठ संत-महंतों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी भावनाएं भी साझा कीं। स्मृति ईरानी ने कहा कि आज मैं अपने आपको सौभाग्यशाली समझती हूं कि मैं ऐसे युग मे जन्मी, जिसने हमारे रामलला को टेंट से भव्य मंदिर में, भव्य समारोह के साथ प्रतिष्ठित होते हुए देखा। आज संतों का स्नेह, सानिध्य और आशीर्वाद पाकर मनोबल न सिर्फ बढ़ा है बल्कि पुण्य पथ पर चलने की प्रेरणा मिली है।

## सार संक्षेप

### विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजना में एएस इंटर कॉलेज के तीन छात्रों का चयन

**मवाना।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा निर्गत नेशनल मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना के तहत ए एस इंटर कॉलेज के छात्र अनमोल ने 21 वीं रैंक , मोहम्मद आरिस ने 29 वीं, देव ने 32 वीं रैंक हासिल की वहीं कक्षा 9 से 12 तक मिलने वाली छात्रवृत्ति योजना में वंशिका न आदि का चयन भी छात्रवृत्ति योजना के लिये हुआ। कॉलेज प्रधानाचार्य मेघराज सिंह ने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा निर्गत नेशनल मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना के तहत आयोजित परीक्षा में देश भर के 188000 छात्र छात्राओं ने अपना भविष्य आजमाया। छात्रवृत्ति योजना में मेरठ से 215 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। वहीं ए एस इंटर कॉलेज के अनमोल पुत्र विनोद ने 21 में रैंक हासिल कर बाजी मारी, मोहम्मद आरिफ ने 29 वीं, देव ने 32 वीं रैंक प्राप्त कर अपना नाम छात्रवृत्ति की श्रेणी में अंकित किया। योजना के तहत छात्राओं को प्रतिमाह एक हजार रूपये मिलेगे। छात्रवृत्ति योजना में चयन के बाद प्रबंध समिति के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी तथा प्रधानाचार्य डॉ मेघराज सिंह एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं के चयन पर बधाई दी।

### छेड़छाड़ की शिकायत की तो भाई का सिर फोड़ा

**मेरठ।** छेड़छाड़ की शिकायत करने पर दबंग युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर किशोरी के भाई के साथ मारपीट की, विरोध करने पर लोहे की रॉड से सिर फोड़ दिया। किशोरी की मां ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। लेकिन पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पीड़ित परिवार को टरका दिया। अब निष्पक्ष कार्रवाई के लिए पीड़ित परिवार थाने के चक्कर काट रहा है। इसके बावजूद भी आरोपी पक्ष लगातार शिकायत वापिस लेने का दबाव बना रहे हैं। लालकुर्ती थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ग्रहणी है। महिला के अनुसार उसकी नाबालिग बेटी को स्कूल व ट्यूशन आते जाते समय मोहल्ले में रहने वाले नकुल व मीत अपने साथियों के साथ मिलकर छेड़छाड़ करते हैं। किशोरी ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया, तभी महिला ने नकुल और मीत को समझाने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने अभद्रता करनी शुरू कर दी। जिस वजह से महिला के बेटे ने पुलिस से मामले की शिकायत की। आरोप है कि डायल 112 की टीम के जाने के बाद नकुल और मीत ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के बेटे के साथ मारपीट की और लोहे की रॉड से सिर फोड़ दिया। महिला का कहना है कि लालकुर्ती पुलिस ने मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। जबकि तहरीर छेड़छाड़ में दी गई थी।

### सरकारी तालाब पर कब्जे की शिकायत करने पर की मारपीट

**मवाना।** कस्बा परीक्षितगढ़ में एक सरकारी तालाब पर कब्जा करने की शिकायत करना समाजसेवी को भारी पड़ गया। बार-बार शिकायत करने पर गुस्साए कब्जाधारी भूमाफिया के लोगों ने शिकायतकर्ता को जान से मारने की हद तक बुरी तरह पीटा। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। फिलहाल पीड़ित शिकायतकर्ता मेरठ शहर के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है।

## धमाके के साथ फटी आरसीसी सड़क

**मेरठ,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। तेज धमाके के साथ छह महीने पहले बनी आरसीसी सड़क फट गई। घटना के बाद मुख्य अभियंता समेत अन्य अभियंता मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने अधिकारियों का विरोध भी किया। लेकिन अधिकारियों ने ठेकेदार को बुलाकर सड़क के उस हिस्से को काटकर नए सिरे से बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद स्थानीय लोग शांत हुए। सिविल लाइन क्षेत्र के पांडव नगर स्थित कम्युनिटी सेंटर के पास आरसीसी सड़क है, जो 6 महीने पहले ही तैयार की गई है। देर शाम तेज धमाके के साथ सड़क फट गई। जो शहर के लोगों में कौतूहल का विषय बनी रही। धमाके के बाद सड़क का एक हिस्सा जमीन से उठ गया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि धमाका जबरदस्त रहा होगा। इस विस्फोट का कारण सड़क के नीचे गैस बनना माना जा रहा है। इस संबंध में स्थानीय पार्षद संजय सिंह सैनी का कहना है कि दरार वाली स्थान पर काफी दिन पहले एक पुलिया थी जो कि बंद पड़ी थी। संभावना है कि सड़क के नीचे दबी पुलिया के खाली हिस्से में गैस बन गई होगी। इसके लगातार दबाव के कारण आरसीसी सड़क फट गई। मुख्य अभियंता देवेंद्र कुमार ने बताया कि सड़क के नीचे गैस बनने से दरार पड़ी है। ठेकेदार शांति एसोसिएट को सड़क के उसे हिस्से की खुदाई करके नया निर्माण करने का निर्देश दिया है।

## वन संपदा का हो रहा करोड़ों का नुकसान

### ■ सुलग रहे वन जगांल जिम्मेदार कौन ■ तेजी से बढ़ती नजर आ रही आग लगने की घटना

■ अनिल शर्मा

**मवाना,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। तापमान में वृद्धि के साथ ही जंगल धधक उठे हैं हस्तिनापुर का वन आरक्षित क्षेत्र हो या मवाना की संडकों पर खडे हरे पेड कोई अछूता नहीं है हालही में जंगलों में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ती नजर आ रही है। सडको की किनारों के साथ वन आरक्षित क्षेत्र में सुलगते जंगल जहां इंसान की चिंता बढ़ा रहे हैं वहीं जंगल के प्राणियों की असमय मौत, पलायन और कई वन्य प्रजातियों के खत्म होने का खतरा भी पैदा कर रहे हैं। इसके अलावा वन क्षेत्र में फैली आग से करोड़ों की वन संपदा का नुकसान भी होता है। जिसकी भरपाई शायद कभी नहीं की जा सकती है। बिजनौर बैराज से गढमुक्तेश्व तक 2073 वर्ग किलोमीटर



में फैले वन जंगलों में तापमान में वृद्धि के साथ आग लगने के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं। शुष्क मौसम के कारण वातावरण में नमी कम होने से जंगलों के धधकने का सिलसिला काफी तेज हो गया है और चिंता की बात यह है कि जंगल में आग लगने की ऐसी घटनाओं के बढ़ने के साथ ही इन पर नियंत्रण पाना भी बेहद बेहद मुश्किल होता जा रहा है। वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक वन आरक्षित क्षेत्र में गर्मी बढने के साथ ही फायर सीजन में अभी तक जंगलों में आग की करीब कई घटनाएं हो चुकी हैं। आग लगने की अधिकाशं घटनाएं सडकों का आस पास होती नजर आ रही। आग की घटनाएं कई बार विकराल रूप भी ले लेती है जिसमें वन सपंदा के साथ जंगली जीवों को भी नुकसान होता है।

**क्या कहते है वन अधिकारी**

आग लगने की अधिकांश घटनाएं इंसानी गतिविधियों के चलते होती है। घटनाओं को कम करने के लिए गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जाता है सूचना के बाद वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचकर आपको बुझाने का प्रयास करती है : **राजेश कुमार, डीएफओ, मेरठ**

### आखिर क्यों धधक उठते हैं जंगल

जंगलों के सुलगने के पीछे क्या सिर्फ गर्मियां और तेज गर्म हवाएं ही एक बड़ी वजह हैं। शायद ऐसा कहना ठीक नहीं होगा. क्योंकि पिछले दिनों में जंगल में आग लगने की जो घटनाएं हुई हैं उनमें इंसानी गतिविधियां ज्यादा जिम्मेदार कही जा सकती हैं। सडकों किनारे होने वाली घटनाओं वन संपदा का नुकसान होता है लेकिन वन क्षेत्र में आग से होने वाली घटनाओं में वन संपदा के साथ जगली जीवों को भी नुकसान होता है।

## बीमे के 50 लाख हड़पने के लिए बहन ने कराई भाई की हत्या

**मवाना,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। बहसुमा थाना क्षेत्र के गांव भडौरा में बहन ने बीमें की रकम हडपने के लिए हिस्ट्रीशीटर चालक के साथ मिलकर सगे भाई को गला घोटकर मौत के घाट उतार भाई की हत्यारण बन गई। आरोपी बहन ने पहले खुद भाई की बीमा पॉलिसी में नॉमिनी बनी फिर बीमे राशी के 50 लाख हासिल करने के लिए भाई की हत्या कर दी। रविवार को चालक और मृतक की बहन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव भंडौरा निवासी मोनू शुक्रवार सुबह कार चालक के साथ मवाना पक्का तालाब के समीप अपनी बहन के घर गया था। दोपहर बाद मोनू की बहन सुरेखा व कार चालक अमरीश शव लेकर गांव पहुंचे तो ग्रामीणों और परिजनों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने मोनू की हत्या की आशंका जता थाना बहसूमा थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी।



■ भाई के चालक के साथ मिलकर दिया घटना को अंजाम

■ पुलिस पुछताछ में हुआ खुलासा

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। परिजनों के अनुसार मोनू को शराब का आदी बताया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को मोनू की 35 वर्ष बहन सुरेखा और कार चालक शुक्रवार दोपहर बाद मोनू के शव को लेकर भंडौरा गांव स्थित मोनू के घर पहुचे और परिजनों के साथ ग्रामीणों को मोनू की मौत की जानकारी दी।

पोस्टमार्टम के बाद शनिवार देर शाम मृतक के भाई ने बहन और टैक्सी चालक के खिलाफअमरीश के खिलाफ हत्या की तहरीर दी। मगर शनिवार को मृतका के भाई की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपियों को पुछताछ के लिए हिरासत में ले लिया मृतक मोनू की बहन ने पुलिस पुछताछ में बताया की आरोपित पति बीमा पॉलिस के 50 लाख हड़पने के लिए भाई की हिस्ट्रीशीटर चालक अमरीश के साथ मिलकर भाई को मौत के घाट उतार दिया।

## डांस करते-करते लड़की की मौत

**मेरठ,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। बहन के हल्दी प्रोग्राम में छोटी बहन की मौत हो गई। डांस करते-करते अचानक गिर गई। घर की महिलाओं ने उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी जान चली गई। मामला लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के अहमदनगर की गली नंबर- 2 का है। घटना के बाद वहां चीख-पुकार मच गई। घरवालों ने लड़की को उठाने की कोशिश की, लेकिन उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना शनिवार देर रात की है। वीडियो रविवार दोपहर सामने आया।

अहमदनगर गली नंबर-2 के रहने वाले महताब के छोटे भाई आफताब की बेटी की रविवार को शादी थी। शनिवार को घर में हल्दी का प्रोग्राम चल रहा था। दुल्हन की चचेरी बहन और महताब की बेटी रिमशा मोहल्ले की कुछ अन्य लड़कियों के साथ डांस कर रही थीं। रिमशा के घरवालों का कहना है कि उनकी बेटी को चक्कर आने की बीमारी थी। कल हल्दी में डांस के समय उसे दौरा पड़ा था। जिसके चलते वह गिरी और उसकी मौत हो गई।

## ट्रोल हुए तो अरुण गोविल ने पोस्ट डिलीट की

**मेरठ,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल ने अपने एक्स अकाउंट पर मुंबई पहुंचकर डाली। पोस्ट में लिखा था कि जब किसी का दोहरा चरित्र सामने आता है तो उससे अधिक स्वयं पर क्रोध आता है, कि हमने कैसे आंखें बंद करके ऐसे इंसान पर भरोसा किया। जय श्री राम। यह पोस्ट रविवार की सुबह डाली गई थी। हालांकि इस पोस्ट के बाद पार्टी, संगठन, नेताओं और कार्यकर्ताओं में तरह-तरह की बातें होने लगी। लोग अलग-अलग मायने निकालने लगे। थोड़ी ही देर में पोस्ट वायरल हो गई। ट्रोल होने पर करीब 3 घंटे बाद अरुण गोविल ने इस पोस्ट को अपने ग् अकाउंट से डिलीट कर दिया। वहीं इस पोस्ट को लेकर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं। अरुण गोविल को चुनाव हराने के लिए पार्टी के ही नेताओं, कार्यकर्ताओं ने भीतरघात की है। जिसका शिकार गोविल हुए हैं। वहीं चुनाव प्रचार में साथ न देने, जनसंपर्क से लेकर अन्य दूसरी बातों को लेकर चर्चा हो रही है। चर्चा है कि क्या अरुण गोविल के साथ मेरठ में प्रचार वाहन से लेकर हर जगह साथ चलने वाले चेहरों ने उन्हें धोखा दिया है। आखिर वो कौन है जिसका नाम लिए बिना गोविल ने यह पोस्ट लिखी है।

**मेरठ से भाजपा प्रत्याशी ने लिखा- हमने कैसे आंखें बंद करके ऐसे इंसान पर भरोसा किया**

**आयोजन** *शोभित विश्वविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित*

## विद्यार्थियों को सकारात्मक व आधुनिक सोच के लिए किया प्रेरित

**मेरठ, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ( डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) में निशब्द क्लब ने यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय ऑनलाइन वोटिंगरु क्या ऑनलाइन वोटिंग को मतदाता मतदान बढ़ाने के तरीके के रूप में लागू किया जाना चाहिए, या क्या इससे बहुत सारे सुरक्षा जोखिम पैदा होते हैं।**

इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सकारात्मक और आधुनिक नजरिये से सोचने के लिए प्रेरित करना था। प्रोग्राम के मुख्या संचालक निशब्द क्लब के छात्र सदस्य नवनीत, अनुज कुमार पंडित, खुशी और मुदित थे। विद्यार्थियों ने आज के दौर की विभिन्न चुनाव चुनौतियों और ऑनलाइन चुनाव चुनौतियों के समाधान हेतु अपने विचार प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में डॉ. सहदेव सिंह, प्रो. (डॉ.) दिव्या प्रकाश ,प्रो. विजय माहेश्वरी ने जूरी मेंबर के रूप में सभी छात्रों द्वारा वाद विवाद में प्रस्तुत किए गए विचारो का आंकलन किया।



■ चुनाव में चुनौतियों के समाधान के लिए विद्यार्थियों ने रखे विचार

■ आकाश व रवि राज को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला

इस प्रतियोगिता में आकाश और रवि राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निशु और अमन रावत ने विचारो को प्रस्तुत करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ऑनलाइन मतदान के विषय में बहस में शामिल होने वाले विद्यार्थी ने इस प्रक्रिया के लाभों और चुनौतियों पर विशेष ध्यान दिया। वे इस प्रक्रिया के माध्यम से लोगों को मतदान करने की आसानी और सुरक्षितता के बारे में चर्चा करते हुए नए तकनीकी अवसरों के बारे में भी बात की। इस बहस में, विद्यार्थी विभिन्न पक्षों को प्रस्तुत करने के साथ-साथ ऑनलाइन मतदान के नुकसानों और सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा करते रहे। उन्होंने वर्तमान स्थिति के समाधान के बारे में भी विचार किया, जिससे कि लोगों को सुरक्षित और विश्वसनीय रूप से मतदान करने में मदद मिल सके। इस प्रतियोगिता में, शोभित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी ने नए तकनीकी संभावनाओं को समझाने और सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गहरा विचार करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का आरम्भ रजिस्ट्रार डॉ. गणेश भारद्वाज के आशीर्वचनो द्वारा हुआ जिसमे उन्होंने इस कार्यक्रम की काफी प्रशंसा की और विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित किया । डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. ( डॉ.) दिव्या प्रकाश ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्दित करते हेतु मतदान के महत्व पर बात की। कार्यशाला में रहे उद्घाटन सत्र में निशब्द क्लब के इंचार्ज मिस् निम्रा मिर्जा ने विद्यार्थियों के उत्साह को और बढ़ाया और उन्होंने धन्यवाद व्यक्त किया कि उन्होंने इस कार्यशाला में भाग लेने का समर्पण दिखाया।

## दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

**मेरठ,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। लिसाड़ी गेट में लोहे की पुरानी जंजीर को लेकर दो परिवार भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे। इसके बाद बीच बचाव में आई महिला को भी दबंगों ने जमकर पीट दिया। मारपीट की घटना सीसीटीवी मे कैद हो गई। वहीं घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफतहरीर दी है। पुलिस ने एक पक्ष के एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है और दूसरे पक्ष की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। रविवार को शाह आलम अपनी जंजीर मांगने पहुंचा तो जंजीर न मिलने के चलते दिलशाद ने बाद में जंजीर देने की बात कही और अपने काम पर चला गया। तभी शाह आलम भी वापस चला गया।




चुनावी मौसम में नेताओं के पाले बदलने का खेल जारी

# पूर्व विधायक जय चौबे की घर वापसी से बदले समीकरण

**संतकबीरनगर,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। चुनावी मौसम में नेताओं के पाले बदलने का खेल लगातार जारी है इसी क्रम में संतकबीरनगर जिले के पुराने भाजपाई दिग्विजय नारायण चतुर्वेदी उर्फ जय चौबे, जो 2022 में समाजवादी पार्टी के पाले में जा बैठे थे, वह इस लोकसभा चुनाव में घर वापसी करते हुए फिर से भाजपा में शामिल हो गए हैं।

चतुर्वेदी भाजपा से बगावत करके समाजवादी पार्टी में शामिल हुए तथा 2022 में संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी के रूप में रनर रहे। पूर्व विधायक जय चौबे ने इस बार सपा से लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर से उम्मीदवार न बनाए जाने से खीझ कर पिछले दिनों समाजवादी पार्टी छोड़ने का एलान किया था। उन्होंने बसपा में जाने का संकेत दिया था लेकिन बसपा द्वारा प्रत्याशी की घोषणा कर देने के बाद भारी उहापोह के बीच भाजपा में घर वापसी का फैसला लिया और आज प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य वरिष्ठ नेताओं के समक्ष भाजपा में शामिल हो गए। चौबे की घर वापसी से एक बार फिर लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर का राजनीतिक समीकरण उलट पलट गया है। पूर्व विधायक जय चौबे के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के चेयरमैन जगत जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा, प्रधान कौशल चौधरी सहित सैकड़ों लोगों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। जय चौबे सहित अन्य नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद संत कबीर नगर जिले की राजनीति गर्म हो गई है।

माना जाता है कि मौजूदा सांसद एवं निषाद पार्टी कोटे से संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी प्रवीण निषाद, उनके पिता निषाद पार्टी के सुप्रीमो तथा प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने जय चौबे की घर वापसी में अहम भूमिका निभाई क्योंकि इस समय वे कठिन राजनीतिक संघर्ष में जूझ रहे हैं।



■ चौबे सहित अन्य नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद संत कबीर नगर जिले की गरमाई राजनीति

उल्लेखनीय है कि खलीलाबाद सदर से पूर्व भाजपा विधायक जय चौबे किन्हीं राजनीतिक परिस्थितियों में भाजपा का सीटिंग विधायक रहते हुए भाजपा से बग़ावत करके समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित कराया और सत्ता से खुली बगावत की जिसके नतीजे में बालू खनन के मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष जो चौबे के नुमाइंदे के रूप में बालू खनन का काम देखते थे के विरुद्ध करोड़ों की जीएसटी, रायल्टी व अन्य प्रकार के जुर्माने को झेल रहे हैं। इन्हीं हालात में भाजपा से बगावत कर सपा में शामिल हुए जय चौबे समाजवादी पार्टी से लोकसभा टिकट न मिलने से नाराज थे। एक सप्ताह पूर्व उन्होंने अपने कैंप कार्यालय पर समाजवादी पार्टी से छोड़ने का एलान किया था और जनता से राय करने का एक सप्ताह का समय मांगा था। आज जैसे ही सुबह हुई तो संत कबीर नगर जिले की सियासत में बड़ा फेरबदल देखने को मिला समाजवादी पार्टी से बागी हुए पूर्व विधायक जय चौबे ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बीजेपी का दामन थाम लिया।

भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक जय चौबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से ही पूर्व में विधायक रहा हूं और फिर अपनी पार्टी में वापस आया हूं। भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संत कबीर नगर जिले में भारतीय जनता पार्टी को और भी मजबूत करने का काम किया जाएगा।

## झांसी संसदीय सीट : कांग्रेस के गढ़ में राजेंद्र अग्निहोत्री ने खिलाया था कमल

**झांसी**। बुंदेलखंड क्षेत्र की महत्वपूर्ण झांसी संसदीय सीट पर यूं तो वर्तमान में भाजपा का प्रभाव नजर आता है लेकिन कभी यह सीट भी कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी और भाजपा की ओर से राजेंद्र अग्निहोत्री ने यहां पहली बार कमल खिलाया था। इस सीट पर वर्तमान में मुख्य मुकाबला भाजपा उम्मीदवार अनुराग शर्मा और इंडिया समूह के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य के बीच है। इस सीट पर पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होना है और बसपा अभी तक उम्मीदवार के नाम को लेकर माथापच्ची में फंसी है। इस सीट पर 1952 से लेकर 1980 तक कांग्रेस की मजबूत पकड़ रही। वर्ष 1952 में रघुनाथ विनायक धुलेकर व वर्ष 1957, 1962 व 1967 में तीन बार डॉ. सुशीला नैय्यर इंडियन नेशनल कांग्रेस से सांसद रही हैं। वर्ष 1971 में गोविन्ददास रिछारिया इंडियन नेशनल कांग्रेस से सांसद रहे व इसके उपरान्त आपातकालीन व्यवस्था लागू हो जाने पर वर्ष 1977 में चुनाव हुए।

# फिर रंग बदल सकती है माढ़ा सीट

■ भाजपा ने 2019 में राकांपा से छीनी थी ■ माढ़ा लोकसभा क्षेत्र में 13 लाख से अधिक मतदाता

**सोलापुर,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। सोलापुर का 15 साल पुराना माढ़ा लोकसभा क्षेत्र (अविभाजित) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का गढ़ रहा है। यह देश के उन कुछ चुनिंदा इलाकों में से एक है, जो 2014 में भारतीय जनता पार्टी की पहली लहर में भी भगवा रंग में नहीं रंगा था। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2019 के चुनावों में माढ़ा भी भाजपा की सुनामी में ढह गया। रणजीतसिंह नाइक-निंबालकर ने यहां पार्टी का खाता खोलते हुए जीत हासिल की। कई कारकों की वजह से यहां 2024 में यहां दोबारा भाजपा की संभावनाओं पर सवालिया निशान है। पार्टी ने माढ़ा से नाइक-निंबालकर को फिर से टिकट दिया है जो फल्टन साम्राज्य के पूर्व शाही परिवार के वंशज हैं।

एक युवा और मजबूत स्थानीय भाजपा नेता, धैर्यशील मोहिते-पाटिल 2024 के आम चुनावों से पहले शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) में शामिल हो गए जिसने उन्हें तुरंत माढ़ा के लिए लोकसभा का टिकट दे दिया।

भाजपा को एक और बड़ा झटका तब लगा जब कुछ दिन पहले ही पूर्व उपमुख्यमंत्री विजयसिंह मोहिते-पाटिल अचानक अपनी पुरानी पार्टी एनसीपी (एसपी) के साथ चले गए और अपने पुराने वरिष्ठ मित्रों शरद पवार तथा सुशील कुमार शिंदे को गर्मजोशी से गले लगाया।

संयोग से, 2019 में विजयसिंह मोहिते-पाटिल ने (अविभाजित) राकांपा छोड़ी माढ़ा सीट भी पार्टी के हाथ से चली गई। इस बार विजयसिंह मोहिते-पाटिल ने शरद पवार और सोलापुर के अन्य महत्वपूर्ण नेताओं के साथ सार्वजनिक रूप से यहां भाजपा को हराने और 'इंडिया'-महा विकास अघाड़ी-राकांपा (सपा) के संयुक्त उम्मीदवार धैर्यशील मोहिते-पाटिल की जीत सुनिश्चित करने की कसम खाई है।

भाजपा के लिए एक और बड़ी शर्मिंदगी की स्थिति तब बनी जब कई नाइक-निंबालकर वंशज, जिनमें श्रीमंत सुभद्राराजे प्रतापसिंह, रघुनाथराजे, प्रियलक्ष्मीराजे, शिवांजलिराजे संजीवराजे, अनिकेतराजे, रामराजे, सत्यजीतराजे संजीवराजे शामिल हैं, विजयसिंह मोहिते-पाटिल और अन्य शीर्ष एमवीए नेताओं के साथ धैर्यशील मोहिते-पाटिल के चुनाव अभियान के आगाज के समय मौजूद रहे।



माढ़ा लोकसभा सीट और सोलापुर जिला 2019 से पहले तक 70 वर्षों से अधिक समय से मोहिते-पाटिल वंश का पारंपरिक गढ़ रहा था। अपनी ओर से, राकांपा (एसपी) ने हर कीमत पर भाजपा से अपना गढ़ वापस पाने को प्रतिष्ठा का मुद्दा बना लिया है और उसके शीर्ष नेता माढ़ा में जोरदार प्रचार कर रहे हैं।

लोकसभा क्षेत्र बनने के बाद 2009 में इसने पहली बार शरद पवार को चुना, 2014 में मोदी लहर पर काबू पाते हुए एनसीपी (एसपी) के विजयसिंह मोहिते-पाटिल को चुना, इसके बाद 2019 में भाजपा के नाइक-निंबालकर यहां से जीते।

माढ़ा लोकसभा क्षेत्र में 13 लाख से अधिक मतदाता हैं। इसमें छह विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं, जिनमें से दो भाजपा के पास हैं, दो पर (अविभाजित) राकांपा की जीत हुई थी और एक-एक सीट शिवसेना तथा निर्दलीय के खाते में गई थी।

करमाला से निर्दलीय संजय शिंदे, माढ़ा से एनसीपी के बबन शिंदे, सांगोला से शिवसेना के शाहजीबापू पाटिल, मालशिरस-एससी से भाजपा के राम सतपुते (जो सोलापुर-एससी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं), फल्टन-एससी से एनसीपी के दीपक पी. चव्हाण और मान से भाजपा के जयकुमार गोरे विजयी हुए थे। यह क्षेत्र नाइक-निंबालकरों द्वारा निर्मित पुराने किले, ऐतिहासिक मोधेश्वरी मंदिर और अन्य धार्मिक स्थानों के लिए प्रसिद्ध है।

# त्रासदी, राजनीतिक चालबाजी के चौराहे पर खड़ा धारवाड़ लोस क्षेत्र

**हुबली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के धारवाड़ लोकसभा सीट पर आम चुनाव नजदीक आते ही यह क्षेत्र खुद को त्रासदी, आध्यात्मिकता और राजनीतिक चालबाजी के चौराहे पर खड़ा पाता है। इस क्षेत्र में तीन महत्वपूर्ण घटनाओं ने राजनीतिक परिदृश्य को हिलाकर रख दिया है जिनमें से प्रत्येक ने चुनावी चर्चा पर अपनी छाप छोड़ी है और संभावित रूप से मतदाता भावनाओं को आकार दिया है।

सबसे पहले कांग्रेस नगर पार्षद की बेटी नेहा हिरेमथ की जघन्य हत्या की गूंज पूरे निर्वाचन क्षेत्र में फैल गई जिससे आक्रोश फैल गया और राजनीतिक निष्ठाओं का पुनर्मूल्यांकन हुआ। भारतीय जनता पार्टी ने इस घटना को भुनाने, हिंदू-मुस्लिम तनाव का फायदा उठाने और मतदाताओं की भावनाओं को अपने पक्ष में करने के लिए विभाजनकारी बयानबाजी करने में कोई समय नहीं बिताया। इस कदम ने पहले से ही तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल में और तनाव पैदा कर दिया है। क्षेत्र में 'तुष्टिकरण की राजनीति' के आरोप तेज हो गए हैं क्योंकि भाजपा अपनी कहानी को प्रचारित करने के लिए विरोध प्रदर्शन और बैठकें कर रही हैं। दूसरे फकीरा दिंगलेश्वर स्वामी के चुनावी मैदान में संक्षिप्त प्रवेश और उसके बाद वापसी ने राजनीतिक जल में हलचल मचा दी। शुरुआत में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के प्रभुत्व के लिए एक चुनौती के रूप में देखा गया। स्वामी के राजनीति में प्रवेश ने अनिश्चितता का तत्व पैदा कर दिया। उनकी अंतत: वापसी ने ध्यान को पुनर्निर्देशित किया, इसने चुनावी परिदृश्य पर एक स्पष्ट छाप छोड़ी जो राजनीति की तरलता और अप्रत्याशित अभिनेताओं के प्रभाव की याद दिलाती है। अंत में, भाजपा और कांग्रेस के बीच चुनावी लड़ाई तेज हो गई है, दोनों



■ भाजपा और कांग्रेस के बीच चुनावी लड़ाई तेज

■ राजनीति की तरलता और अप्रत्याशित अभिनेताओं के प्रभाव की दिलाती है याद

पार्टियां रणनीतिक रूप से विभिन्न जनसांख्यिकी, विशेष रूप से प्रभावशाली वीरशैव-लिंगायत समुदाय को लक्षित कर रही हैं। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, अपनी लगातार पांचवीं जीत पर नजर गड़ाए हुए हैं, भाजपा के मजबूत उम्मीदवार के रूप में खड़े हैं जबकि कांग्रेस विनोद आसुति को निर्वाचन क्षेत्र में उन्हें नए चेहरे के रूप में पेश की है। लिंगायत समुदाय के बीच समर्थन मजबूत करने के भाजपा के प्रयास और कांग्रेस की अपने पारंपरिक मतदाता आधार पर निर्भरता क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थों के साथ एक जोरदार चुनाव लड़ने का संकेत देती है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, मतदान व्यवहार पर इन घटनाक्रमों का प्रभाव अनिश्चित बना हुआ है। हालांकि, एक बात स्पष्ट है त्रासदी, आध्यात्मिकता और राजनीतिक पैंतरेबाज़ी ने धारवाड़ लोकसभा दौड़ की गतिशीलता को आकार देने के लिए एक साथ मिलकर एक गहन और बारीकी से देखे जाने वाले चुनावी मुकाबला देखने को मिल सकता है।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए प्रचार को उतरे सलमान खुर्शीद

**फर्रुखाबाद,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य के चुनाव प्रचार के लिए, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद धर्मपत्नी लुईस खुर्शीद के साथ रविवार को अपने कायमगंज पैतृक निवास डॉ. जाकिर हुसैन महल में पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संपर्क किया।

यह जानकारी आज खुर्शीद और उनकी पत्नी के राजनीतिक प्रतिनिधि डॉक्टर फरीद चुगताई में दी। उन्होंने बताया कि खुर्शीद आज जहानगंज क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता के यहां आयोजित होने वाले एक विवाह समारोह में भाग लेने पहुंचेंगे। इसके बाद 29 अप्रैल वह डॉ़ शाक्य के समर्थन में जनसंपर्क चुनाव प्रचार करेंगे।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ में वरिष्ठ नेता खुर्शीद द्वारा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में आते ही सपा, कांग्रेस,आम आदमी पार्टी जन अधिकार पार्टी एवं उनके बड़ी संख्या वाले समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।



मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए अभिनव पहल

# उंगली पर नीली स्याही दिखाएं और उत्पादों पर छूट पाएं

**रायपुर,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में मतदान के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए अभिनव पहल की गई है। चैंबर ऑफ कॉमर्स ने उंगली पर नीली स्याही दिखाने पर विभिन्न उत्पादों पर छूट देने का फैसला लिया है। इसके लिए विभिन्न संस्थानों के संचालकों ने भी सहमति जताई है। वर्तमान में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दल भी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भी इस दिशा में पहल की है। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर अलग-अलग व्यापारिक समूह ने अपने उत्पादों में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए छूट देने का ऐलान किया।

उन्होंने कहा कि जो मतदाता उंगली की स्याही उनके दुकानों, प्रतिष्ठानों में आकर दिखाएगा उसे तत्काल विभिन्न उत्पादों पर अलग-अलग छूट दी जाएगी।

कलेक्टर ने चैंबर ऑफ कॉमर्स (रायपुर) की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे रायपुर के मतदाता प्रोत्साहित होंगे और ज्यादा से ज्यादा संख्या में सात मई को मतदान करेंगे। अध्यक्ष ने बताया कि फर्नीचर एसोसिएशन ने 10 प्रतिशत, कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन ने 10 प्रतिशत, रायपुर ऑप्टिकल एसोसिएशन ने 15 प्रतिशत, प्लाईवुड एसोसिएशन ने पांच प्रतिशत, सराफा एसोसिएशन ने गोल्ड मेकिंग चार्ज पर 15 प्रतिशत का डिस्काउंट देने की बात कही है। इसके अलावा अन्य व्यापारी संघों ने मतदाताओं को मतदान करने पर विशेष छूट देने का ऐलान किया है।



राजनीतिक दल भी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कर रहे प्रयास

# 61 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरूषों से अधिक

**जयपुर,** 28 अप्रैल (वार्ता) राजस्थान में दो चरणों में हुए लोकसभा आम चुनाव-2024 में इस बार आठ लोकसभा क्षेत्रों एवं 60 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले ज्यादा वोट डालने में बाजी मारी हैं और बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के घाटोल विधानसभा इलाके में महिलाओं ने सर्वाधिक 82.68 प्रतिशत मतदान किया हैं।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में इस बार लोकसभा चुनाव में दो करोड़ 56 लाख 27 हजार 971 महिला मतदाताओं में से एक करोड़ 55 लाख 61 हजार 285 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो प्रदेश के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों में इनका 60.72 प्रतिशत मतदान हुआ। महिलाओं का आठ लोकसभा क्षेत्र चूरू, झुंझनूं, सीकर, पाली, जालोर, उदयपुर, बांसवाड़ा और राजसमंद में पुरूषों के मुकाबले मतदान अधिक रहा।

गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्रों में से 61 में महिला मतदाताओं ने पुरूषों से अधिक मतदान किया है। इन क्षेत्रों में महिला और पुरूष मतदाताओं द्वारा किए गए मतदान में 0.06 प्रतिशत से 10.74 प्रतिशत तक अंतर रहा। राजसमंद लोकसभा क्षेत्र में आने वाली भीम विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 10.74 प्रतिशत अंतर रहा।

विधानसभा क्षेत्रवार महिला-पुरूष का मतदान प्रतिशत और अंतर इस प्रकार है-

भीम में 62.17 - 51.43 (10.74) , सागवाड़ा में 74.7 - 65.33 (9.37), आसपुर 66.97 - 57.99 (8.98), खैरवाड़ा 67.55 - 59.97 (7.58), फतेहपुर 55.75 - 49.96 (5.79), गढ़ी 78.53 - 72.8 (5.73), दांतारामगढ़ 63.87 - 58.21 (5.66), ब्यावर 63.84 - 58.61 (5.23), मण्डावा 58.27 - 53.05 (5.22), लक्ष्मणगढ़ 61.04 - 55.84 (5.2), सहाड़ा 58.17 - 52.99 (5.18), लाडनू 55.86 - 51.32 (4.54), धरियावद 71.63 - 67.13 (4.5), खण्डेला 58.05 - 53.59 (4.46), चौरासी 73.2 - 68.97 (4.23), सिरोही 60.26 - 56.08 (4.18), मारवाड़ जंक्शन 56.23 - 52.19 (4.04), बाली 56.99 - 53.1 (3.89), रतनगढ़ 61.23 - 57.4 (3.83), आसींद 62.22 - 58.41 (3.81), धोद 64.47 - 60.81 (3.66), आहोर 58.92 - 55.28 (3.64), कुम्भलगढ़ 56.81 - 53.29 (3.52),



श्रीमाधोपुर 50.39 - 46.96 (3.43), डूंगरपुर 68.74 - 65.44 (3.3), डीडवाना 57.61 - 54.34 (3.27), सलूम्बर 64.43 - 61.39 (3.04), कुशलगढ़ 71 - 68.02 (2.98), पिन्डवाड़ा आबू 68.75 - 65.77 (2.98), सुमेरपुर 56.37 - 53.67 (2.7), सोजत 63.05 - 60.59 (2.46), जैतारण 56.18 - 53.74 (2.44), गोगुन्दा 66.59 - 64.16 (2.43), नीम का थाना 51.48 - 49.2 (2.28), उदयपुरवाटी 56.86 - 54.61 (2.25), बागीदौरा 78.17 - 76.01 (2.16), विराटनगर 54.93 - 52.89 (2.04), सादुलपुर 66.58 - 64.59 (1.99), सुजानगढ़ 59.62-57.65 (1.97), खेतड़ी 49.55-47.64 (1.91), मसुदा 59.62-57.77 (1.85), नवलगढ़ 52.83-51.12 (1.71), नावां 59.22-57.56 (1.66), चूरू 65.64-64.04 (1.6), जालोर 63.95-62.52 (1.43), शिव 79.43-78.1 (1.33), माण्डल 62.54-61.21 (1.33), घाटोल 82.68-81.63 (1.05), कामां 63.53-62.55 (0.98), तारानगर 69.16-68.33 (0.83), रामगढ़ 63.22-62.41 (0.81), झाडोल 75.45-74.68 (0.77), रेवदर 66.22-65.49 (0.73), थानागाजी 52.31-51.63 (0.68), बांसवाड़ा 77.79-77.2 (0.59), झुंझुनू 57.97-57.43 (0.54), भीनमाल 62.58-62.21 (0.37), सुरजगढ़ 51.21 - 50.84 (0.37), फुलेरा 59.38-59.23 (0.15), सिवाना 63.75-63.61 (0.14) एव नाथद्वारा 65.28-65.22 (0.06)।

# बिहार की आधी आबादी को नहीं मिली उचित हिस्सेदारी, 34 महिला ही बनीं सांसद

**पटना,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। महिला सशक्तीकरण की मिसाल से भरी माता जानकी की भूमि मिथिला में प्राचीन काल से अबतक आधी आबादी कला-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान से लेकर राजनीति तक में अपनी सशक्त पहचान साबित करती आई हैं, लेकिन लोकतंत्र में बिहार की महिलाओं को वह हिस्सेदारी नहीं मिल सकी, जो संविधान ने उन्हें दी है। बिहार में अबतक 17 बार लोकसभा चुनाव हुए और महज 34 महिला ही सदन पहुंचने में सफल रही है। विधायिका में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने की पुरजोर वकालत करने वाले राजनीतिक दलों ने भी महिलाओं की इस बार कोई सुध नहीं ली और टिकट बंटवारे के समय चुप्पी साध ली। राजनीतिक दल आधी आबादी को बराबरी का दर्जा देने की बात तो कहते हैं लेकिन टिकट देने के समय उन्हें तरजीह नही देते है। कई बार तो पार्टी निवर्तमान महिला सासंद या विधायक की टिकट काटकर पुरुष प्रत्याशियों को तरजीह देते हैं।

वर्ष 1952 के लोकसभा चुनाव में दो महिलायें सांसद बनीं। तारकेश्वरी देवी (तारकेश्वरी सिन्हा) कांग्रेस के टिकट पर पटना पूर्व, और सुष्मा सेन भागलपुर सीट पर कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुई। वर्ष 1957 में पांच महिलायें सांसद चुनी गई। बांका सीट से कांग्रेस उम्मीदवार शकुंतला देवी, नवादा से कांग्रेस की सत्यभाामा देवी, चतरा सीट पर छोटानागपुर संताल परगना जनता पार्टी (सीएसपीजेपी) के टिकट पर रामगढ़ राजघराने के बसंत नारायण सिंह की पत्नी विजया राजे, और हजारीबाग सीट पर (सीएसपीजेपी) के टिकट पर रामगढ़ के राजा कामाख्या नारायण सिंह की पत्नी ललिता राजे, बाढ़ संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याश तारकेश्वरी देवी सांसद बनीं।



■ महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की पुरजोर वकालत करने वाले राजनीतिक दलों ने भी महिलाओं की नहीं ली सुध


वर्ष 1962 में छह महिलायें सांसद बनी। बांका से कांग्रेस प्रत्याशी शकुंतला देवी, बाढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार तारकेश्वरी देवी, पटना से कांग्रेस प्रत्याशी रामदुलारी देवी (राम दुलारी सिन्हा), औरंगाबाद से स्वतंत्र पार्टी उम्मीदवार ललिता राजे लक्ष्मी, जहानाबाद से कांग्रेस की सत्यभामा देवी, और चतरा से स्वतंत्र पार्टी उम्मीदवार विजया राजे ने जीत हासिल की। 1967 में चार महिला सांसद चुनी गई। बाढ़ से कांग्रेस की उम्मीदवार तारकेश्वरी देवी, चतरा से निर्दलीय उम्मीदवार विजया राजे, धनबाद से जना क्रांति दल (जीएकेडी) प्रत्याशी ललिता राजे, पलामू (सु) से कांग्रेस की कमला कुमारी सांसद चुनी गयी। वर्ष 1971 में पलामू (सु) से कांग्रेस प्रत्याशी कमला कुमारी ने जीत हासिल की। वर्ष 1977 में कोई महिला प्रत्याशी सांसद नहीं चुनी गई। 1977 में शून्य प्रतिनिधित्व के बाद जब 1980 में चुनाव हुआ तो पांच महिलाओं ने जीत हासिल की। पूर्व मुख्यमंत्री सत्येन्द्र नारायण सिंह की पत्नी किशोरी सिन्हा जनता पार्टी के टिकट पर वैशाली से, शिवहर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रामदुलारी सिन्हा, पूर्णिया सीट से कांग्रेस उम्मीदवार माधुरी सिंह, बेगूसराय से कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णा साही और पलामू (सु) सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कमला कुमारी सांसद बनी।

वर्ष 1982 में लोहरदग्गा सीट पर सांसद रहे कार्तिक उरांव के निधन के बाद उपचुनाव हुआ। उपचुनाव में कार्तिक उरांव की पत्नी सुमति उरांव जीतकर सांसद बनी। कार्तिक उराव छोटानागपुर के 'काला हीरा' के नाम से प्रसिद्ध थे। वर्ष 1984 में सर्वाधिक नौ महिला सांसद बनीं। मोतिहारी से कांग्रेस प्रत्याशी प्रभावती गुप्ता, वैशाली से जनता पार्टी की किशोरी सिन्हा, शिवहर से कांग्रेस की रामदुलारी सिंह, पूर्णिया से कांग्रेस प्रत्याशी माधुरी सिंह, बांका से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सिंह की पत्नी मनोरमा सिंह, बेगूसराय से कांग्रेस उम्मीदवार कृष्णा साही, पलामू (सु) से कांग्रेस की कमला कुमारी, बलिया से कांग्रेस की चंद्रभानु देवी और लोहरदगा (सु) से कांग्रेस प्रत्याशी सुमति उरांव सांसद बनी। वर्ष 1989 दो महिला सांसद बनी। वैशाली से जनता दल की उषा सिंह और लोहरदगा से कांग्रेस की सुमति उरांव निर्वाचित हुई।

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 7.34 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.79 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.53 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.33 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 7.73 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 3.55 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 3.36 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 3.08 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.11 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

# बासमती चावल का निर्यात 22 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। अप्रैल से फरवरी के दौरान बासमती चावल के निर्यात की मात्रा 14 फीसदी बढ़कर 46.79 लाख टन हो गई जबकि बासमती

■ विश्व में भारत चावल का सबसे बड़ा निर्यातक

चावल का निर्यात अप्रैल से फरवरी 2024 में करीब 22 फीसदी बढ़कर 5.2 अरब डॉलर का हो गया। पश्चिम एशिया के देशों से प्रमुख तौर पर निर्यात बढ़ने के कारण चावल की इस किस्म की मांग बढ़ी। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से फरवरी के दौरान बासमती चावल के निर्यात की मात्रा 14 फीसदी बढ़कर 46.79 लाख टन हो गई जबकि एक साल पहले की अवधि में 41 लाख टन चावल का निर्यात हुआ था।

सरकारी अधिकारियों के अनुसार, 'हमने इस साल (बासमती चावल के निर्यात) मूल्य और गुणवत्ता में अच्छी वृद्धि देखी है जबकि लाल सागर में व्यवधान और बासमती चावल का तय न्यूनतम निर्यात मूल्य था।'



हमने इस वर्ष बासमती चावल के निर्यात मूल्य व गुणवत्ता में अच्छी वृद्धि देखी है : वाणिज्य मंत्रालय

सरकार ने जुलाई में घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए गैर बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके एक महीने बाद बासमती चावल का न्यूनतम निर्यात मूल्य तय कर दिया गया था ताकि बासमती चावल की आड़ में सफेद गैर बासमती चावल के आशंकित 'गैरकानूनी' निर्यात को रोका जा सके। न्यूनतम निर्यात मूल्य तय करने को फ्लोर प्राइस के तौर भी जाना जाता है।

देश से कुल निर्यात किए जाने वाले चावल के निर्यात में गैर बासमती सफेद चावल की हिस्सेदारी करीब 25-30 फीसदी है। विश्व में भारत चावल का सबसे बड़ा निर्यातक है। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में बासमती चावल के निर्यात के क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान है। लिहाजा फ्लोर प्राइस तय किए जाने के बाद आशंका यह जताई जा रही थी कि पाकिस्तान का बासमती चावल अंतरराष्ट्रीय बाजार पर कब्जा कर सकता है। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि भारत का निर्यात प्रभावित नहीं हुआ। एक अन्य सरकारी अधिकारी ने बताया, 'पाकिस्तान का बासमती चावल का निर्यात बढ़ने के बावजूद हमारा निर्यात प्रभावित नहीं हुआ है।' दूसरे सरकारी अधिकारी ने कहा, 'हमारे सबसे बड़े मार्केट में पश्चिम एशिया, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी), यूरोप, अमेरिका आदि हैं। लाल सागर संकट के कारण यूरोप को होने वाला निर्यात प्रभावित हुआ है। भारत का बासमती चावल का तीन-चौथाई से अधिक निर्यात पूरे पश्चिम एशिया के देशों को होता है।

## भारत के औद्योगिक सामान आयात में चीन की हिस्सेदारी बढ़ी

### चीन के साथ बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का विषय

**नई दिल्ली।** भारत के औद्योगिक सामान आयात में चीन की हिस्सेदारी पिछले 15 वर्षों में 21 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो गई है। आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के अनुसार दूरसंचार, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे चीन के औद्योगिक सामानों पर भारत की बढ़ती निर्भरता के साथ यह आंकड़ा बढ़ा। जीटीआरआई ने कहा कि चीन के साथ बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का विषय है, और इस निर्भरता के रणनीतिक निहितार्थ गहरे हैं, जो न केवल आर्थिक बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा आयामों को भी प्रभावित करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 से 2024 तक, चीन को भारत का निर्यात सालाना लगभग 16 अरब अमेरिकी डॉलर पर स्थिर रहा है। दूसरी ओर, चीन से आयात 2018-19 में 70.3 अरब डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 101 अरब डॉलर से अधिक हो गया है।

## भारतीय आईटी सेक्टर में लगातार दूसरे साल रेवेन्यू वृद्धि में कमी : क्रिसिल

**नई दिल्ली**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय आईटी सेवा क्षेत्र में लगातार दूसरे साल राजस्व वृद्धि में नरमी देखी जा रही है। एक घरेलू रेटिंग एजेंसी ने कहा कि यूरोप और अमेरिका में प्रौद्योगिकी मद में खर्च में मामूली वृद्धि हुई है, जिसके कारण घरेलू आईटी सेवा कंपनियों का राजस्व में वृद्धि में नरमी है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में यह क्षेत्र 5-7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस उद्योग का कुल आकार 250 अरब अमेरिकी डॉलर आंका गया है और यह 50 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रूप से रोजगार देता है।

क्रिसिल के निदेशक ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भी प्रौद्योगिकी खर्च में नरमी जारी रहेगी, जिससे आईटी सेवा प्रदाताओं की राजस्व वृद्धि पर असर पड़ेगा। हालांकि, उद्योग का परिचालन लाभ मार्जिन 22-23 प्रतिशत पर स्थिर रहेगा। इसका श्रेय कर्मचारी लागत के विवेकपूर्ण प्रबंधन को दिया जा सकता है। एजेंसी ने कहा कि उच्च ब्याज दरों और ग्राहक बाजारों में आर्थिक नरमी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक, वित्तीय सेवाओं और बीमा , खुदरा, प्रौद्योगिकी और संचार क्षेत्रों में कंपनियों के प्रौद्योगिकी मद में खर्च में मामूली वृद्धि हुई। झावर ने कहा कि बीएफएसआई और खुदरा क्षेत्रों से राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में 4-5 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ेगा।

## हुंडई व किआ ने चीनी कंपनी बायदू से किया करार

**सोल**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की शीर्ष कार निर्माता कंपनी हुंडई मौटर और इसकी अनुषंगी कंपनी किआ ने रविवार को बताया कि उन्होंने कनेक्टेड कारों के लिए टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए चीन की दिग्गज टेक कंपनी बायदू के साथ करार किया है। दोनों दक्षिण कोरियाई कार निर्माता और बायदू ने पिछले सप्ताह बीजिंग में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत वे कनेक्टिविटी और सेल्फ-ड्राइविंग प्रौद्योगिकियों सहित कई क्षेत्रों में हाथ मिलाएंगे। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, हुंडई और किआ बीजिंग के बढ़ते डेटा नियमों के अनुपालन के लिए बायदू की स्मार्ट क्लाउड कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी का भी उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरियाई कंपनियां चीनी कंपनी के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके नए बिजनेस मॉडल भी तलाशेंगी।




हुंडई और किआ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बायदू के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, हम चीनी बाजार में कनेक्टेड कारों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

# अडानी कनेक्स ने बनाई सस्टेनेबिलिटी लिंक्ड फाइनेंसिंग

**अहमदाबाद**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। अडानी एंटरप्राइजेज और एज कनेक्स के संयुक्त उपक्रम अडानी कनेक्स ने 1.44 अरब डॉलर तक जुटाने के लिए भारत की सबसे बड़ी सस्टेनेबिलिटी लिंक्ड फाइनेंसिंग स्थापित की है। कंपनी ने रविवार को यहां जारी बयान में बताया कि यह लेनदेन अडानीकनेक्स के निर्माण कारोबार में वित्तपोषण पूल को 1.65 अरब डॉलर तक बढ़ा देगा। डेटा सेंटर सुविधाएं परिचालन दक्षता की बदौलत ईकोलॉजिकल फुटप्रिंट को कम करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों का इस्तेमाल करेगी। लिक्विडिटी के विस्तृत पूल तक पहुंच बढ़ती मांग के साथ पोर्टफोलियो परिसंपत्तियों के कार्यान्वयन को तेजी से ट्रैक करने की कंपनी की रणनीति को मजबूत करती है। फाइनेंसिंग के प्रति यह परिवर्तनकारी दृष्टिकोण टिकाऊ डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देगा और भारत के डिजिटल विकास को गति देगा।

डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



यह मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना की चुनौतियों का सामना करने के लिए हितधारकों के सामूहिक संकल्प का प्रमाण है : जयकुमार जनकराज

अडानी कनेक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जयकुमार जनकराज ने कहा कि यह मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना की चुनौतियों का सामना करने के लिए हितधारकों के सामूहिक संकल्प का प्रमाण है, जिससे मानदंडों को आगे बढ़ाया जा सके और नए उद्योग मानक स्थापित किए जा सकें। निर्माण वित्तपोषण अडानी कनेक्स पूंजी प्रबंधन योजना का एक बुनियादी तत्व है, जो हमें स्थिरता और पर्यावरणीय प्रबंधन में मजबूती से निहित डेटा सेंटर समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाता है। हमें अपने सम्मानित अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग भागीदारों के साथ इस यात्रा को शुरू करने में खुशी हो रही है।

## सार संक्षेप

### एफपीआई ने भारतीय इक्विटी से रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में लगातार बढ़ोतरी के चलते विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में घरेलू इक्विटी से 6,300 करोड़ रुपए निकाले। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक मार्च में 35,098 करोड़ रुपए और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपए का भारी निवेश हुआ था। आंकड़ों से पता चला कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने (26 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी से 6,304 करोड़ रुपए निकाले हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में लगातार वृद्धि के कारण इक्विटी और बॉन्ड दोनों में एफपीआई ने ताजा निकासी की। वहां 10 वर्षीय बॉन्ड यील्ड अब लगभग 4.7 प्रतिशत है, जो विदेशी निवेशकों के लिए बेहद आकर्षक है।

### कच्चे तेल की प्रोसेसिंग में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली।** भारत का पेट्रोलियम परिशोधन मार्च में बढ़कर 2.34 करोड़ टन हो गया। पेट्रोलियम योजना व विश्लेषण प्रकोष्ठ जारी आंकड़ों के मुताबिक पेट्रोलियम परिशोधन मार्च 2024 में बीते साल की इस अवधि की तुलना में 1.6 प्रतिशत अधिक हुआ। मार्च 2023 में पेट्रोलियम परिशोधन 2.3 करोड़ टन था। हालांकि इस साल फरवरी में 2.09 करोड़ टन का शोधन हुआ था। लिहाजा फरवरी की तुलना में मार्च में क्रमिक आधार पर मात्रा में 11.9 प्रतिशत का इजाफा हुआ। मार्च में कुल प्रसंस्कृत मात्रा में सरकार के स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम और संयुक्त उपक्रमों की हिस्सेदारी 1.61 करोड़ टन थी जबकि निजी रिफाइनरियों ने 73 लाख टन कच्चे तेल का परिशोधन किया। नवीनतम माह में भी घरेलू कच्चे तेल का परिशोधन 25 लाख टन के उत्पादन पर स्थिर था। हालांकि मार्च बीते साल मार्च की की तुलना में इस वर्ष के मार्च में कच्चे तेल का आयात 4.4 प्रतिशत गिरकर 20 अरब डॉलर हो गया।

### कीटनाशक छिड़कने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल की अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली।** कंपनियां पौधों की रक्षा के लिए अब और एक साल तक ड्रोन से कुछ खास कीटनाशकों का छिड़काव कर सकेंगी। केंद्र सरकार ने इसके लिए मिली अंतरिम मंजूरी की अवधि बढ़ा दी है। मंजूरी की अवधि 18 अप्रैल, 2024 से एक साल के लिए बढ़ाई गई है। पौधों की रक्षा के लिए ड्रोन से रसायन के छिड़काव की अन्य सभी शर्तें पूर्ववत बनी रहेंगी, जिसमें मानक परिचालन प्रक्रिया आदि शामिल है। फसलों पर कीटनाशक छिड़कने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल की मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) कुछ समय पहले जारी की गई थी, जिसमें ड्रोन उड़ाने की अनुमति, दूरी की सीमा, वजन के वर्गीकरण, भीड़ वाले इलाके संबंधी प्रतिबंध, ड्रोन के पंजीकरण, सुरक्षा बीमा, उड़ाने का प्रमाणपत्र, परिचालन योजना, विमान उड़ने के क्षेत्र, मौसम की स्थिति आदि जैसे वैधानिक प्रावधान शामिल हैं।

# फेड के निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत तक की बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों को लेकर होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 641.83 अंक अर्थात 0.9 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 73730.16 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 272.95 अंक यानी 1.23 प्रतिशत मजबूत होकर 22419.95 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई। इससे मिडकैप 1583.26 अंक अर्थात 3.95 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 41587.77 अंक हो गया। इसी तरह स्मॉलकैप 1805.5 अंक यानी 3.97 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ 47239.29 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव घटने, तेल की कीमतों में गिरावट और स्थानीय स्तर पर विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में बढ़त से पीएमआई के बेहतर प्रदर्शन से प्रेरित देश के मजबूत आर्थिक आंकड़ों ने बीते सप्ताह बाजार में तेजी को बढ़ावा दिया। हालांकि अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अप्रत्याशित गिरावट और अमेरिकी कोर पीसीई मूल्य सूचकांक में उछाल के

साप्ताहिक समीक्षा



■ सेंसेक्स 0.9 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 73730.16 अंक पर

■ निफ्टी 1.23 प्रतिशत मजबूत होकर 22419.95 अंक पर रहा

कारण पिछले कारोबारी दिन वैश्विक शेयर बाजार में गिरावट आई। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में आईटी क्षेत्र की कंपनियों के कमजोर परिणाम के कारण घरेलू बाजार का प्रदर्शन एशियाई बाजारों के मुकाबले कमजोर रहा। वहीं, परिसंपत्ति की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद और निजी बैंकों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियामक ईकोसिस्टम ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अगले सप्ताह बाजार में सुदृढ़ीकरण की उम्मीद की जा सकती है। इसके अलावा अगले सप्ताह फेड रिजर्व की ओपन मार्केट कमेटी की होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में लिये जाने वाले निर्णय और अमेरिका में गैर-कृषि क्षेत्र के रोजगार आंकड़ों पर बाजार की नजर रहेगी। साथ ही अगले सप्ताह यूको बैंक, अल्ट्रासिमको, आईओसी, अडाणी पावर, अडाणी पोर्ट्स और कोल इंडिया जैसी दिग्गज कंपनियों की 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की अंतिम तमाही के परिणाम की बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

बीते सप्ताह बाजार में चार दिन तेजी जबकि सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस गिरावट रही। निवेशकों का फोकस इजराइल-ईरान तनाव से हटकर इस सप्ताह कंपनियों के जारी होने वाले परिणाम पर शिफ्ट होने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 560.29 अंक की छलांग लगाकर 73,648.62 अंक और निफ्टी 189.40 अंक उछलकर 22,336.40 अंक पर बंद हुआ।

विदेशी बाजार के सकारात्मक रुझान की बदौलत स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, रियल्टी, टेक और यूटिलिटीज समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। इजराइल-ईरान तनाव को लेकर जारी चिंता कम होने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर धातु, कमोडिटीज, हेल्थकेयर और इंडस्ट्रियल्स समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली से बुधवार को सेंसेक्स 114.49 अंक मजबूत होकर 73,852.94 अंक और निफ्टी 34.40 अंक चढ़कर 22,402.40 अंक हो गया।

## हेल्दीफाई ने 27 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। घरेलू हेल्थटेक स्टार्टअप हेल्दीफाई (पूर्व में हेल्दीफाईमी) ने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने 27 प्रतिशत कार्यबल या लगभग 150 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। इंक42 ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में हुई नौकरी में कटौती से बिक्री और उत्पाद टीमों के कर्मचारी सबसे अधिक प्रभावित हुए।




रिपोर्ट में हेल्दीफाई के सह -संस्थापक और सीईओ तुषार वशिष्ठ के हवाले से कहा गया है कि अगले तीन-चार महीनों में, हमारा भारतीय व्यवसाय कर-पूर्व लाभ की स्थिति में होगा। यह पुनर्गठन इसे प्राप्त करने की दिशा में एक दुर्भाग्यपूर्ण, लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हमारे पास वैश्विक विस्तार के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटन हो। इसके अलावा, स्टार्टअप ने कहा कि वह प्रभावित कर्मचारियों को इस संक्रमण के दौरान मजबूत समर्थन प्रदान करेगा, जिसमें व्यापक विलगाव पैकेज, विस्तारित बीमा कवरेज और जॉब प्लेसमेंट सहायता शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार प्रभावित श्रमिकों को दो महीने का वेतन, विस्तारित बीमा कवरेज, और छुट्टियों के बदले नकद भुगतान की पेशकश की गई है। हेल्थटेक स्टार्टअप ने 2021 में एसएमई (विषय वस्तु विशेषज्ञ), गुणवत्ता विश्लेषण, उत्पाद और विपणन सहित विभिन्न टीमों से लगभग 150 कर्मचारियों को निकाला था।

## अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी, दालें महंगी

**नई दिल्ली**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में उबाल रहा तथा दालें भी महंगी हो गई जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 99 रिंगिट गिरकर 3956 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.53 सेंट उबलकर 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 513 रुपए, सोया रिफाइंड 659 रुपए और वनस्पति तेल 400 रुपए प्रति क्विंटल उबल गया जबकि मूंगफली तेल 293 रुपए और सूरजमुखी तेल 294 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12967 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12160 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8400 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मूंग दाल 350 रुपए, उड़द दाल 800 रुपए और अरहर दाल 300 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 10200-10300, उड़द दाल 11400-11500, अरहर दाल 12000-12100 रुपए प्रति क्विंटल रही।

## भारतीय युवाओं में बेरोजगारी सबसे ज्यादा : आशिमा

**नई दिल्ली**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे ज्यादा है, लेकिन यह अस्थाई है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं। गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं।

गोयल अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट पर एक सवाल का जवाब दे रही थीं। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में, भारत की कुल बेरोजगार आबादी में बेरोजगार युवाओं की हिस्सेदारी लगभग 83 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि युवा आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है इंतजार के दौरान वे अनौपचारिक काम करते हैं या उद्यमिता में जोखिम उठाते हैं, जहां बहुत अच्छा करते हैं।



कौशल हासिल करने व नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे युवा

गोयल ने बताया कि रिपोर्ट यह भी दर्शाती है कि हाल की अवधि में युवा बेरोजगारी में कमी आई है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है, न कि स्थाई सरकारी नौकरियां देकर, जो सुरक्षा प्रदान करती हैं और साथ ही ठहराव भी।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 640.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार एक अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# खेल जगत

**हर बार सुधार करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अब नतीजे तो आने ही चाहिए : टिम डेविड**

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 सीजन का अपना छठा मैच दिल्ली कैपिटल्स से 10 रन से हारने के बाद पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अगर प्लेऑफ में जगह पक्की करनी है तो उसे अपने बाकी बचे मैच जीतने होंगे। टिम डेविड ने स्वीकार किया कि हर बार सुधार करने की कड़ी कोशिश के बाद उनकी टीम के लिए अब परिणाम आने की जरूरत है। डेविड ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'जब आप बहुत सारे मैच नहीं जीत रहे हैं, तो समस्याएं आती हैं। टीम में हर खिलाड़ी बड़ा योगदान देना चाहता है, खासकर जीत में, यह हमारी टीम में हर किसी के लिए निराशा और हताशा का स्रोत है। 'कोई अतिरिक्त दबाव नहीं था, लेकिन हम निश्चित रूप से अपने आप में निराश हैं क्योंकि हम पहले रन चेज़ में ठोस शुरुआत नहीं कर सके।



## जेक फ्रेजर-मैकगर्क को पावरप्ले में रोकना केकेआर के लिए सबसे बड़ी चुनौती

**कोलकाता,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। अपने घर में लगातार दो जीत हासिल करने के बाद अब दिल्ली कैपिटल्स बाहर की चुनौती के लिए तैयार है। सोमवार को उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना उनके घर में करना है। केकेआर ने पिछले मैच में विशाल स्कोर बनाने के बावजूद हार झेली थी तो वहीं दिल्ली ने विशाल स्कोर बनाकर भी केवल 10 रन से जीत दर्ज की थी। इन दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 33 मैच खेले जा चुके हैं जिसमें से केकेआर ने 17 और दिल्ली ने 14 मैच जीते हैं। ईडन गार्डंस में खेले गए नौ में से सात मैचों में केकेआर को जीत मिली है।



- दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 33 मैच खेले जा चुके
- अब तक के मैचों में केकेआर ने 17 व दिल्ली ने 14 मैच जीते

### क्या आंद्रे रसल और रिंकू सिंह को जल्दी आना चाहिए?

केकेआर के लिए इस सीज़न आंद्रे रसल और रिंकू सिंह को अधिक गेंदों का सामना करने का मौक़ा नहीं मिल रहा है। दोनों ने मिलकर सबसे अधिक 36 गेंद आरसीबी के ख़िलाफ़ खेली थीं। 2023 में दोनों ने मिलाकर हर मैच में औसतन 34 गेंदें खेली थीं, लेकिन इस सीज़न उन्होंने औसतन 21 गेंदों का ही सामना किया है। रिंकू ने आईपीएल में जितनी भी बड़ी पारियां खेली हैं, उन सभी में वह काफ़ी पहले मैदान में आए हैं। चार अर्धशतकीय पारियों में सबसे देरी में उन्होंने 10.1 ओवर में मैदान में कदम रखा है।

### केकेआर के तेज गेंदबाजों की खूब हो रही धुनाई

इस सीजन पावरप्ले में केकेआर के तेज गेंदबाजों ने 11.25 की इकॉनमी से रन खर्च किए हैं, जो सर्वाधिक हैं। उन्होंने 27.40 प्रतिशत रन बाउंड्री से खाए हैं और यह भी सर्वाधिक है। कुल मिलाकर पावरप्ले में भी उनका रिकॉर्ड सबसे खराब रहा है। पावरप्ले में केकेआर की इकॉनमी 10.85 की रही है और उन्होंने 29.31 प्रतिशत रन बाउंड्री से बनवाए हैं। ये दोनों ही इस सीजन पावरप्ले में किसी टीम के लिए सबसे खराब हैं। केकेआर के अलावा आरसीबी और दिल्ली ने भी पावरप्ले में 10 से अधिक की इकॉनमी से रन खर्च किए हैं।

### जेक फ्रेजर-मैकगर्क से बचकर रहना

फ्रेजर-मक्गर्क ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत विध्वंसक तरीके से की है। आईपीएल 2024 में पहली 10 गेंदों में उनका स्ट्राइक-रेट 186 का रहा है जो इस साल किसी बल्लेबाज़ का तीसरा सर्वाधिक है। मैकगर्क की बल्लेबाज़ी की सबसे ख़ास बात यह है कि उन्होंने ऑफ़ साइड में अपने खेल को काफ़ी सुधारा है। बिग बैश लीग 2023-24 में मैकगर्क ने ऑफ साइड में 151 और लेग साइड में 252 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। आईपीएल में वह ऑफ साइड में 295 और लेग साइड में 271 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

## इशांत शर्मा और डेविड वॉर्नर एक और हफ्ते चोट के कारण रहेंगे बाहर

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 10 रन से जीत हासिल करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच प्रवीण आमरे ने बताया है कि इशांत शर्मा और डेविड वॉर्नर को पूरी तरह फिट होने के लिए अभी एक और सप्ताह का समय लगेगा। 12 अप्रैल को लखनऊ सुपर जॉयंट्स के खिलाफ मैच में लैप शॉट लगाने के प्रयास में वॉर्नर को उंगली में चोट लगी थी। इसके बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए मैच में वह नहीं खेले थे, लेकिन वह सनराइजर्स हैदाराबाद के खिलाफ मैदान में उतरे थे। हालांकि, हैदराबाद के ख़िलाफ़ वह केवल एक ही रन बना पाए थे। इसके बाद से वह दो मैच मिस कर चुके हैं जिसमें मुंबई के खिलाफ हुआ मैच भी शामिल है। दूसरी ओर इशांत पीठ में जकड़न की समस्या से जूझ रहे हैं। ये दोनों खिलाड़ी कोलकाता की यात्रा नहीं करेंगे, जहां पर सोमवार को दिल्ली का कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच होना है।

## विल जैक्स व विराट के तूफान में उड़ा गुजरात

**अहमदाबाद,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। विल जैक्स (नाबाद 100) और विराट कोहली (नाबाद 70) की आतिशी पारियों और उनके बीच दूसरे विकेट के लिए 166 रन की अविजित साझेदारी के बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटन्स को आईपीएल मुकाबले में रविवार को एकतरफा अंदाज 24 गेंद शेष रहते में 9 विकेट से पीट दिया। गुजरात ने साई सुदर्शन (नाबाद 84 ) और शाहरुख़ खान (58) के शानदार अर्धशतकों तथा उनके बीच तीसरे विकेट के लिए 86 रन की बेहतरीन साझेदारी की बदौलत 20 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया लेकिन आरसीबी ने 16 ओवर में 1 विकेट पर 206 बनाकर जीत अपने नाम की। आरसीबी की 10 मैचों में यह तीसरी जीत है। लेकिन अंक तालिका में वह अब भी आखिरी स्थान पर है। दूसरी तरफ गुजरात को 10 मैचों में छठी हार का सामना करना पड़ा और वह तालिका में 7वें नंबर पर है।



| विल जैक्स | | विराट कोहली | |
|---|---|---|---|
| रन | 100 | रन | 70 |
| गेंद | 41 | गेंद | 44 |
| चौके | 5 | चौके | 6 |
| छक्के | 10 | छक्के | 3 |

विल जैक्स ने आतिशी बल्लेबाजी का जबरदस्त नजारा पेश करते हुए मात्र 41 गेंदों में 5 चौके और 10 छक्के उड़ाते हुए नाबाद 100 रन ठोके जबकि विराट ने 44 गेंदों पर 6 चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 70 रन बनाए। कप्तान फाफ डुप्लिस ने 12 गेंदों में 1 चौके और तीन छक्कों की मदद से 24 रन की पारी खेली। गुजरात का कोई भी गेंदबाज इन बल्लेबाजों पर जरा सा भी प्रभाव नहीं छोड़ पाया। गुजरात के ट्रंप कार्ड माने जाने वाले राशिद खान पर 4 ओवर में 51 रन पड़े। राशिद के पारी के 16वें ओवर में विल जैक्स ने चार छक्के और एक चौका उड़ाते हुए 29 रन बटोरे। जैक्स ने राशिद की आखिरी गेंद पर छक्का मारकर टीम को जीत दिला दी है, ऑफ स्टंप के बाहर की फुल गेंद थी, उसको घुटने टेककर, खींचकर मारा स्लॉग स्वीप डीप मिडविकेट पर और अपना शतक भी पूरा किया। जैक्स को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

क्या मैच था यह! समझ ही नहीं आया कि कब ख़त्म हो गया। आरसीबी को एक आसान लक्ष्य मिला था, लेकिन वह अपने सामान्य चाल से चल रही थी। लेकिन अचानक से विल जैक्स नाम का एक तूफान आया और उन्होंने विराट कोहली का बेहतरीन साथ दिया, जिनकी उन्हें इस सीज़न ज़रूरत भी थी । आरसीबी की यह इस सीज़न तीसरी जीत है और वे अभी भी प्लेऑफ़ की दौड़ में बने हुए हैं। इससे पहले बेंगलुरु के गेंदबाजों ने अच्छी शुरुआत की थी। दो शुरुआती झटके देने के बाद गुजरात की पारी सुस्त पड़ गई थी। हालांकि बीच में शाहरुख और सुदर्शन ने मिलकर गुजरात की गति बढ़ा दी। शाहरुख के आउट होने के बाद मिलर आए और उन्होंने सुदर्शन के साथ मिलकर गुजरात की पारी को 200 के आंकड़े तक पहुंचाया। रिद्धिमान साहा के पांच और कप्तान शुभमन गिल के 16 रन बनाकर 45 रन तक पवेलियन लौट जाने के बाद सुदर्शन और शाहरुख़ ने बढ़िया साझेदारी की। सुदर्शन ने 49 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाए जबकि शाहरुख़ ने 30 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के लगाए। शाहरुख़ के आउट होने के बाद सुदर्शन का साथ देने उतरे डेविड मिलर ने 19 गेंदों में नाबाद 26 रन बनाकर गुजरात को 200 तक पहुंचाया। मिलर ने अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया।

## सीएम स्टालिन ने गुकेश को किया सम्मानित, 75 लाख रुपए का दिया इनाम



**चेन्नई,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु के सीएम एम.के. स्टालिन ने रविवार को राज्य के युवा प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश को सम्मानित किया, जो फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के युवा विजेता बने हैं और उन्हें 75 लाख रुपये का चेक, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल भी भेंट किया। इस दौरान गुकेश के पिता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रजनीकांत, माता माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. पद्मावती और राज्य के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन और अन्य भी मौजूद थे, जो सीएम के कैंप कार्यालय में आयोजित किया गया था। कनाडा में टूर्नामेंट में जाने से पहले तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को 15 लाख रुपए दिए थे। युवा शतरंज सनसनी विश्व चैम्पियनशिप में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे । टूर्नामेंट का स्थान और समय अभी तय नहीं हुआ है लेकिन यह इस साल की आखिरी महीनों में आयोजित होने वाला है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के सचिव देव पटेल पहले ही कह चुके हैं कि भारत विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए बोली लगाएगा।

## इरफान पठान ने अपनी टी20 विश्व कप टीम में कुलदीप, बिश्नोई को किया शामिल

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के लिए टीमों को अंतिम रूप देने के लिए 1 मई की समय सीमा नजदीक आ रही है, ऐसे में भारत के पूर्व गेंदबाजी ऑलराउंडर इरफान पठान ने कलाई के स्पिनरों को अपनी विश्व कप टीम में चुना है। भारतीय लाइन-अप में स्पिनर रवींद्र जडेजा के साथ शोपीस इवेंट के लिए उनकी प्लेइंग-11 में रवि बिश्नोई और कुलदीप यादव शामिल हैं। इरफ़ान ने भारतीय लाइनअप में दो उचित कलाई के स्पिनरों और दो तेज़ गेंदबाज़ों के साथ स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह के साथ पांच विकेट लेने के विकल्प लेने पर जोर दिया।

इरफ़ान ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, 'आपको पांच अच्छे गेंदबाजों की जरूरत है। यह जरूरी है। आपके पास विकेट लेने के विकल्प क्या हैं? जैसे, जब आप रवींद्र जडेजा के बारे में बात कर रहे हैं, नम्बर 8 पर बल्लेबाज और स्पिनर के रूप में खेलना, तो मैं दो को पसंद करूंगा कलाई के स्पिनर खेल रहे हैं। मैं अपनी प्लेइंग-11 में दो अच्छे कलाई के स्पिनरों विश्नोई और कुलदीप को खेलाना चाहूंगा। 'हां, हम इस समय चहल के बारे में बात कर रहे हैं, आईपीएल के प्रदर्शन और अन्य चीजों के कारण, लेकिन इसके फील्डिंग को भी न भूलें। यदि आपको फील्डिंग को संतुलित करना है, तो आपको संतुलन बनाना होगा, आप जानते हैं, जहां एक गेंदबाज विशेष क्षेत्र में गेंदबाजी कर सकता है, तो आपको उस पर भी सोचना होगा। इसलिए, मेरी टीम में, यदि 8, 9, 10, 11 नंबर पर दो स्पिनर और दो तेज गेंदबाज खेल रहे हैं और यदि दुबे और हार्दिक हैं। यशस्वी जायसवाल सहित मुझे चार ओवर दे सकते हैं, जैसा कि आप जानते हैं, वहां एक और गेंदबाज है, इसलिए मेरे पास दो उचित कलाई के स्पिनर होंगे।' 39 वर्षीय खिलाड़ी ने आगे कहा कि भारतीय टीम संभावित रूप से जडेजा को 7वें नंबर पर रख सकती है और चयनकर्ताओं को यूएसए और कैरेबियन में मेगा इवेंट के लिए टीम को अंतिम रूप देने में कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।



विश्व कप में बुमराह, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज तीन तेज गेंदबाज होंगे। युवा मयंक यादव के पास भव्य मंच पर कोई अनुभव नहीं है, अगर वह चयन पैनल में बैठे होते, तो अनुभव की ओर जाते। 'तो, अगर आप यहां देखें, तो भारतीय टीम की सबसे बड़ी समस्या तेज गेंदबाजी का संयोजन है : इरफान पठान

## मुम्बई सिटी एफसी के प्रहार से घायल एफसी गोवा पलटवार करने उतरेगी

**मुम्बई,** 28 अप्रैल (एजेंसियां) इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में दूसरे सेमीफाइनल का पहला चरण बेहद रोमांचक रहा था, जिसमें मुम्बई सिटी एफसी ने दो गोल पिछड़ने के बाद अंतिम समय में वापसी करते हुए एफसी गोवा को 3-2 से मात दी। लिहाजा, अब सभी फुटबॉल प्रेमियों की निगाहें वेस्ट कोस्ट के इन दो पावर-हाउसों के बीच सेमीफाइनल मुकाबले के दूसरे चरण पर रहेंगी, क्योंकि फाइनल में पहुंचने के लिए ये दोनों सोमवार, 29 अप्रैल, शाम 7:30 बजे (भारतीय समयानुसार) मुम्बई फुटबॉल एरेना में रोमांच को शीर्ष स्तर पर ले जाने के लिए उतरेंगे। सेमीफाइनल मुकाबले का पहला चरण बिल्कुल पलट गया, जब आइलैंडर्स ने मैच के अंतिम छह मिनटों में तीन गोल करके अविश्वसनीय जीत हासिल की। लालियानजुआला छांगटे के दो और विक्रम प्रताप सिंह के एक गोल ने गोवा की 2-0 की बढ़त पर पानी फेर दिया, जो कि गौर्स को बोरिस सिंह और ब्रैंडन फर्नांडिस के गोल से मिली थी।

**हालिया फॉर्म :**

मुम्बई सिटी एफसी अपने पिछले पांच मैचों में चार जीत से मिले आत्मविश्वास के साथ दूसरे चरण में प्रवेश करेगी। आइलैंडर्स जबरदस्त फॉर्म में हैं और उन्होंने इस सीजन में 23 मैचों में 45 गोल करके अपनी आक्रमण क्षमता दिखाई है। मजबूत रक्षात्मक रिकॉर्ड और जीत की लय के साथ, आइलैंडर्स का लक्ष्य घरेलू परिस्थिति का फायदा उठाकर फाइनल में पहुंचने का होगा।

पहले चरण में मात खाने के बावजूद एफसी गोवा ने पूरे सीजन में दमखम दिखाया है। गौर्स तालिका में तीसरे (45 अंक) स्थान पर रहे और लगातार स्कोर करके अपनी आक्रामक क्षमता दिखा रहे हैं। वे पहले चरण की अपनी हार से उबरकर दूसरे चरण में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। वे मुम्बई फुटबॉल एरेना में ऐतिहासिक तौर पर गोल करते रहे हैं और मेजबान टीम के लिए एक बड़ा खतरा होंगे।

**क्या है दांव पर:**

**मुम्बई सिटी एफसी**

मुम्बई सिटी एफसी के लिए एफसी गोवा पर अपना दबदबा बरकरार रखना अहम होगा। गौर्स के खिलाफ अपराजित सिलसिला और मजबूत रक्षात्मक रिकॉर्ड के साथ, आइलैंडर्स का इरादा अपनी घरेलू फॉर्म का फायदा उठाकर फाइनल में जगह पक्की करना होगा। आइलैंडर्स एफसी गोवा के खिलाफ अपने पिछले 11 मुकाबलों में हारे नहीं हैं, पांच मैच में क्लीन शीट बरकरार रखते हुए छह बार जीते हैं और पांच मैच ड्रा खेले हैं।

## आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में जीता रजत



**नई दिल्ली**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। आईएएस ऑफिसर सुहास लालिनाकेरे यतिराज ने स्पेन के टोलेडो में स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में रजत पदक जीता। पैरालंपिक रजत पदक विजेता सुहास पुरुष एकल एसएल4 फाइनल में फ्रांसीसी लुकास मजूर से 18-21, 6-21 से हार गए। सुहास ने एक्स पर पोस्ट किया, '23 से 27 अप्रैल तक टोलेडो, स्पेन में आयोजित स्पेनिश ओपन (लेवल 1) पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में रजत पदक जीता।' इस बीच, नितेश कुमार ने फाइनल में ओलेसन चेखव को 21-11, 21-13 से हराकर एसएल 3 श्रेणी में पुरुष एकल का खिताब जीता।

## शीर्ष तीरंदाज दीपिका ने शंघाई में जीता रजत

**शंघाई,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। शीर्ष भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने रविवार को शिखर मुकाबले में विश्व नंबर 2 कोरियाई लिम सिह-योन से हारने के बाद 2024 तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 में महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक से संतोष किया। पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय को पोडियम पर दूसरा स्थान हासिल करने के लिए शीर्ष वरीयता प्राप्त लिम के खिलाफ 0-6 (26-27, 27-29, 27-28) से हार का सामना करना पड़ा। दीपिका ने क्वार्टर फाइनल में छठे नंबर के क्वालीफायर जियोन हुनयॉन्ग जियोन को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। उन्होंने सेमीफाइनल में कोरियाई नवोदित नाम सुहयोन को हराकर लिम के साथ फाइनल में प्रवेश किया। 29 वर्षीय खिलाड़ी 2022 के अंत में मां बनने के बाद 2023 में भारतीय टीम में शामिल नहीं हो पाई थीं। इस सप्ताह अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में वापसी पर उनका शुरुआती प्रभाव न्यूनतम था, जिसमें क्वालीफाइंग में टीम जल्दी बाहर हो गई थी। हालाँकि, उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पोडियम पर दूसरा स्थान हासिल किया। दीपिका के रजत के साथ भारत ने टूर्नामेंट में अपना अभियान पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य के साथ समाप्त किया। इससे पहले दिन में, तरूणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीतकर एक उल्लेखनीय जीत हासिल की। भारत ने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ एक भी सेट गंवाए बिना 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत दर्ज की और सीजन के शुरुआती मैच में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। बाद में, अंकिता भकत और बोम्मदेवरा की रिकर्व मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ़ में मेक्सिको को 6-0 से हराकर कांस्य पदक जीता।

**भारत ने 8 पदकों के साथ अभियान समाप्त किया**



### कंपाउंड तीरंदाजी ओलंपिक में होनी चाहिए : ज्योति सुरेखा वेन्नम



**नई दिल्ली**। शंघाई विश्व कप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली स्टार कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने जोर देकर कहा कि कंपाउंड तीरंदाजी ओलंपिक में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चार साल के इस मेगा इवेंट में पदक जीतने से गौरव और बढ़ेगा। ज्योति ने शनिवार को शंघाई में महिला कंपाउंड टीम, मिश्रित टीम और व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक की हैट्रिक जीती। ऐसी उपलब्धि इससे पहले भारतीय तीरंदाजी दीपिका कुमारी ने 2021 में (रिकर्व) तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 3 पेरिस में हासिल की थी। ज्योति ने एसएआई मीडिया को बताया, 'मैं तीन स्वर्ण जीतकर खुश हूं। न केवल मेरे लिए बल्कि पूरी कंपाउंड टीम के लिए जिसने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। हम एक टीम के रूप में बेहद खुश हैं। ओलंपिक में क्योंकि हमारे पास एक बड़ा मौका है। हमने पिछले साल सांसें रोककर इंतजार किया था जब इस बात पर चर्चा हो रही थी कि इसे 2028 ओलंपिक में शामिल किया जाए या नहीं। दुर्भाग्य से, ऐसा नहीं हुआ।' 'मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से, मैं जानती हूं कि खेल की दुनिया में ओलंपिक सबसे बड़ी चीज है और वहां पदक जीतने से मेरे करियर में और गौरव बढ़ेगा। लेकिन मैं कहूंगी कि मैं जीतकर संतुष्ट हूं।' ज्योति ने कहा, 'कंपाउंड तीरंदाजी में सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक संभव हैं।'

## सार संक्षेप

### भारत ने ओलंपिक चैंपियन कोरिया को हराकर पुरुष रिकर्व टीम का स्वर्ण पदक जीता

**शंघाई**। तरूणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने यहां चल रहे विश्व कप चरण 1 में रविवार को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। भारत ने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ एक भी सेट गंवाए बिना 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत दर्ज की और सीजन के शुरुआती मैच में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। बाद में, अंकिता भक्त और बोम्मदेवरा की रिकर्व मिश्रित टीम ने मेक्सिको को हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने कांस्य पदक के प्लेऑफ़ में एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे की मैक्सिकन टीम को 6-0 से हराया। रविवार की जीत के साथ, भारत ने टूर्नामेंट में अब तक पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीता है। शनिवार को, भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने टीम स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों, महिलाओं और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। इस बीच, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने विश्व तीरंदाजी में अपना तीसरा स्वर्ण जीतने के लिए मेक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को 146(9*)-146(9) से हराकर महिला व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

### जेसन गिलेस्पी बने पाकिस्तान के टेस्ट के मुख्य कोच, कर्स्टन वनडे , टी20 के मुख्य कोच

**लाहौर**। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज़ जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तान की टेस्ट टीम का मुख्य कोच, वहीं पूर्व दक्षिण अफरीकी बल्लेबाज़ गैरी कर्स्टन को सीमित ओवर टीमों का कोच बनाया गया है। पूर्व हरफनमौला अज़हर महमूद सहायक कोच के रूप में अपनी सेवाओं को जारी रखेंगे, जिन्हें न्यूज़ीलैंड के खिलाफ सीरीज़ के लिए अस्थायी तौर पर नियुक्त किया गया था। पूर्व कोच ग्रैंट ब्रैडबर्न इस साल जनवरी में अपने पद से हट गए थे और फिर शेन वॉटसन को मुख्य कोच बनाने के लिए अप्रोच किया गया था। हालांकि बाद में बात नहीं बनी और अब लाल और सफेद गेंद की टीमों के लिए अलग-अलग कोच बनाया गया है। यह घोषणा करते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नक़वी ने कहा, 'हम मेडिकल साइंस में उतने आगे नहीं हैं, इसलिए हमारे देश में फिटनेस के मुद्दे हैं।

### वेलावन सेंथिलकुमार पेरिस में बैच ओपन स्क्वैश के फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार पेरिस में 12,000 अमेरिकी डॉलर के बैच ओपन चैलेंजर टूर इवेंट में अपने करियर के 12वें प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन फाइनल में पहुंचे। विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय ने शनिवार को सेमीफाइनल में हांगकांग के एंडीज लिंग को 22 मिनट में 11-2, 11-1, 11-6 से हराया और खिताब के लिए उनका मुकाबला फ्रांस के मेल्विल साइनिमैनिको से होगा।